


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 258 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु. 10 2079 शुक्रवार, 2 दिसंबर 2022

प्रधान संपादक - **डॉ. गिरीश कुमार संघी** हैदराबाद नगर **पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये**

## पाकिस्तान की कोयला खदान में जोरदार धमाका, नौ मजदूरों की दर्दनाक मौत

इस्लामाबाद, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक कोयला खदान में हुए गैस विस्फोट में नौ कर्मचारियों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी।

जिला पुलिस अधिकारी नजीर खान ने कहा कि बुधवार को खैबर पख्तूनख्वा के ओरकजई आदिवासी जिले में डॉली कोयला खदान में 13 श्रमिक थे, जब खदान के अंदर गैस की चिंगारी के कारण विस्फोट हुआ।

## मुंबई के टी-2 एयरपोर्ट पर सिस्टम डाउन

**मुंबई :** मुंबई के टी-2 एयरपोर्ट पर सिस्टम डाउन होने की खबरें आ रही हैं। इसके चलते हवाई सेवाएं ठप हो गई हैं और एयरपोर्ट के बोर्डिंग काउंटर पर यात्रियों की लंबी कतारें लगी हैं। यात्रियों को उनकी फ्लाइट छूटने का डर सता रहा है। हालांकि अभी तक सिस्टम डाउन होने की वजह पता नहीं चल सकी है।

## झारखंड में नक्सली मुठभेड़ में 5 जवान घायल

**सिंहभूम :** नक्सली और पुलिस के बीच पश्चिमी सिंहभूम के चाईबासा में एक ही दिन में दो बार मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड़ में 5 जवान घायल हो गए। चार जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया है। मुठभेड़ में कई नक्सली भी घायल हैं। इलाके में अब भी सर्च अभियान जारी है।

कोल्हान जंगल के सरजोमबुरु में सुरक्षा बल और नक्सलियों के बीच पहली बार मुठभेड़ सुबह के 8 बजे हुई। फिर लगभग 11 बजे नक्सलियों ने दोबारा सुरक्षा बलों पर हमला बोल दिया। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। नक्सली पीछे हटने को मजबूर हुए हैं और कई नक्सली गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

## नाबालिग से दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे में 9 साल की बच्ची से रेप के बाद गला दबाकर हत्या कर दी गई। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, मामला कल्याण इलाके का है। पुलिस ने दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

## राणा दंपती के खिलाफ जमानती वारंट

**मुंबई :** महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा का विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। बीजेपी सांसद नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा के खिलाफ जमानती वारंट जारी किया गया है। उनपर आरोप है कि सड़क पर मंच बनाकर देर रात लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा बजाया, जिसके चलते वहां सड़क जाम हो गया।

## प्रज्ञा सिंह ठाकुर और समीर कुलकर्णी ने वापस ली डिस्चार्ज याचिका

**मालेगांव :** मालेगांव ब्लास्ट मामले में आरोपी भाजपा सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर और समीर कुलकर्णी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित अपनी डिस्चार्ज याचिका वापस ले ली है। लेफ्टिनेंट कर्नल पुरोहित ने यूएपीए के तहत दोषपूर्ण मंजूरी का आरोप लगाते हुए याचिका वापस ले ली।

## 6 करोड़ की पेरिस ब्रांड की नकली सिगरेट बरामद

**प्रयागराज :** प्रयागराज में लगभग 6 करोड़ रुपये की पेरिस ब्रांड वाली नकली सिगरेट की खेप को बरामद किया गया है। पुलिस के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर थरवई थाने की पुलिस ने गारा मोड़ पर वाहनों की जांच शुरू की थी। एक ट्रक को रोका, जिसमें 29,70,000 सिगरेट मिलीं।

## पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की न्यायिक हिरासत 14 दिसंबर तक बढ़ी

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को एक बार फिर झटका लगा है। कोर्ट ने दोनों की न्यायिक हिरासत 14 दिसंबर तक बढ़ा दी है। इन्हें मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 23 जुलाई को गिरफ्तार किया गया था। ईडी को अर्पिता मुखर्जी के फ्लैट से भारी मात्रा में नकदी और गहने मिले थे।

### खड़गे के रावण वाले बयान पर पीएम मोदी का जवाब

# गाली देने के लिए रावण को निकाल लाए



अहमदाबाद, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे के रावण वाले बयान पर जवाब दिया। प्रधानमंत्री मोदी गुजरात के पंचमहाल के कलोल में रैली कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कहा, कांग्रेस में मुझे गाली देने की होड़ लगी है। जितना कीचड़ उछाला जाएगा, उतना ज्यादा ही कमल खिलेगा। गौरतलब है कि पिछले दिनों कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सूरत में एक जनसभा के दौरान पीएम मोदी की तुलना रावण से की थी।

**कोई रावण, कोई राक्षस, कोई कॉकरोच कहता है**

प्रधानमंत्री ने कहा, कांग्रेस भगवान राम के अस्तित्व और अयोध्या में बन रहे राम मंदिर पर यकीन नहीं करती है। ये लोग तो राम सेतु का भी विरोध करते हैं। लेकिन मुझे गाली देने के लिए रामायण के किरदार रावण का जिक्र जरूर करते हैं। कुछ दिन पहले कांग्रेस के ही एक नेता ने कहा कि मोदी कुत्ते की मौत मरेगा। दूसरे ने कहा था कि मोदी हिटलर की मौत मरेगा। एक और कोई बोल रहा था, अगर मुझे मौका मिला तो मैं खुद मोदी को मार डालूंगा, कोई रावण कहता है, कोई राक्षस कहता है, कोई कॉकरोच कहता है।

**रेणुका चौधरी ने समर्थन किया, बोलीं पीएम ने मुझे शूर्पणखा कहा था**

कांग्रेस सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री रेणुका चौधरी ने पीएम मोदी के पुराने बयान को लेकर सवाल पूछा है। उन्होंने कहा पीएम मोदी ने संसद में मेरी तुलना शूर्पणखा से की थी, तब मीडिया कहां था? रेणुका ने मंगलवार को एक ट्वीट करके यह बात कही।

**हैदराबाद में मोदी ने कहा था, गालियां मेरा न्यूट्रिशन बन जाती हैं**

प्रधानमंत्री मोदी 31 नवंबर को हैदराबाद के बेगमपेट एयरपोर्ट पर जनता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा था, मुझे पूछते हैं कि मोदी जी आप थकते नहीं है क्या, तो मैं उनसे कहता हूं कि भगवान ने मेरे शरीर में कुछ ऐसा मैकेनिज्म बनाया है कि गालियां प्रोसेस होकर न्यूट्रिशन बन जाती हैं। कुछ लोग निराशा और हताशा के कारण, सुबह-शाम मोदी को गालियां देते रहते हैं। पूरी डिक्शनरी उन्होंने मोदी को गाली देने के लिए खपा दी है। मेरी आपसे विनती है कि ऐसी बातों से आप परेशान नहीं होना, क्योंकि उनके पास गालियां देने के सिवाय कुछ बचा ही नहीं है।

## सिंधिया को पद और बंगला चाहिए था इसलिए चले गए : जयराम

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मध्य प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर बड़ा हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि ज्योतिरादित्य सिंधिया कैबिनेट मंत्री बनना चाहते थे और सफदरजंग स्थित 27 नंबर बंगले में रहना चाहते थे, इसलिए वे कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। यही दो कारण थे, बाकी सब बहाने थे। बता दें, सिंधिया के कांग्रेस छोड़ने के कारण ही आज कांग्रेस मध्य प्रदेश में सत्ता से बाहर है।

जयराम रमेश ने कहा कि पीएम मोदी की नीयत और नीतियों के कारण भारत के टूटने की संभावना बन गई है। जिसमें आर्थिक विषमताएं, सामाजिक धुव्रीकरण और राजनीतिक तानाशाही की वजह से भारत के टूटने की संभावना बढ़ी है। उन्होंने कहा कि इसको रोकने के कारण भारत जोड़ो यात्रा निकालन जरूरी है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा में अब तक ऐसे भी लोग शामिल हुए हैं, जिनका कांग्रेस से कोई लेनादेना नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की इस यात्रा में सभी जाति धर्म के लोग शामिल हुए। आरोप लगाया कि मध्यप्रदेश में यात्रा को दबाने की कोशिश की गई है। इंदौर में यात्रा के बैनर हटाए गए। पुलिस अफसरों से बहस हुई। इसके बाद भी यात्रा सफल रही।

जयराम रमेश ने कहा कि चार दिसंबर को भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में प्रवेश करेगी। 19 दिसंबर को अलवर में बड़ी सभा होगी। 24 दिसंबर को यात्रा दिल्ली पहुंचेगी।

वहां चार-पांच दिन का विश्राम होगा। यात्रा में चल रहे कंटेनरों का रखरखाव किया जाएगा। उसके बाद भारत जोडो यात्रा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब होते हुए श्रीनगर पहुंचेगी। कोशिश है कि राहुल गांधी 26 जनवरी को श्रीनगर में तिरंगा फहराए।

### विधायकों की खरीद-फरोख्त का मामला

# तेलंगाना हाईकोर्ट ने तीनों आरोपियों को दी जमानत

## तीन लाख निजी मुचलका भरने का आदेश



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना उच्च न्यायालय ने गुरुवार को विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में तीनों आरोपियों को जमानत दे दी। रामचंद्र भारती, नंद कुमार और डीपीएसकेवी सिंहयाजी को अदालत ने सशर्त जमानत दी। न्यायमूर्ति बी सुमलता ने आरोपियों को तीन लाख रुपये का निजी मुचलका और दो-दो जमानतदार देने का निर्देश दिया। अदालत ने उन्हें हर सोमवार को एसआईटी के सामने पेश होने का भी निर्देश दिया है। बता दें कि पिछले महीने 24 नवंबर को, सुप्रीम कोर्ट ने तेलंगाना उच्च न्यायालय के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें एसआईटी को कथित टीआरएस विधायकों की खरीद-फरोख्त के मामले में जांच आगे बढ़ाने और किसी भी प्राधिकरण के समक्ष रिपोर्ट नहीं करने के लिए विभिन्न निर्देश जारी किए गए थे, चाहे वह राजनीतिक या कार्यकारी हो।

**विधायकों की खरीद-फरोख्त मामले में तीन आरोपियों को किया गया था गिरफ्तार**

बता दें कि टीआरएस विधायकों में से एक पायलट रोहित रेड्डी की शिकायत के आधार पर, 26 अक्टूबर की रात को तीन आरोपियों- रामचंद्र भारती, कोरे नंदकुमार और सिम्हायाजी स्वामी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामले दर्ज किए गए थे। केसीआर की पार्टी के विधायकों ने आरोप लगाया था कि हमें दल बदलने के लिए रिश्वत देने का प्रयास किया गया। कहा जा रहा है कि तेलंगाना राष्ट्र समिति के चार विधायकों से 100 करोड़ से ज्यादा की रिश्वत की पेशकश की गई थी।

## गुजरात विधानसभा चुनाव का पहला चरण मतदान खत्म, 60.2 प्रतिशत से ज्यादा वोटिंग

गांधीनगर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। चुनाव आयोग के अनुसार गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के पहले चरण में शाम तक 60.2 प्रतिशत मतदान हुआ। डांग, तापी और नर्मदा के आदिवासी क्षेत्रों में शहरी क्षेत्रों या अन्य जिलों की तुलना में उत्साहजनक प्रतिक्रिया दर्ज करने के साथ विभिन्न स्थानों पर मतदान तेज से मध्यम था।

तापी जिले में सबसे अधिक 46.35 प्रतिशत मतदान हुआ, उसके बाद डांग जिले (46.22 प्रतिशत), नर्मदा (45.13 प्रतिशत) का स्थान रहा। सबसे कम मतदान पोरबंदर (30 प्रतिशत), जामनगर (30.54 प्रतिशत), जूनागढ़ (32.96 प्रतिशत), राजकोट (32.88 प्रतिशत) और सूरत में 33.10 प्रतिशत दर्ज किया गया।

गुजरात के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने एक बयान में कहा कि कुल 26,269 मतपत्र इकाइयों में से 0.1 प्रतिशत मतपत्र इकाइयों, यानी 31 मतपत्रों को बदल दिया गया था। वहीं, 25,430 कंट्रोल यूनिट में से 29 कंट्रोल यूनिट को दोपहर 1 बजे तक मशीनों में खराबी की शिकायत के बाद बदल दिया गया।

# सुनंदा पुष्कर डेथ केस में थरूर को नोटिस

### पटियाला हाउस कोर्ट से रिहाई के खिलाफ दिल्ली पुलिस हाईकोर्ट पहुंची, 7 फरवरी को होगी सुनवाई



नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर को पत्नी सुनंदा पुष्कर की मौत के मामले में क्लीन चिट मिली थी। इसके खिलाफ दिल्ली पुलिस ने हाईकोर्ट का रुख किया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पटियाला हाउस कोर्ट ने पिछले साल अगस्त में थरूर को बरी कर दिया था। इसी फैसले के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने याचिका दायर की है। साथ ही दिल्ली हाईकोर्ट ने थरूर को नोटिस जारी किया है। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तारीख 7 फरवरी 2023 को तय की है।

वहीं थरूर के वकील विकास पावा ने हाईकोर्ट से मामले से संबधित रिकॉर्ड किसी से भी साझा नहीं किए जाने का आदेश देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। वहीं कोर्ट ने कहा कि रिकॉर्ड किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ साझा नहीं किए जाएंगे, जो मामले से जुड़े हुए नहीं हैं।

सुनंदा पुष्कर की मौत 17 जुलाई 2014 को दिल्ली के फाइव स्टार होटल में हुई थी। उनकी लाश होटल के रूम में बेड पर पड़ी मिली थी। लंबी पड़ताल के बाद दिल्ली पुलिस ने उनके पति शशि थरूर के खिलाफ आईपीसी 498ए (पति या उसके रिश्तेदार द्वारा महिला के साथ क्रूरता) और 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) के तहत केस दर्ज किया था।

जब कोर्ट ने फैसला सुनाया था तब थरूर ने कोर्ट को धन्यवाद कहा था। उन्होंने कहा था कि मैं पिछले 7 साल से दर्द और यातनाएं झेल रहा था। स्पेशल जज गीतांजलि गोयल ने फैसला सुनाते हुए केस को रद्द कर दिया था। थरूर की तरफ से वकील विकास पहवा कोर्ट में हाजिर हुए थे। इसमें थरूर भी शामिल हुए। कोर्ट ने 12 अप्रैल को अपना फैसला रिजर्व कर लिया था।

**थरूर का बयान, मुझे न्यायपालिका पर भरोसा था**

कोर्ट का फैसला आने के बाद थरूर मे कहा था कि दिल्ली पुलिस ने मेरे खिलाफ जो केस दर्ज किया था, उससे बरी करने के लिए मैं जज गीतांजलि गोयल का शुक्रिया अदा करता हूं। मैं पहले से कहता आया हूं के आरोप बेबुनियाद हैं। सुनंदा की मौत के बाद मेरे खिलाफ केस दर्ज होना बुरे सपने की तरह था, जो आब बीत गया है।

## सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर ईडी से मांगा जवाब

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद आप मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने ईडी को दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया और मामले को 20 दिसंबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है। ईडी द्वारा दायर कथित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जमानत देने से इनकार करने के ट्रायल कोर्ट के आदेश को चुनौती देते हुए मंगलवार को जैन ने हाईकोर्ट का रुख किया था। इससे पहले 17 नवंबर को विशेष न्यायाधीश विकास ढुल ने उनकी जमानत नामंजूर कर दी थी और वह फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं।

ईडी ने 27 जुलाई को मामले के सिलसिले में उनके और अन्य के खिलाफ एक अदालत के समक्ष आरोप पत्र दायर किया था। यह आरोप लगाया गया था कि जैन ने 14 फरवरी, 2015 से 31 मई, 2017 की अवधि के दौरान दिल्ली सरकार में मंत्री के पद पर रहते हुए, अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की थी।

# तेलंगाना के सरकारी अस्पताल में पहली बार ट्रांसजेंडर डॉक्टर्स

### एक को निजी अस्पताल ने ट्रांसजेडर होने के चलते जॉब से निकाला था



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना में दो ट्रांसजेंडर्स को सरकार ने गवर्नमेंट हॉस्पिटल में अपॉइंट किया है। यह पहला मौका है जब देश में आधिकारिक तौर पर ट्रांसजेंडर डॉक्टर गवर्नमेंट सर्विस में रखे गए हैं। इन दोनों का नाम प्राची राठौड़ और रूथ जॉन पॉल है। इन्हें तेलंगाना के सरकारी उस्मानिया जनरल अस्पताल (ओजीएच) में चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्यभार दिया गया है।

प्राची राठौड़ को ट्रांसजेंडर होने के कारण जॉब से निकाल दिया गया था। प्राची ने हैदराबाद के एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में 3 साल तक काम किया। उन्होंने बताया कि बचपन से ही सामाजिक कलंक और भेदभाव को सहना पड़ा था। प्राची ने आदिलाबाद के एक मेडिकल कॉलेज से 2015 में एमबीबीएस पूरा किया।

पोस्ट ग्रेजुएशन करने के लिए दिल्ली गईं, लेकिन माहौल सही न होने के कारण उन्हें हैदराबाद लौटना पड़ा। यहीं उन्होंने इमरजेंसी मेडिसिन में डिप्लोमा भी किया।


प्राची को नौकरी से केवल इसलिए निकाल दिया गया क्योंकि अस्पताल को लगा कि इससे मरीजों को दिक्कत हो सकती है, वे आना छोड़ देंगे।

इस घटना के बाद एक एनजीओ प्राची के बचाव में आया। एनजीओ ने उन्हें अपने क्लिनिक में काम दिया। यहीं से उन्होंने ओजीएच में नौकरी हासिल की।

प्राची राठौड़ हमेशा डॉक्टर बनने का सपना देखती थीं, लेकिन स्कूल में उन्हें चिंता थी कि बाकी स्टूडेंट्स के उत्पीड़न और बदमाशी से कैसे बचें। इस मुकाम पर पहुंचने के बाद अब प्राची ट्रांसजेंडरों के लिए नौकरी और शिक्षा में आरक्षण दिलाने की दिशा में काम करेंगी।

केरल के त्रिशूर की रहने वाली डॉ. प्रिया सीताराम आयुर्वेदिक हॉस्पिटल में कंसल्टेंट फिजीशियन हैं। करीब 30 साल तक परिवार की अपेक्षाओं को पूरा करने और दुनिया से अपनी पहचान छुपाने के बाद उन्होंने साल 2018 में एक बड़ा फैसला लिया। प्रिया ने हॉर्मोन थेरेपी और सर्जरी की मदद से अपना जेंडर बदलने की प्रक्रिया शुरू की। बड़ी बात यह है कि इसमें न केवल उनके माता-पिता, बल्कि सहकर्मियों और मरीजों ने भी साथ दिया।

## जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल हैक जांच में जुटी एजेंसियां



नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय का ट्विटर हैंडल गुरुवार सुबह हैक हो गया। इसके बाद से ही सिक्योरिटी एजेंसी और साइबर एक्सपर्ट जांच में जुट गए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब अकाउंट को रिस्टोर कर लिया गया है। पिछले हफ्ते दिल्ली एम्स का सर्वर हैक होने के बाद किसी सरकारी साइट पर यह दूसरा बड़ा साइबर अटैक है।

मंत्रालय के ट्विटर हैंड से मंगलवार सुबह 5:38 बजे क्रिप्टो वॉलेट सुई वॉलेट को बढ़ावा देने वाला एक ट्वीट किया गया। सुई का लोगो और नाम दिखाने के लिए कवर फोटो के साथ अकाउंट की प्रोफाइल फोटो को तिरंगे से सुई के लोगो में भी बदल दिया गया था।

ट्वीट में कई अज्ञात खातों को भी टैग किया गया था। हालांकि, कुछ समय बाद अकाउंट को रिस्टोर कर लिया गया और सारे ट्वीट डिलीट कर दिए गए। सुरक्षा एजेंसियां और साइबर एक्सपर्ट इस घटना की जांच कर रहे हैं।

9 दिन पहले 23 नवंबर को दिल्ली एम्स के सर्वर पर साइबर अटैक हुआ था।

इस दौरान हैकर्स ने क्रिप्टोकरेंसी में कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये की मांग की, हालांकि दिल्ली पुलिस ने किसी भी फिरौती से इनकार कर दिया।

# भारतीय जवान गलती से पाकिस्तान पहुंचा

### बीएसएफ अफसरों ने पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ मीटिंग की तब उन्होंने जवान को लौटाया

अमृतसर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब में भारत-पाकिस्तान इंटरनेशनल बॉर्डर पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) का एक जवान गुरुवार सुबह करीब 6:30 बजे गलती से जीरो लाइन पार कर पाकिस्तानी इलाके में पहुंच गया। घने कोहरे के कारण जवान से यह गलती हो गई। पाकिस्तानी एरिया में पहुंचते ही इस जवान को पाक रेंजर्स ने गिरफ्तार कर लिया।

लापता हुआ जवान बीएसएफ की 66 बटालियन से है। जैसे ही उसके बॉर्डर पार करने की सूचना मिली आला अधिकारी हरकत में आ गए। आनन-फानन में पाकिस्तानी रेंजर्स के सीनियर अधिकारियों से संपर्क किया गया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि कर दी कि बीएसएफ जवान उनके कब्जे में है। इसके बाद बीएसएफ अधिकारियों ने पाक रेंजर्स के साथ फ्लैग मीटिंग कॉल करके जवान को रिलीज करने के लिए कहा। शुरूआती ना-नुकर के बाद पाक रेंजर्स बीएसएफ जवान को छोड़ने के लिए तैयार हो गए। यह पूरी घटना पंजाब में बीएसएफ के फिरोजपुर सेक्टर के अबोहर एरिया की है।

गुरुवार सुबह बीएसएफ के जवान अबोहर एरिया में भारत-पाक बॉर्डर पर फेंसिंग के पार पड़ते भारतीय इलाके में रूटीन की तरह सर्च कर रहे थे। यहां धुंध इतनी ज्यादा थी कि एक जवान जीरो लाइन क्रॉस कर गया। धुंध के कारण बाकी जवानों को भी 3 घंटे तक पता नहीं चला कि उनका एक साथी गायब है। सुबह 9.30 बजे बॉर्डर पर गश्त करने गए जवान जब लौटे तो उनकी हाजिरी ली गई। इस दौरान एक जवान कम निकला। जब इधर-उधर पता करने के बाद भी जवान का कुछ पता नहीं चला तो बटालियन में हलचल मच गई।

आनन-फानन में पूरे एरिया में सर्च शुरू की गई, लेकिन जवान का कुछ पता नहीं चला। इसके बाद जब पाकिस्तानी रेंजर्स से संपर्क किया गया तो उन्होंने जवान के उनकी कस्टडी में होने की पुष्टि की। पाकिस्तानी रेंजर्स की ओर से बताया गया कि इस जवान को इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि वह इंटरनेशनल बॉर्डर लांघकर उनके एरिया में पहुंच गया था।

# स्वरा भास्कर भी भारत जोड़ो यात्रा का बनीं हिस्सा



नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पार्टी और संगठन को मजबूत बनाने और अगले आम चुनाव से पहले अपनी जड़ें और मजबूत करने के मकसद से भारत जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बॉलीवुड का साथ भी समय-समय पर मिल रहा है। पूजा भट्ट और रिया सेन के बाद अब बॉलीवुड एक्ट्रेस स्वरा भास्कर भी राहुल गांधी के कदम से कदम मिलाती नजर आ रही हैं। इस दौरान का वीडियो कांग्रेस की ओर से सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। स्वरा भास्कर का राहुल गांधी के साथ यह वीडियो सोशल मीडिया पर खूब देखा जा रहा है।

विटर पर आईएनसी इंडिया की ओर से जारी किए गए वीडियो में राहुल गांधी के साथ स्वरा भास्कर नजर आ रही हैं। राहुल गांधी के इस यात्रा के कुल 82 दिन पूरे हो चुके हैं। 83वें दिन स्वरा ने भी इस यात्रा को जॉइन किया। स्वरा भास्कर मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले में राहुल गांधी के साथ इस यात्रा में जुड़ीं।

## विझिंजम हमला शांति भंग करने के इरादे से किया गया

### सीएम विजयन बोले- पुलिस ने भांप लिया खतरा



त्रिशूर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। केरल के विझिंजम में बंदरगाह विरोधी आंदोलन के दौरान हिंसा का सीएम पिनराई विजयन ने कड़ा विरोध किया है। विजयन ने कहा कि हिंसक आंदोलन शांति भंग करने की स्पष्ट साजिश था। सीएम विजयन ने त्रिशूर में महिला पुलिस कांस्टेबलों की नई बैच की परेड को ऑनलाइन संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि विझिंजम में पुलिस के खिलाफ बड़े पैमाने पर हमले हुए। थाने पर हमला की धमकी दी गई, लेकिन पुलिस ने हमलावरों के इरादे को भांप लिया था।

# राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी

## तय करेंगी हिमाचल में कांग्रेस का मुख्यमंत्री चेहरा

शिमला, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर मुख्यमंत्री के चेहरे का फैसला प्रियंका गांधी लेंगी। पार्टी नेतृत्व ने राष्ट्रीय महासचिव को यह बड़ा फैसला लेने की जिम्मेवारी सौंप दी है। प्रियंका की रिपोर्ट के आधार पर हाईकमान मुख्यमंत्री को लेकर घोषणा करेगा। विधानसभा चुनाव के दौरान प्रियंका गांधी ने राजधानी शिमला से सटे छरावड़ा स्थित अपने घर से ही चुनाव प्रचार की कमान संभाली थी। चुनाव प्रचार के दौरान शिमला से ही प्रियंका गांधी प्रदेश में परिवर्तन प्रतिज्ञा रैलियां करने गईं। प्रदेश के सभी कांग्रेस नेताओं की कमियों और खूबियों से भी प्रियंका गांधी वाकिफ हैं। प्रदेश कांग्रेस में प्रियंका गांधी के कई गुप्त सूत्र भी हैं।

इनसे उन्होंने लगातार चुनाव प्रचार के दौरान फीडबैक ली। कांग्रेस प्रत्याशियों के नाम तय करने के लिए पार्टी की तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी प्रियंका के शिमला स्थित घर से ही केंद्रीय चुनाव कमेटी की ऑनलाइन बैठक ली थी। पार्टी नेता बताते हैं कि प्रत्याशियों



के नाम तय करने में भी प्रियंका गांधी की अहम भूमिका रही है। ऐसे में कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में स्पष्ट बहुमत मिलने की स्थिति में विधायकों की बैठक के बाद हाईकमान प्रियंका गांधी की रिपोर्ट के बाद ही मुख्यमंत्री के चेहरे को फाइनल करेगा। प्रियंका की हिमाचल में हुई रैलियों में भी प्रदेश कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं ने भीड़ जुटाकर अपना शक्ति प्रदर्शन किया है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद भी कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली जाकर प्रियंका गांधी से मुलाकात के लिए समय मांगा था। हालांकि, भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने के लिए प्रियंका गांधी को उस दौरान मध्य प्रदेश जाना पड़ा था। इस कारण प्रियंका गांधी की प्रतिभा सिंह, सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कौल सिंह और हर्षवर्द्धन चौहान से मुलाकात नहीं हो सकी थी।

**डाक मत पत्रों की वापसी सुनिश्चित करे आयोग : प्रतिभा**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सांसद प्रतिभा सिंह ने राज्य चुनाव आयोग से सभी डाक मत पत्रों की वापसी सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। उन्होंने आयोग से सभी चुनाव रिटर्निंग अधिकारियों से इस कार्य में तुरंत तेजी लाने के निर्देश देने को भी कहा है। प्रतिभा सिंह ने बुधवार को प्रदेश के मुख्य चुनाव अधिकारी मनीष गर्ग से दूरभाष पर डाक मत पत्रों की वापसी की धीमी गति पर चिंता व्यक्त करते हुए इस कार्य में तेजी लाने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि मुझे जानकारी मिली है कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात कुछ कर्मचारियों को डाक मत पत्र जारी होने के बावजूद संबंधित कर्मचारी को प्राप्त नहीं हुए। यह मतपत्र कहा गायब हो गए हैं, इसकी पूरी जांच की जानी चाहिए। डाक मतपत्रों के साथ किसी भी प्रकार से कोई छेड़छाड़ न हो, यह भी पूरी तरह सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्हें यह भी जानकारी मिल रही है कि भाजपा के कुछ नेताओं ने रिटर्निंग अधिकारियों पर सत्ता का दबाव बना कर उनसे डाक मतदाताओं की सूचियां प्राप्त कर उन मतदाताओं को भाजपा के पक्ष में मतदान करने को कहा जा रहा है। यही कारण है कि कर्मचारी अपना मतदान करने में कोई रुचि नहीं ले रहे हैं। मतदाताओं पर सत्ता का किसी भी प्रकार का दबाव लोकतंत्र की हत्या है।

## नरोत्तम का राहुल पर बड़ा हमला

### बोले स्वरा भास्कर कन्हैया के शामिल होने से भारत तोड़ो यात्रा दिख रही



भोपाल, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के मध्य प्रदेश में दाखिल होने के बाद से बीजेपी लगातार हमलावर है। गुरुवार को राहुल गांधी की यात्रा में बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर शामिल हुई। इस पर गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने राहुल गांधी पर बड़ा हमला बोला है। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने एक बयान जारी कर कहा कि राहुल गांधी पर भारत जोड़ो यात्रा में टुकड़े टुकड़े गैंग के शामिल होने पर हमला बोला है। गृहमंत्री ने राहुल गांधी को संबोधित करते हुए कहा कि ऋचा चड्ढा का भारतीय सेना के खिलाफ बयान आया है। उन्हें शक्ति स्वरा भास्कर दे रही थी, जो आज आपके साथ यात्रा में शामिल हुई है। मिश्रा ने कहा कि यह वहीं स्वरा भास्कर है, जो सेना के मॉब लिचिंग, हॉरर किलिंग, पाकिस्तान के समर्थन में तारीफ के कसीदे गढ़ती थी। मिश्रा ने कहा कि जब हम सच्चाई बयान करते है तो उसको आप राजनीति कह देते है, लेकिन क्या यह वास्तविकता नहीं है। कन्हैया कुमार, स्वरा भास्कर और पाकिस्तान को जिंदाबाद कहने वाली बच्ची आपकी यात्रा में यह सब टुकड़े टुकड़े गैंग के लोग, उस मानसिकता के लोग और राष्ट्र के विरोधी लोगों को समर्थन करने वाले लोग है। यह सब आपकी यात्रा में शामिल है। यह यात्रा भारत जोड़ो की जगह भारत तोड़ो को समर्थन करती यात्रा नहीं दिख रही।

# दिल्ली: जज का एमएमएस वायरल

## दिल्ली एचसी ने जस्टिस को किया बर्खास्त, सरकार को वीडियो ब्लॉक करने का आदेश

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। राउज एवेन्यू कोर्ट के एक एडिशनल सेशन जज का महिला स्टेनोग्राफर के साथ आपत्तिजनक वीडियो सामने आने पर न्यायपालिका सवालों के घेरे में आ गई है. इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए दोनों (जज और महिला स्टेनोग्राफर) को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया. साथ ही सरकार से इस वीडियो को सोशल मीडिया पर ब्लॉक करने का आदेश दिया है. हाईकोर्ट ने वीडियो पर स्वतः संज्ञान लेते हुए ये आदेश सुनाया है. ये वीडियो राउज एवेन्यू कोर्ट के एक जज का है. वीडियो में आरोपी जज अपने केबिन में एक महिला के साथ आपत्तिजनक





हालत में दिख रहा है. यह महिला उसके स्टाफ में काम करने वाली बताई गई है. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक वीडियो में नजर आ रही महिला जज की स्टेनोग्राफर है.

**वीडियो को ब्लॉक करने का आदेश**

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा ने आदेश जारी करते हुए कहा कि वीडियो से व्यक्तियों के निजता के अधिकार की अपूरणीय क्षति होने की संभावना है. इसलिए इसे फैलने से रोका जाए. अदालत ने आरोपी जज और महिला स्टेनोग्राफर को भी सस्पेंड कर दिया है. अदालत ने इस वीडियो की जांच करने के लिए एक कमेटी का गठन भी किया है. जज के चैम्बर में ही वीडियों कैसे बना इसकी भी जांच की जाएगी.

**दिल्ली एचसी ने वीडियो पर स्वतः संज्ञान लिया**

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कोर्ट परिसर में जज और महिला स्टेनोग्राफर के बीच इस तरह की हरकतों की चर्चा बहुत पहले से चल रही थीं. शक है कि अदालत में काम करने वाले स्टाफ ने ही सीसीटीवी फुटेज से वीडियो रिकॉर्ड कर लिया और उसे वायरल कर दिया. वीडियो के वायरल होने के बाद ही वकीलों ने जांच की मांग की थी. वीडियो को किसी ने मुख्य न्यायाधीश के सुपुर्द किया और उन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए स्वयं संज्ञान लेते हुए यह कार्रवाई की है.

**महिला ने वीडियो को फर्जी बताया**

वीडियो में नजर आ रही महिला ने इस वीडियो को फेक बताया है. महिला ने वीडियो को वायरल होने से रोकने की याचिका भी दायर की है. हाईकोर्ट ने महिला के खिलाफ भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं. मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जा रही है.

## बाल यौन शोषण के ऑनलाइन प्रसार के खिलाफ सीबीआई छापे

**दिल्ली-तिरुचिरापल्ली में कार्रवाई**

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बाल यौन शोषण से संबंधित सामग्री (सीएसएएम) के ऑनलाइन प्रसार के मामले में सीबीआई ने आज छापे मारे। सीबीआई की टीमें दिल्ली और केरल के तिरुचिरापल्ली में एक साथ कार्रवाई कर रही है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल द्वारा मुहैया कराए गए इनपुट के आधार पर बाल यौन शोषण सामग्री के प्रसार से जुड़े दो अलग-अलग मामले दर्ज किए हैं। सीबीआई अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने आज सुबह कार्रवाई शुरू की।

## नवंबर में सुरक्षाबलों ने 9 आतंकी किए ढेर

### दो प्रवासी मजदूर बनाए गए निशाना

श्रीनगर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर में इस साल नवंबर में तीन घुसपैठियों समेत नौ आतंकी सुरक्षा बलों ने मार गिराए हैं। इस महीने चार मुठभेड़ों में चार स्थानीय और दो पाकिस्तानी दहशतगर्दों का सफाया किया गया। अनंतनाग जिले के सेमथन बिजबिहाड़ा में हुई मुठभेड़ में लाडरमुंड का आतंकी शाकिर अहमद मारा गया। काकापोरा पुलवामा का मुख्तयार भट, कोइल पुलवामा का सकलैन मुश्ताक और एक पाकिस्तानी आतंकवादी अली मुब्बसिर पुलवामा जिले के खंडीपोरा-अवंतीपोरा इलाके में मुठभेड़ के दौरान मारे गए। इसके अलावा कुलगाम का एक आतंकी मददगार सज्जाद तांत्रे, जो गैर स्थानीय श्रमिकों पर हमले में शामिल था, चेक डूडो बिजबिहाड़ा इलाके में मुठभेड़ के दौरान मारा गया। शोपियां जिले के कापरन में हुई मुठभेड़ में पाकिस्तानी आतंकवादी कामरान भाई को ढेर कर दिया गया। वहीं, जम्मू संभाग के पुंछ सेक्टर, राजौरी के नौशेरा सेक्टर के कलाल इलाके और अरीना सेक्टर में तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन घुसपैठिए मार गिराए गए। नवंबर में आतंकियों ने दो हमले कर दो गैर स्थानीय श्रमिकों की हत्या कर दी। अनंतनाग जिले के बोंडियालगाम क्षेत्र में आतंकवादियों की गोलीबारी में नेपाल के गमन सिंह (42) की जान चली गई। जबकि बिहार का एक अन्य श्रमिक घायल हो गया। एक अन्य हमले में अनंतनाग के रख-ए-मोमिन इलाके में आतंकवादियों ने गोरखपुर (यूपी) के निवासी मजदूर छोटा प्रसाद और गोविंद कुमार घायल कर दिए।

## दिल्ली एम्स: हैक सर्वर को जांच के लिए भेजा गया सीएफएसएल

**अभी तक नहीं चल सका हैकिंग के सोर्स का पता**

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। दिल्ली एम्स के सर्वर हैक मामले में पुलिस ने बताया कि जिस सर्वर को हैक किया गया था उसे जांच के लिए सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लैब (सीएफएसएल ) भेजा गया है। सीएफएसएल की दिल्ली और अहमदाबाद की टीमें इसकी जांच कर रही हैं। अभी तक हैकिंग के सोर्स का पता नहीं चला है। सर्वर ठप होने के कारण सभी काम मैनुअल किए गए। पिछले बुधवार को हुए साइबर अटैक में 3-4 करोड़ मरीजों का डाटा खतरे में होने की आशंका है। भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन), दिल्ली पुलिस और गृह मंत्रालय के प्रतिनिधि जांच कर रहे हैं। दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस फ्यूजन एंड स्ट्रैटेजिक ऑपरेशंस इकाई ने 25 नवंबर को जबरन वसूली और साइबर आतंकवाद का मामला दर्ज किया था।

## बंगाल: दक्षिण 24 परगना में घर से भारी मात्रा में बारूद और सॉकेट बम बरामद

कोलकाता, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के काशीपुर इलाके में एक घर से आज बड़ी मात्रा में बारूद, सॉकेट बम और आग्नेयास्त्र बरामद किए गए हैं। अधिकारियों ने इस घटना की जानकारी देते हुए कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने रात छापेमारी की। इस दौरान घर के मालिक और उसके बेटे दो लोगों को गिरफ्तार किया।

**15 किलो गन पाउडर, पांच सॉकेट बम, एक कारतूस समेत कई विस्फोटक पदार्थ बरामद**

काशीपुर पुलिस स्टेशन के नातापुकुर इलाके में नबीरुल मोल्ला के घर से हमने 15 किलो गन पाउडर, पांच सॉकेट बम, एक कारतूस, एक सिंगल बैरल गन, सॉकेट बम बनाने के लिए धातु के 17 खाली कंटेनर, एक सेमी-फिनिश्ड गन जब्त की है। अधिकारी ने कहा। मोल्ला और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया।

## नार्को टेस्ट में आफताब ने कबूला, गुस्से में आकर कर दी थी श्रद्धा की हत्या



नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। श्रद्धा मर्डर केस में आरोपी आफताब पूनावाला ने नॉर्को टेस्ट में हत्या की बात कुबूल कर ली है. अस्पताल के सूत्रों ने बताया कि 2 घंटे तक चले नार्को टेस्ट में आरोपी ने माना है कि उसने ही अपनी पार्टनर श्रद्धा वॉकर की हत्या की. आफताब ने ये भी माना है कि उसने ये सब गुस्से में किया. बता दें कि इससे पहले दिल्ली पुलिस के मुताबिक, पॉलीग्राफ टेस्ट में भी आफताब ने अपना जुर्म कुबूल किया था. आफताब का पॉलीग्राफ टेस्ट पूरा हो गया है, जिसकी फाइनल रिपोर्ट तैयार की जा रही है. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पूछताछ के दौरान आफताब ने कबूल किया है कि उसी ने श्रद्धा की हत्या की. साथ ही यह भी कहा कि उसको श्रद्धा की हत्या का कोई अफसोस नहीं है.

**आफताब का मोबाइल फोन बरामद**

आफताब ने श्रद्धा की हत्या के बाद अपना मोबाइल फोन ओएलएक्स पर बेच दिया था. पुलिस ने उसे बरामद कर लिया है. दिल्ली के एक युवक ने ही इस मोबाइल को ओएलएक्स पर खरीदा था. युवक ने बताया कि आफताब ने उसे मोबाइल फॉर्मेट करके दिया था. इसके बाद उसने भी इस मोबाइल को फॉर्मेट कर दिया था. मोबाइल को सीलबंद कर महरौली थाने में रखा हुआ है. जल्द ही मोबाइल को फोरेंसिक जांच के लिए भेजा जाएगा. हालांकि, फोन कई बार फॉर्मेट हो गया है. ऐसे में फोन से डिलीट हुई बातों का पता लगाना मुश्किल है. आफताब ने सिम भी नया लिया था. उसने पुराने नंबर का ही नया सिम लिया था. पुलिस अधिकारियों के अनुसार बंबल डेटिंग एप की शुरुआती रिपोर्ट पुलिस को मिल गई है.

**पेशे से साइकेट्रिस्ट है आफताब की नई गर्लफ्रेंड**

रिपोर्ट्स के मुताबिक पुलिस की जांच में सामने आया कि श्रद्धा के मर्डर के 12 दिन बाद 30 मई को आफताब नई गर्लफ्रेंड के कॉन्टैक्ट में आया. आफताब की नई पार्टनर एक साइकेट्रिस्ट है. उसने पुलिस को बताया कि वह अक्टूबर में दो बार आफताब के घर गई थी, लेकिन उसे कभी महसूस नहीं हुआ कि इस घर में किसी का मर्डर हुआ है या यहां किसी इंसानी शरीर के टुकड़े रखे हुए थे.

## खुर्दा में खड़े ट्रक से कार की भीषण टक्कर, मौके पर ही चार लोगों की दर्दनाक मौत

भुवनेश्वर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ओडिशा के खुर्दा जिले में गुरुवार को राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर सड़क के किनारे खड़े एक खड़े ट्रक से एक कार के टकरा जाने से दो महिलाओं सहित कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। हादसा बड़ापोखरी इलाके में दिन के समय हुआ जब मृतक आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम से पुरी जा रहे थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि कार में सवार सभी चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, उन्होंने कहा कि मृतकों की उम्र 25-35 साल के बीच थी।

## 'वोट देना था, इसलिए बदल दिया शादी का समय', मतदान के लिए युवक ने महाराष्ट्र में टाला विवाह



अहमदाबाद, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात चुनाव में मतदान का खुमार लोगों के सिर चढ़कर बोल रहा है। केंद्र और राज्य सरकार में मंत्रियों के साथ-साथ सिलेब्रिटीज और आम आदमी भी वोटिंग में बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। इस बीच तापी के एक मतदान केंद्र में अनोखा नजारा देखने को मिला। यहां एक शख्स शादी की शेरवानी पहनकर वोट देने पहुंच गया। यूं तो चुनाव के दौरान पहले भी ऐसे कई नजारे देखे गए हैं। लेकिन यह युवक अपनी शादी के ऊपर मतदान को तवज्जो देते हुए वोट डालने पहुंचा। मतदान के लिए ऐसी उत्सुकता दिखाने वाले शख्स का नाम प्रफुल्लभाई मोरे बताया गया है।

वे अपनी शादी का समय तय होने के बावजूद वोट डालने के लिए मतदान केंद्र पहुंचे। चौंकाने वाली बात यह है कि प्रफुल्ल की शादी महाराष्ट्र में होनी है। इसे लेकर प्रफुल्लभाई ने कहा, मैं सभी से वोट करने की अपील करता हूं। अपने वोट को बर्बाद न करें। मेरी शादी आज सुबह होनी थी, लेकिन मैंने इसका समय बदलवाकर शाम का करा लिया। मुझे अपनी शादी के लिए अब महाराष्ट्र निकलना है।

## गोधरा से एआईएमआईएम ने क्यों नहीं उतारा हिंदू उम्मीदवार? ओवैसी ने दिया ये जवाब

अहमदाबाद, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए वोट डाले जा रहे हैं. जिसके बाद 5 दिसंबर को दूसरे चरण का मतदान होगा और 8 दिसंबर को नतीजे सामने आएंगे. इसी बीच उन तमाम सीटों की चर्चा जोरों पर है जहां मुकाबला काफी दिलचस्प है. गुजरात में कई ऐसी सीटें हैं जिन पर तमाम दलों की नजरें टिकी हैं. ऐसी ही एक सीट गोधरा भी है. जो फिलहाल बीजेपी के पास है. यहां इस बार असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम ने भी अपना उम्मीदवार उतारा है. जिसे लेकर उन्होंने एक टीवी चैनल पर बात की है.

**'बीजेपी ने क्यों नहीं दिया मुस्लिमों को टिकट?'**

एक चुनावी कार्यक्रम में ओवैसी ने गुजरात चुनाव को लेकर तमाम सवालों के जवाब दिए. इस बार ओवैसी की पार्टी गुजरात की 14



विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ रही है. इस टीवी कार्यक्रम के दौरान जब ओवैसी से पूछा गया कि उन्होंने गोधरा में हिंदू उम्मीदवार को क्यों नहीं उतारा तो ओवैसी ने कहा, कांग्रेस पहले बोल रही थी कि गोधरा से वो मुस्लिम उम्मीदवार उतारने वाले हैं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ. इसीलिए हमने यहां मुस्लिम उम्मीदवार उतारा. मोदी जी सबका साथ और सबका विकास की बात करते हैं लेकिन एक भी मुस्लिम को टिकट नहीं देते हैं.

**कांग्रेस पर भी बोला हमला**

ओवैसी ने कहा कि बीजेपी के टिकट से क्या सिर्फ हिंदू ही जीत सकता है? मोदी जी ने 2014 से जो फॉर्मूला पेश किया उसे कांग्रेस ने पूरी तरह फॉलो किया, जिसमें मुसलमानों को भारतीय राजनीति से पूरी तरह से बाहर कर देने की बात है. आज अल्पसंख्यक समाज की कोई बात नहीं करता है. केंद्रीय कैबिनेट में एक भी मुस्लिम मंत्री नहीं है. ओवैसी ने कहा कि गुजरात में मुसलमानों का विकास नहीं हुआ. गुजरात दंगों का जिक्र करते हुए ओवैसी ने कहा कि बिलकिस बानो ने सब कुछ झेला और उसके दोषियों को छोड़ दिया गया. बिलकिस बानों के दोषियों को जिसने संस्कारी कहा उसे बीजेपी ने गोधरा से टिकट दे दिया. जो शख्स कई मुस्लिमों की हत्या का दोषी है वो बेल पर निकलकर मोदी के नाम पर वोट मांग रहा है.

## ऑटो को बचाने के चक्कर में पेड़ से टकराई अनियंत्रित रोडवेज बस, 15 यात्रियों को आई चोट

सोनीपत, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। गोहाना से सवारियां लेकर खरखौदा जा रही रोडवेज बस गुरुवार सुबह गांव कटवाल के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में बस में सवार करीब 15 यात्रियों को हल्की चोटें आई हैं। हादसा ऑटो को बचाने के प्रयास में हुआ। घायलों में कुछ को नागरिक अस्पताल गोहाना तो कुछ को नजदीकी निजी अस्पताल ले जाया गया। गोहाना सब डिपो से रोडवेज की बस गुरुवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे सवारियां लेकर खरखौदा के लिए रवाना हुई। बस जब गांव कटवाल के नजदीक पहुंची तभी बस के सामने एक ऑटो आ गया। ऑटो को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित हो गई और सड़क से नीचे उतर पेड़ से टकराते हुए खंभे के सहारे अटक गई।

## सौतेले पिता ने किया दुष्कर्म, डीएनए टेस्ट ने दिलाई 20 साल कैद की सजा

मुंबई, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा पीड़िता व उसकी मां भले बयान से पलटे है, लेकिन डीएनए टेस्ट से पुष्टि हुई है। आरोपी परिवार में अकेला कमाने वाला होने की वजह से मां और पीड़िता अपने बयान से पलटे है। मुंबई। एक विशेष अदालत ने 41 साल के व्यक्ति को अपनी नाबालिग बेटी से दुष्कर्म के लिए 20 साल कैद की सजा सुनाई है। खास बात है कि अदालत में गवाही के दौरान 16 साल की पीड़िता व उसकी सगी मां ने दुष्कर्म के आरोप नकार दिए थे लेकिन डीएनए टेस्ट में अपराध की पुष्टि हो चुकी थी, इसलिए अदालत ने न केवल उनकी गवाही को महत्व नहीं दिया, बल्कि इस प्रकार पलटने की वजह भी सामने रखी। इस पॉक्सो केस की सुनवाई के बाद विशेष जज अनीस खान ने मंगलवार को दिए आदेश में कहा, बालिका दुष्कर्म की वजह से गर्भवती हो चुकी थी। उसके भ्रूण का डीएनए टेस्ट हुआ, जिसमें बालिका का सौतेला पिता ही दुष्कर्मी साबित हुआ। यह ऐसी विशेष परिस्थिति है, जहां पीड़िता भले ही अदालत में बयान से पलट गई, लेकिन आरोपी का अपराध डीएनए जांच ने साबित किया। इस आदेश की कॉपी बुधवार को जारी हुई, जिसमें जज ने लिखा है, यह बेहद गंभीर और घृणित अपराध है जिसमें 16 साल की बालिका से उसके सौतेले पिता ने दुष्कर्म किया। पीड़िता व उसकी मां बयान से पलट रहे हैं तो इसका मतलब यह नहीं कि आरोप साबित नहीं हुए और और सजा नहीं होगी।

**यह वजह बताई**

अदालत ने निर्णय में लिखा कि संबंधित परिवार में दुष्कर्मी सौतेला पिता ही इकलौता कमाने वाला सदस्य है। यही वजह है कि पीड़िता व उसकी मां उसे माफ करके जेल से बाहर रखना चाहते हैं। पीड़िता पर उसकी मां मानसिक दबाव भी डालती है, जो उसके बयान में नजर आता है।

**मामला संक्षेप में**

जून 2020 में बालिका ने अपनी मां को बताया कि उसका सौतेला पिता उसके साथ अक्तूबर 2019 से दुष्कर्म कर रहा है। मां ने पुलिस केस दर्ज करवाया, चिकित्सकीय जांच में बालिका 16 हफ्ते की गर्भवती मिली। गर्भपात करवा कर भ्रूण का डीएनए टेस्ट किया गया। भ्रूण का डीएनए सौतेले पिता के डीएनए से मैच हो गया।

## सागर में बंदूक की नाल साफ करते समय दबा ट्रिगर, महिला को लगी गोली

सागर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। सागर जिले के रहली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक शादी समारोह में गोली चलने से एक महिला घायल हो गई। जिसे तत्काल ही इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। रहली थाना पुलिस ने मामला जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार गोली लगने से 45 वर्षीय बलेह गांव निवासी मंजू चौरसिया नामक महिला घायल हुई है। महिला शादी समारोह में खाना बनाने गई थी। घायल महिला ने बताया कि बेरखेड़ीकला गांव में तिवारी परिवार में शादी समारोह में वह अन्य महिलाओं के साथ खाना बनाने गई थी। खाना बनाने के बाद सभी के साथ बैठकर खाना खा रही थी, वहीं पर दयाशंकर तिवारी अपनी बंदूक की नाल साफ कर रहे थे तभी धोखे से बंदूक का ट्रिगर दब गया और गोली चल गई जो उसके पैर में जाकर लगी। गोली चलते ही शादी वाले घर में हड़कंप मच गया। हादसे के बाद तत्काल महिला को निजी वाहन से इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

शुक्रवार, 2 दिसंबर, 2022 3

सुविचार: कायरता से कहीं ज्यादा अच्छा है, लड़ते-लड़ते मर जाना।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, Kouser Begum M/O. Mohammed Ahmed R/O. 11-4-108, Red Hills, Bazar Guard, Hyd-TS., Has Changed my Name as Kauser Begum

**सावधान**

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिपालन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# राज्य में दलितों को सशक्त बनाने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं : सीएम

## केसीआर ने दलित समाज सुधारक ईश्वरी बाई को श्रद्धांजलि दी



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुरुवार को दलित समाज सुधारक जे. ईश्वरी बाई को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में दलित सशक्तिकरण के लिए कई कल्याणकारी उपायों की शुरुआत करते हुए ईश्वरी बाई की लोकतांत्रिक भावना से प्रेरणा ली है। दलितों और दलित समुदायों के उत्थान में उनके प्रयासों को याद करते हुए, मुख्यमंत्री ने एक दलित महिला के रूप में ईश्वरी बाई की लड़ाई की भावना की सराहना की, इस तथ्य के बावजूद कि उस समय महिलाओं को स्वतंत्रता से वंचित किया गया था।

मुख्यमंत्री ने एक राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और तेलंगाना के लिए लड़ने वाली एक योद्धा के रूप में उनकी सेवाओं को याद किया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकारों ने ईश्वरी बाई की सेवाओं को नजरअंदाज किया था और तेलंगाना के गठन के बाद, राज्य सरकार उनकी जयंती को आने वाली पीढ़ियों के बीच उनकी विचारधाराओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मना रही है, उन्होंने कहा कि वह वर्तमान पीढ़ी महिला के लिए एक बड़ी प्रेरणा बनी रहेंगी।

मुख्यमंत्री ने दोहराया कि तेलंगाना सरकार द्वारा दलितों के सामाजिक और आर्थिक स्वाभिमान को मजबूत करने के साथ-साथ उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के उद्देश्य से दलित बंधु योजना लागू की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह अब देश में एक रोल मॉडल बन गया है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि राज्य सचिवालय का नाम डॉ. बीआर अंबेडकर के नाम पर रखा गया है और भारत की सबसे ऊंची 125 फीट की अंबेडकर प्रतिमा स्थापित की जा रही है ताकि दलितों, महिलाओं, गरीबों और कमजोर वर्गों की आकांक्षाओं के अनुरूप शासन के बारे में पूरी प्रशासनिक व्यवस्था में जागरूकता पैदा की जा सके। उन्होंने कहा कि इस संबंध में तेलंगाना सरकार देश के लिए एक प्रेरणा है।

# केटीआर ने मुनुगोडू के विकास के लिए समीक्षा बैठक की




नलगोंडा, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामा राव ने तत्कालीन नलगोंडा जिले में कल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर मुनुगोड में एक समीक्षा बैठक की। समीक्षा बैठक में मुनुगोडे विधानसभा क्षेत्र में नियोजित विकास कार्य चर्चा का केंद्र बिंदु बने हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मुनुगोडे में 100 बिस्तर का अस्पताल बनाने का प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क एवं भवन के अधिकारियों से सड़कों की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली और सड़कों की मरम्मत के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों को नामपल्ली, मारिगुडेम और चंदूर, गट्टुप्पल मंडलों को पहले से स्वीकृत सड़कों के कार्यों को करने का भी निर्देश दिया। इसमें मंत्री जी जगदीश रेड्डी, वेमुला प्रशांत रेड्डी, सत्यवती राठौड़ और एराबेली दयाकर राव, नलगोंडा के जिला कलेक्टर टी विनय कृष्ण रेड्डी और यदाद्री-भोंगिर जिला कलेक्टर पामेला साथपति और कई विधायक भी समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# इस्कॉन राज्य में 45 दिवसीय श्री रामविजयोत्सव यात्रा का आयोजन करेगा

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। इस्कॉन, कुकटपल्ली तेलंगाना राज्य के हर जिले को कवर करते हुए 45 दिनों तक चलने वाली श्री रामविजयोत्सव यात्रा का आयोजन कर रहा है। प्रतिदिन कीर्तन किया जाएगा तथा सभी लोगों को निःशुल्क प्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री हनुमान महाराज के पिछले समय हर दिन सुबह सुनाया जाएगा। भगवद गीता, रामायण जैसे पवित्र ग्रंथों को हर दिन वितरित किया जाएगा।

इस्कॉन कुकटपल्ली के अध्यक्ष महाश्रृंग दास ने आज यहां मीडियाकर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि वित्त, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री टी. हरीश राव 4 दिसंबर को जयदुर्गा मैसम्मा मंदिर, स्तंभ संख्या 668, हैदरनगर से श्री रामविजयोत्सव यात्रा का उद्घाटन करेंगे।

अरेकापुडी गांधी, विधायक इस अवसर की शोभा बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि त्रिदंडी चिन्ना जीयर स्वामी शमशाबाद के स्टेच्यू इक्विलिटी में भगवान श्री रामचंद्र की आरती करेंगे।

# राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

## तेलंगाना में 2023-24 के लिए कोई बिजली शुल्क वृद्धि नहीं

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को एक बड़ी राहत देते हुए,तेलंगानामें बिजली उपयोगिताओं ने वर्ष 2023-24 के लिए बिजली दरों में वृद्धि नहीं करने का फैसला किया है। बिजली उपयोगिताओं ने बुधवार को 2023-24 के लिए सकल राजस्व आवश्यकता (एआरआर) और खुदरा आपूर्ति शुल्क प्रस्ताव इलेक्ट्रिक नियामक आयोग (ईआरसी) को यह कहते हुए प्रस्तुत किया कि मौजूदा शुल्क (2022-23) अगले एक साल तक जारी रहेंगे। मीडिया से बात करते हुए, ईआरसी के अध्यक्ष टी. श्रीरंगा राव ने कहा कि बिजली दरों में संशोधन के संबंध में निर्णय सार्वजनिक सुनवाई के बाद ही लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि केंद्र ने वितरण कंपनियों को 30 पैसे प्रति यूनिट की दर से टैरिफ बढ़ाने की अनुमति दी है, जबकि डिस्कॉम को 50 पैसे प्रति यूनिट के लिए बिजली टैरिफ बढ़ाने के लिए ईआरसी की मंजूरी की आवश्यकता होगी। केंद्र के दिशानिर्देशों के अनुसार, डिस्कॉम को कृषि क्षेत्र को बिजली की आपूर्ति करने वाले वितरण ट्रांसफार्मर पर मीटर लगाने और 500 से अधिक इकाइयों का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड मीटर लगाने के लिए कहा गया है।

बिजली उपयोगिताओं की उपलब्धियों का विवरण देते हुए, डिस्कॉम ने कहा कि इस साल 29 मार्च को तेलंगाना में 14,160 मेगावाट की अधिकतम बिजली की मांग दर्ज की गई है, जबकि पिछले साल यह 13,688 मेगावाट थी। प्रति व्यक्ति बिजली की खपत, जिसे विकास संकेतक माना जाता है, 2021-22 में तेलंगाना में 2,126 यूनिट थी, जबकि राष्ट्रीय औसत 1,255 यूनिट थी। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार द्वारा 101 यूनिट तक निःशुल्क विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

इसी तरह, नाई ब्राह्मणों और रजका समुदायों द्वारा संचालित सैलून और लॉन्ड्री के लिए क्रमशः 250 इकाइयां दी गईं। पावरलूम, कताई मिलों और पोल्ट्री किसानों को प्रति यूनिट दो रुपये की रियायत दी जा रही है। मुफ्त बिजली से कुल 27.62 लाख किसान लाभान्वित हो रहे हैं।



झुमरलाल अशोक कुमार डागा परिवार द्वारा लोअर टैंकबंड स्थित श्री जगदीश मन्दिर में मां भगवती की चौकी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समस्त डागा परिवार, गोपाल मन्जू बल्दवा उपस्थित रहे। इसमें भजन प्रस्तुत करते परम्परा मित्र मंडल के भजन गायक अनुराग भुतडा।

# सीबीआई के सामने पेश हुए टीआरएस मंत्री व सांसद

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नागरिक आपूर्ति मंत्री गंगुला कमलाकर और राज्यसभा सांसद वद्दीराजू रविचंद्र गुरुवार को फर्जी सीबीआई अधिकारी कोविरेड्डी श्रीनिवास राव की गिरफ्तारी के सिलसिले में नई दिल्ली में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) के सामने पेश हुए, जो कथित तौर पर दोनों टीआरएस नेताओं से जुड़े हुए हैं। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी के दोनों नेताओं-गंगुला कमलाकर और रविचंद्र को सीबीआई ने पूछताछ के लिए पेश होने के लिए बुलाया था। 28 नवंबर को, सीबीआई ने श्रीनिवास राव को गिरफ्तार किया, जिन्होंने कथित तौर पर यहां तमिलनाडु भवन में निजी व्यक्तियों से मुलाकात की और एजेंसी के संयुक्त निदेशक के रूप में महंगे उपहारों की मांग की।

उन्होंने कहा कि विशाखापट्टणम निवासी श्रीनिवास राव ने विभिन्न केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा दर्ज मामलों सहित विभिन्न मामलों में अनुकूल प्रतिक्रिया के लिए उनकी ओर से अज्ञात लोक सेवकों के साथ पैरवी करने का आश्वासन देते हुए निजी व्यक्तियों से उपहार की मांग की। एजेंसी गिरफ्तार किए गए श्रीनिवास राव के कथित राजनीतिक संबंधों की जांच कर रही है।

# प्रेस कांफ्रेंस कर मुझे धमका रहे हैं टीआरएस नेता : वाईएस शर्मिला





गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल डॉ. तमिलसाई सुंदरराजन से मुलाकात करती हुईं वाईएसआरटीपी की अध्यक्ष वाईएस शर्मिला। इस दौरान शर्मिला ने राज्यपाल से उनके साथ टीआरएस कार्यकर्ता व पुलिसकर्मियों द्वारा किये गये दुर्व्यवहार की शिकायत की।

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वाईएसआरटीपी के संस्थापक-अध्यक्ष वाईएस शर्मिला ने आज सत्तारूढ़ टीआरएस नेताओं पर जमकर निशाना साधा और आरोप लगाया कि वे प्रेस कांफ्रेंस कर उन्हें धमकी दे रहे हैं। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि उसने राज्य के एक मंत्री, जिसने उसके खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी, से कहा है कि वह उसे चप्पल से मारेगी न कि सत्ताधारी दल के सभी नेताओं को। राजभवन में राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए शर्मिला ने कहा कि उन्होंने राज्यपाल को उनके और उनके राजनीतिक दल के खिलाफ राज्य में होने वाली सभी राजनीतिक घटनाओं से अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी पार्टी के नेताओं ने जानबूझकर उनकी पदयात्रा में बाधा डाली और कहा कि उन्हें पुलिस द्वारा ले जाया गया, हालांकि उन्हें गिरफ्तार करने के बाद शहर में कोई यातायात समस्या नहीं थी। उन्होंने कहा कि उसे तब गिरफ्तार किया गया जब वह अपने वाहन में थी। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस ने उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को पीटा। उसने आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी ने उसे गिरफ्तार करने और जेल भेजने के लिए साजिश रची। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव पर निशाना साधते हुए शर्मिला ने आरोप लगाया कि उन्होंने राज्य के लोगों से किया एक भी वादा पूरा नहीं किया। उन्होंने दावा किया कि सीएम का परिवार पूरे देश में सबसे अमीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि केसीआर ने राज्य को कर्ज के जाल में धकेल दिया और इसे 4 लाख करोड़ रुपये के कर्ज वाले राज्य में बदल दिया। शर्मिला ने साफ किया कि वह अपनी पदयात्रा को यज्ञ की तरह कर रही हैं।

# निर्मल में हुए हादसे में 56 छात्र बाल-बाल बचे

निर्मल, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आदिलाबाद के एक निजी स्कूल के कुल 56 छात्र गुरुवार को कुंतला मंडल के कल्लूर गांव में दुर्घटनावश एक बस के संपर्क में आने से बाल-बाल बच गए। दो छात्रों को मामूली चोटें आई हैं।छात्र आदिलाबाद कस्बे के रास्ते में थे जब बस ने बिजली के तार को छू लिया। दो छात्र झुलस गए और उन्हें भैंसा के एक सरकारी क्षेत्र के अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी स्थिति सुरक्षित बताई गई है। छात्रों ने कल्लूर में श्री साईं बाबा मंदिर का दौरा किया था और जब दुर्घटना हुई तो वे रास्ते में थे।

कुंतला पुलिस ने कहा कि बस को पुलिस स्टेशन ले जाया गया और बच्चों के माता-पिता को दुर्घटना के बारे में सूचित किया गया। छात्रों को शाम तक आदिलाबाद भेज दिया जाएगा।

# स्कूली छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित करने के फैसले को रद्द करे केंद्र : सीपीएम

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सीपीएम ने आज मांग की कि केंद्र सरकार आठवीं कक्षा से नीचे के छात्रों को प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति से वंचित करने के अपने विवादास्पद फैसले को तुरंत रद्द करे। सीपीएम के राज्य सचिव तम्मिनेनी वीरबद्रम ने एक बयान में इस फैसले को गलत करार दिया और कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यक और ईबीसी समुदायों से संबंधित गरीब छात्रों को राहत प्रदान करके एक हद तक मदद कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने अनिवार्य शिक्षा और शिक्षा के अधिकार कानून का हवाला देकर पहली कक्षा से आठवीं कक्षा तक के छात्रों को छात्रवृत्ति से वंचित करने की साजिश रची है। उन्होंने केंद्र सरकार को चेतावनी दी कि उसके फैसले से देश में ड्रॉपआउट बढ़ेंगे। यह कहते हुए कि केंद्र सरकार एक ओर देश में 100 प्रतिशत साक्षरता का स्तर हासिल करने का आह्वान कर रही है और दूसरी ओर इस तरह के विवादास्पद आदेश जारी कर रही है। उन्होंने मांग की कि केंद्र सरकार तुरंत इस फैसले को वापस ले।

# डीके अरुणा ने एमएलसी कविता की आलोचना की



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बीजेपी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डीके अरुणा ने आज टीआरएस एमएलसी के. कविता की भगवा पार्टी और केंद्र सरकार के खिलाफ उनकी टिप्पणियों को लेकर आलोचना की। उन्होंने कविता की टिप्पणियों का मज़ाक उड़ाया और कहा कि यह हास्यास्पद है कि कविता कह रही थी कि वह यह कहने के बजाय कि वह अपनी गलतियों और भ्रष्टाचार के लिए जेल जाएगी, वह राज्य के लोगों के लिए जेल जाएगी।

अरुणा ने दावा किया कि कविता ने केंद्र सरकार के खिलाफ अग्रिम रूप से हमला किया है, क्योंकि वह डर गई है कि उसकी सारी गलतियाँ सामने आ जाएँगी। उन्होंने कहा कि टीआरएस पार्टी की एमएलसी तेलंगाना के लोगों की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश कर रही है। उसने कविता से पूछा कि अगर उसने कोई गलती नहीं की तो वह सीबीआई और ईडी से क्यों डरती है।

दिल्ली शराब घोटाले में ईडी की रिमांड रिपोर्ट में बुधवार को नाम आने के बाद कविता ने शहर में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित किया और केंद्र सरकार व भाजपा पर कई आरोप लगाए। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार टीआरएस राज्य सरकार के पतन को सुनिश्चित करने के लिए साजिश रच रही थी और कहा कि केंद्र ने समान संख्या में राज्यों में विपक्षी दलों के नेतृत्व वाली नौ लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकारों के पतन को सुनिश्चित किया है।

**PUBLIC NOTICE**

The General public is hereby informed and notified that our clients **(1) KEVALCHAND B DEWASI S/o BUDARAM DEWASI** aged about 41 Years, Occupation: Business **(2) JAI RAM DEWASI** S/o BUDARAM DEWASI aged about 38 Years, Occupation: Business **(3) DHANARAM DEVASI** S/o. BUDARAM DEVASI, aged about: 36 years, Occupation: Business, (4) MANARAM DEWASI S/o BUDHARAM DEWASI aged about 36 Years, Occupation: Business (5) SOHAN DEVASI S/o BUDHARAM DEVASI aged about 29 Years, Occupation: Business, All are R/o. Shivrampally, Rajendranagar, Ranga Reddy Dist- T.S., has entered into an Agreement of Sale to purchase the **House Property bearing Municipal No. 21-1-392, (Consisting of Ground and First Floor) total admeasuring 225.00 Square Yards** or equivalent to **186.75 Square Meters,** Situated at RIKAB GUNJ, HYDERABAD- T.S. Bounded by:- **NORTH:** Road and Neighbour's House No. 21-1-391, **SOUTH:** Lane & thereafter Neighbour's House, **EAST:** Neighbour's House, WEST: Neighbour's House Nos. 21-1-390 & 21-1-390/4, From its lawful owner Smt. Ruchi Modi W/o Sri Rupesh Kumar Modi aged about 47 Years, Occupation: Housewife R/o H.No. 21-1-392 at Rikab Gunj, Hyderabad -T.S., and paid a considerable amount to him, if any person having any right, title or interest they may contact with documentary evidence with in **(7) SEVEN DAYS** from the date of publication of this notice at my office failing which the transaction will be completed and any objection will be deemed to be waived.

**Sd/- AIJAZ ALI QURAISHI**
ADVOCATE
#. 22-7-394/1, Cross Road,
City Civil Court, Hyderabad-T.S.
Cell: 9392187029, 9849233786

# सीएम केसीआर से रेरा नियामक प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण स्थापित करने का आग्रह

हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फोरम फॉर गुड गवर्नेंस के सचिव एम. पद्मनाभ रेड्डी ने मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव से रियल एस्टेट क्षेत्र में उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण और और शीघ्र विवाद निवारण के लिए अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध किया है।

पद्मनाभ रेड्डी ने आज मुख्यमंत्री को एक प्रतिनिधित्व प्रस्तुत किया जिसमें कहा गया है कि रियल एस्टेट क्षेत्र के विनियमन और प्रचार के लिए और भूखंडों की बिक्री, भवन के अपार्टमेंट या अचल संपत्ति परियोजना की बिक्री को कुशल और पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित करने और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए रियल एस्टेट क्षेत्र, भारत सरकार ने "रियल एस्टेट (विनियमन और विकास) अधिनियम 2016 अधिनियमित किया। अधिनियम की धारा 20 (1) के अनुसार, राज्य सरकार लागू होने की तारीख से एक वर्ष के भीतर अधिनियम, रियल एस्टेट नियामक प्राधिकरण की स्थापना करता है जिसमें अध्यक्ष और दो से कम सदस्य नहीं होते हैं। इसके अलावा, नियामक प्राधिकरण की स्थापना तक राज्य सरकार सचिव के स्तर के किसी भी अधिकारी (स्टॉप गैप व्यवस्था के रूप में) को छोटी अवधि के लिए नामित करेगी।

तेलंगाना सरकार ने शासनादेश संख्या 6 दिनांक 11-1-2018 के तहत विशेष मुख्य सचिव राजस्व को विनियामक प्राधिकरण के रूप में नामित किया है। वर्तमान में श्री सोमेश कुमार मुख्य सचिव नियमित रूप से कार्य कर रहे हैं लगभग तीन वर्षों से टोरी प्राधिकरण। सेक के अनुसार फिर से। उक्त अधिनियम के 43 (1) राज्य सरकार एक वर्ष की अवधि में एक अपीलीय न्यायाधिकरण की स्थापना करती है। रेरा अधिनियम के अनुसार नियामक प्राधिकरण और अपीलीय न्यायाधिकरण को एक वर्ष के भीतर नियुक्त किया जाना चाहिए था। पिछले 5 वर्षों से उक्त नियुक्ति नहीं की गई है। इस संबंध में हमने कई बार सरकार को ज्ञापन दिया लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिर हमने हाईकोर्ट में पीआईएल फाइल की पिछले करीब 10 महीने से सरकार ने कोई काउंटर फाइल नहीं किया और न जाने कब केस का निस्तारण होगा।

**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें @SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
(https://ireps.gov.in व्दारा)

PUB/1057

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, डिप्युटी सीइइ/जीएस/एससी, सिकंदराबाद व्दारा निम्न कार्यों के लिए निविदा की एकल पैकेट प्रणाली(सिंगल पैकेट सिस्टम आफ टेंडरिंग) में ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 01 एनआइटी सं. : सीई29जीएसयुटीआरडी 042022-23 कार्य का नाम: निविदा सं. सीई29जीएसयुटीआरडी 042022-23 दि.30.11.2022
1. पीडीपीएल-एनजेडबी सेक्शन के करीमनगर पर प्रस्तावित यार्ड की व्यवस्था से संबंधित मौजूदा 25 केवी ओएचइ का माडिफिकेशन या परिवर्तन का प्रावधान 2. एससी डिवीजन-स्टैंडर्ड लेआउट सहित नुकापल्ली मलयाल हाल्ट स्टेशन का ब्लाक स्टेशन में परिवर्तन या कन्वर्शन करना-बिजली व्यवस्था 3. एससी डीवीजन-होमिंग इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव्ज के लिए डिजेल लोको शेड, काझीपेट पर इन्फ्रास्ट्रक्चर का निर्माण तथा टेस्ट सेट अप-टीआरडी परिवर्तन या मोडिफिकेशन कार्य। निविदा मूल्य (रु.) : 31210815.82, पूरा करने की अवधि: 180 दिन, बंद करने की तिथि: 23.12.2022 के 15.00 बजे

1. बोली दस्तावेज तथा अन्य विवरण हेतु कृपया वेबसाइट:: http://ireps.gov.in पर लागिन करें।
2. निविदादातागण केवल ई-टेंडरिंग के माध्यम से ही भाग ले सकते हैं तथा इस मामले मे मैन्युएल आफर्स पर विचार नही किया जायेगा।
3. सभी भावी निविदादाताओं से अनुरोध है कि, केवल आनलाईन पेमेंट्स व्दारा ही निविदा प्रपत्र मूल्य एवं पूधरा का भुगतान करें।
4. सभी भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, जीएसटीआईएन पहचान संख्या प्राप्त कर उसे अपने आफर्स सहित प्रस्तुत करें।
5. निविदादाताओं को चाहिए कि, निविदा प्रस्तुति की अवधि की प्रारंभ की तिथि तक, कोई शुद्धिपत्र(केवल आनलाईन पर जारी) हो तो उसपर नजर रखें।

**उप मुख्य बिजली अभियंता/ गति शक्ति/सिकंदराबाद**

निविदा सूचना सं. सी/ई.29/ इलेक./एम/एससी/51/ डीएल/ओटी/2022-23 दि.30.11.2022

PUB/1058

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरी व्दारा निम्न कार्यों के लिए दि.22-12-2022 के 15.00 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं. 01 ई-टेंडर सं. : ईटेंडर सं. सी/इ.29/इलेक/एम/एससी/51/डीएल/ओटी/2022-23 ईटेंडर सं. ई-एम-एससी-51-ओटी-2022-23 कार्य का नाम: सिकंदराबाद डिवीजन-बिजली रखरखाव विभाग-एसी डिवीजन के काझीपेट स्टेशन पर नये रन्निंग रूम का निर्माण करना-बिजली व्यवस्था । निविदा मूल्य (रु.) : 1,04,11,5%5.25, पूधराः (रु.) 202100.00, सीटीएएफः 0.00, पूरा करने की अवधि: 6 महिने ।

**वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता (एम)/सिकंदराबाद**

निविदा सूचना सं. बी/ई.29/टीआरडी./टेंडर/08(2022-23) दि.30.11.2022

PUB/1059

अधोहस्ताक्षरी व्दारा आईआरईपीएस में निम्न कार्यों के लिए -निविदाएं आमंत्रित हैं।

क्रम सं.1. निविदा सं. बी/ई.29/टीआरडी./टेंडर/08(2022-23), कार्य का नाम:विजयवाडा डिवीजन- जीडीआर-बीजेडए-डीवीडी सेक्शन के सलाइन पोल्यूटेड एरिया में स्टेड या जंग लगे हुए कैन्टीलीवर एस्सेम्बलीज का प्रतिस्थापन या रिप्लेसमेंट या प्रतिस्थापन करना। अनुमानित लागत (रु.) : 1,23,43,234/- पूरा करने की अवधि: 12 महिने, पूधराः (रु.) 2,11,%00/-, निविदा प्रपत्र का मूल्यः रु. शून्य।

बंद करने की तिथि 02.01.2023 के 15.00 बजे

**वरिष्ठ मंडल बिजली अभियंता/टीआरडी/विजयवाडा**

निविदा सूचना सं. डीआरएम/इएनएचएम/बीजेडए/02/20 स्टेशनों के लिए आईएसओ--14001 दि. 30.11.2022

PUB/1060

कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरी व्दारा निम्न कार्यों के लिए, प्रत्येक के सामने उल्लिखित तिथि के नुसार समय 15.00 बजे तक, ई-निविदा आमंत्रित हैं।

क्रम सं. निविदा सं.इएनएचएम/बीजेडए/आईआरईपीएस/02/20 स्टेशनों के लिए आयएसओ 14001/2022 दि. 30.11.2022 कार्य का नामः पर्यावरणीय प्रबंधन प्रणाली की मान्यता-आयएसओ 14001: 2015, तीन वर्ष के लिए वैध विजयवाडा डिवीजन में 20 रेल्वे स्टेशनों का पुनःप्रमाणन या रि-सर्टिफिकेशन करने के साथ साथ संबध्द अवधि में इन मानकों के नवीनतम वर्शन्स का ट्रांजिशन करना। कार्य की अनुमानित लागतः (रु.) 8,73,200/-(18% की दर से जीएसटी सहित), ठेका अवधिः 03 वर्ष, निविदा प्रपत्र का मूल्यः शून्य, बोली सुरक्षा(पूधरा) (रु.) 17,500/-, निविदा बंद करने की तिथि व समय 28.12.2022 के 15.00 बजे।

भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि, निविदा बंद करने से पहले, तत्संबंधित निविदा से जुडे किसी भी परिवर्तनों/शुध्दिपत्रों के लिए वेबसाइटः www.ireps.gov.in देखें।

A1409 **सीनि. डीइएनएचएम, विजयवाडा**

**निविदा शर्तों/विवरण तथा निविदा दस्तावेजों की डाउनलोडिंग हेतु कृपया हमारे वेबसाइट्सः https://www.ireps.gov.in या www.scr.indianrailways.gov.in का अवलोकन करें।**

प्रगत संगणन विकास केंद्र(सी-डैक)
(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय(एमईआईटीवाई), भारत सरकार की एक प्रधान अनुसंधान एवं विकास संस्था)

**सी-डैक, हैदराबाद**
**परियोजना अधिकारी पोस्ट भर्ती**

देश की एक प्रधान अनुसंधान एवं विकास संस्था के साथ जुड़ने और काम करने का बेहतरीन अवसर

पोस्ट की विस्तृत जानकारी और आवेदन करने के लिए विजिट करें सी-डैक, करियर पेज : https://www.cdac.in

Advt No. C-DAC(H)/RECT No.03 (2022/Nov) CBC 06110/12/0004/2223

**भारतीय रेल खानपान व पर्यटन निगम लि.**
(इंडियन रेल कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लि.)
(भारत सरकार का उपक्रम-मिनी रत्ना श्रेणी-I) दक्षिण मध्य अंचल
# 9-1-129/1/102, पहली मंजिल, आक्सफोर्ड प्लाजा, एसडी रोड, सिकंदराबाद-500003
CIN:L74899DL1999GOI101707

IRCTC

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**सीजीएम/एसइजेड द्वारा निम्न ई-निविदाएं आमंत्रित हैः -**

भारतीय रेल कैटरिंग एंड पर्यटन निगम लि.(साउथ सेंट्रल रेलवे, इस्ट कोस्ट रेलवे एंड साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे) के साउथ सेंट्रल जोन के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित रिफ्रेशमेंट रूम्स, जन आहारों, रिफ्रेशमेंट रूम( इंटिग्रेटेड किचन युनिट) तथा रिटायरिंग रूम्स में संचालन, रखरखाव व कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के प्रति सर्विस प्रोवाइडर्स(सेवा प्रदाताओं) की नियुक्ति हेतु खुली ई-निविदा आमंत्रित हैं।

**महत्वपूर्ण तिथियां -**

| क्रम सं. | इकाई का प्रकार | निविदाओं की प्रस्तुति की अंतिम तिथि व समय | ई-निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | रिफ्रेशमेंट रूम (विजयवाडा) | 16.12.2022 के 12.00 बजे | 16.12.2022 के 12.30 बजे |
| 2 | रिफ्रेशमेंट रूम्स | 22.12.2022 के 15.00 बजे | 22.12.2022 के 15.30 बजे |
| 3 | जन आहार | 20.12.2022 के 16.00 बजे | 20.12.2022 के 16.30 बजे |
| 4 | रिफ्रेशमेंट रूम राजमंड्री स्टेशन पर (इंटीग्रेटेड किचन युनिट) | 16.12.2022 के 14.30 बज | 16.12.2022 के 15.00 बजे |
| 5 | रिटायरिंग रूम्स | 22.12.2022 के 12.00 बजे | 22.12.2022 के 12.30 बजे |

निविदा दस्तावेज की डाउनलोडिंग व सहभागिता **वेबसाइट::** <www.tenderwizard.com/IRCTC> के माध्यम से कर सकते हैं।

उपरोक्त विज्ञापन के प्रति यदि कोई शुद्धिपत्र/ जोड जारी होता है तो उसे केवल वेबसाइट्सः www.irctc.com--तथा -www.tenderwizard.com/IRCTC पर ही प्रकाशित किया जायेगा।.इस हेतु किसी भी ढंग का न्यूजपेपर प्रेस विज्ञापन जारी नहीं होगा।

# भाजपा में शामिल होने घर से निकले थे, बीच रास्ते लौटना पड़ गया

## धर्म सिंह सैनी की जॉइनिंग पर कहां फंस गया पेंच?

मुजफ्फरनगर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पूर्व आयुष मंत्री डॉ.धर्म सिंह सैनी का राजनीतिक करियर इस समय भयंकर अनिश्चितता से भरा हुआ है। साल 2017 में बसपा से भाजपा में एंट्री करने वाले सैनी ने 2022 में सपा का दामन थाम लिया था। लेकिन सपा में उनका मन नहीं लगा और अब ऐसे में सैनी बीजपी में घर वापसी करना चाहते हैं। वहीं बीजेपी की एक इकाई ने उन्हें भगवा पटका पहनाने की रणनीति बना ली तो दूसरे खेमे ने अडंगा लगा दिया है। बुधवार को सैनी सीएम योगी की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल होने सहारनपुर से खतौली जा रहे थे। लेकिन बीजेपी आलाकमान से हरी झंडी नहीं मिलने से उनका काफिला देवबंद के आसपास करीब 25 मिनट तक रुका रहा। अंत में उन्हें वापस लौटना पड़ गया और बीजेपी में उनकी ज्वाइनिंग फिलहाल वेटिंग में चली गई। हालांकि, इस घटना के बाद



मीडिया में सामने आए बयानों के मुताबिक धर्म सिंह सैनी ने दावा किया है कि दो दिन बाद उनकी ज्वाइनिंग मेरठ में होनी तय हुई है। बयान के मुताबिक सैनी ने दावा किया कि इस बाबत उनकी बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से बात हुई है।

बीजेपी की प्रदेश इकाई ने डा. सैनी की ज्वाइनिंग को लेकर रुख साफ नहीं किया है। ऐसे में उनकी ज्वाइनिंग पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद डा. सैनी भाजपा छोड़ समाजवादी पार्टी में चले गए थे। इस बीच उन्होंने भगवा खेमे को लेकर तल्ख बयानी भी की थी।

**विरोधियों ने रचा चक्रव्यूह**

डा. सैनी की घर वापसी की सुगबुगाहट मंगलवार को तेज हुई, और बुधवार सुबह तक उनके विरोधियों ने पूरा चक्रव्यूह रच दिया। बताया जा रहा है कि एक बड़े चेहरे ने डा. सैनी की ज्वाइनिंग को लेकर प्रदेश अध्यक्ष एवं सीएम योगी तक से शिकायत की जिसका असर भी दिखा। हालांकि आने वाले दिनों में उनकी ज्वाइनिंग की राह के रोड़े हट सकते हैं।

**ज्वाइनिंग को लेकर संगठन में देर रात तक चली चर्चा**

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इस बीच धर्म सिंह सैनी की घर वापसी को लेकर संघठन में गहन चर्चा हुई। देर रात तक डा. धर्म सिंह सैनी के आने से भाजपा को होने वाले नफा-नुकसान पर मंथन किया गया। 2017 में बसपा से धर्म सिंह की भाजपा में एंट्री से पार्टी को हुए लाभ तथा 2022 में भाजपा छोड़कर सपा में जाने के बाद हुए नुकसान का विश्लेषण आधी रात तक किया जाता रहा। इस सब के चलते सैनी की ज्वाइनिंग को फिलहाल रोका गया है।

**ऊंची पैरोकारी पर निर्भर है ज्वाइनिंग**

डा. धर्म सिंह सैनी की वापसी का मामला फिलहाल वेटिंग में डाल दिया गया है। अब धर्म सिंह सैनी की ज्वाइनिंग किसी ऊंची पैरोकारी पर निर्भर है। ऐसे में धर्म सिंह सैनी के राजनीतिक कैरियर के हिसाब से वर्तमान समय बेहद नाजुक है।

क्योंकि बीजेपी अभी अपने पत्ते नहीं खोल रही और सैनी सपा के लिए पहले ही बेगाने हो चुके हैं।

## अखिलेश बोले- दोनों डिप्टी सीएम बनना चाहते हैं मुख्यमंत्री

### हमने कहा- 100 एमएलए लाओ सीएम बन जाओ

रामपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि प्रदेश के ये जो दोनों डिप्टी सीएम हैं वो सीएम बनना चाहते हैं। हमने तो उनको खुला ऑफर दिया है कि 100 विधायक ले आओ, हम समर्थन देंगे। सीएम तुम बन जाना। हम बाहर से समर्थन देंगे।

उन्होंने कहा कि एक डिप्टी सीएम की स्थिति यह है कि वो किसी डॉक्टर का तबादला भी नहीं कर सकते हैं। दूसरे डिप्टी सीएम साहब का विभाग बदल दिया गया है। उनको ऐसा विभाग दे दिया गया है, जिसमें बजट ही नहीं है।

अखिलेश यादव रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा प्रत्याशी के समर्थन में गुरुवार को एक चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जब मैं सीएम था तो उस वक्त अभी सीएम की एक फाइल मेरे पास आई थी, जिसमें उनके खिलाफ मुकदमे की सिफारिश की गई थी।

# शिवपाल यादव ने कार्यकर्ताओं से क्यों कहा कि पुलिस के बुलाने पर जाना नहीं, पकड़ में भी मत आना

मैनपुरी, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मैनपुरी लोकसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के प्रमुख शिवपाल यादव सपा प्रत्याशी डिंपल यादव का पूरे जोर से प्रचार कर रहे हैं। इस दौरान वो भाजपा पर निशाना साधने से भी बाज नहीं आ रहे हैं। शिवपाल यादव ने अपने समर्थकों को आगाह करते हुए कहा कि आप गुंडई बर्दाश्त कर लेना लेकिन पुलिस की पकड़ में मत आना।

**पुलिस बुलाएगी, मगर जाना नहीं**

सामने आए एक वीडियो में शिवपाल यादव कह रहे हैं कि पुलिस आपको अगर बुलाएगी तो आपको उनके पास जाना नहीं है। उन्होंने कहा कि चाहे कुछ भी हो बस पुलिस की पकड़ में नहीं आना है। शिवपाल यादव ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं से मेरी अपील है कि कहीं भी जोर जबरदस्ती नहीं करना। आप सभी को अपने साथ अपना आईडी कार्ड रखना है। अगर कोई झगड़ा



भी करता है तो आप बचाने भी नहीं जाना।

शिवपाल ने कहा कि अगर आप झगड़ा झुड़वाने के लिए गए तो आपको ही पुलिस पकड़ लेगी। लेकिन आपको पुलिस की पकड़ में नहीं आना है। शिवपाल यादव ने अपने समर्थकों को सलाह देते हुए कहा कि पुलिस प्रशासन हमारे लोगों पर जबरदस्ती करने का प्रयास करेगी लेकिन इससे हमें बचना है।

दरअसल शिवपाल यादव कार्यकर्ताओं को आगाह किया है कि उपचुनाव में पुलिस प्रशासन कार्यकर्ताओं को किसी न किसी बहाने पकड़ना चाहेगी और सपा को कमजोर करना चाहेगी, लेकिन कार्यकर्ताओं को पुलिस से दूरी बनाए रखना है। शिवपाल ने कहा कि पुलिस की पकड़ में नहीं आना है। बता दें कि मैनपुरी उपचुनाव 5 दिसंबर को होना है। वहीं इसके नतीजे 8 दिसंबर को सामने आएंगे।

वहीं एक निजी न्यूज चैनल से बात करते हुए शिवपाल यादव ने कहा कि यहां (जसवंतनगर) में किसी भी तरह की गुंडई नहीं चलेगी। भाजपा अगर सोचती है कि वो जांच से हमें डराएंगे तो हम उनसे नहीं डरते। शिवपाल ने कहा कि भाजपा हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकती।

इस बीच शिवपाल यादव ने अखिलेश को छोटे नेताजी का नाम दिया है। उन्होंने एक रैली में कहा कि हम चाहते हैं कि अखिलेश यादव को सभी छोटे नेताजी के तौर पर बुलाए। मालूम हो कि समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता मुलायम सिंह यादव को नेताजी के नाम से बुलाते थे। वहीं उनके निधन के बाद शिवपाल ने अखिलेश को छोटे नेताजी का नाम दिया है।

## लिफ्ट में गश खाकर गिर पड़े रिटायर्ड आईएएस गंगादीन गौतम, हार्ट अटैक से निधन

लखनऊ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। गोमतीनगर में रहने वाले रिटायर्ड आईएएस गंगादीन गौतम की बुधवार देर रात हार्ट अटैक से मौत हो गई। वह गोमतीनगर के 1/31 विराम खंड में परिवार के साथ रहते थे। उनके भाई राजेश ने बताया कि बुधवार रात उन्होंने घर में लगी लिफ्ट का बटन दबाया ही था कि गश खाकर गिर गए। परिवारीजन उन्हें पास के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों ने उनकी मौत की वजह हार्ट अटैक बताई है। गंगादीन एलडीए वीसी, मंडी परिषद के निदेशक, आबकारी आयुक्त, निबंधक सहकारी समितियां, गन्ना आयुक्त सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर तैनात रह चुके थे।

2013 में रिटायर होने के बाद सपा सरकार में उनको उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन आयोग का मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया गया था। वे जनवरी 2018 तक इस पद पर कार्यरत थे। गंगादीन गौतम सहकारी सेवा के अधिकारी थे, लेकिन 1989 में जब मुलायम सिंह यादव पहली बार सीएम बने तो इन्हें आईएएस कैडर में नामित किया गया था।

गंगादीन गौतम मूलरूप से जौनपुर के रहने वाले थे। वह पीसीएस से प्रोन्नत होकर आईएएस बने थे। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि गंगादीन गौतम के भाई राजेश यादव ने उनके लिफ्ट से गिरने की बात को पूरी तरह गलत बताया। उनके शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं पाए गए।

# सैफई परिवार और सरकार का इम्तिहान

मैनपुरी, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मैनपुरी लोकसभा सीट पर पांच दिसंबर को मतदान और आठ दिसंबर को वोटों की गिनती होगी। चुनाव मैदान में कुछ क्षेत्रीय प्रत्याशी हैं, लेकिन मुकाबला सपा और भाजपा के बीच है। सपा प्रत्याशी के पक्ष में सैफई परिवार और पूर्व मंत्री, विधायक गली-गली वोट मांग रहे हैं। वहीं भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्री वोट मांग रहे हैं।

सपा और भाजपा का चुनावी गणित जातिगत आधार पर टिका हुआ है। सपा अपने कोर वोटबैंक की दमभर जीत का दावा कर रही है। वहीं भाजपा शाक्य वोट के आधार समाजवादी गढ़ को फतह करने की बात कह रही है। चुनाव प्रचार में दोनों ही दल पीछे नहीं है।

सपा प्रत्याशी डिंपल यादव के चुनाव की कमान खुद राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संभाल रखी है। प्रदेश भर के नेता, पूर्व मंत्री और विधायक सपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांग रहे हैं। वहीं, भाजपा प्रत्याशी के चुनाव की कमान प्रदेश कार्यसमिति ने संभाल रखी है। प्रदेशभर के वरिष्ठ



### इन आंकड़ों से समझें कितना कड़ा होगा मुकाबला

पदाधिकारी मैनपुरी में प्रवास कर रहे हैं। प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार के बीस से अधिक मंत्री घर-घर जाकर वोट मांग रहे हैं। चुनाव में मुद्दा किसी भी दल के पास नहीं है। सपा जहां नेताजी के नाम से मतदाताओं की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश में है। वहीं, भाजपा मोदी और योगी सरकार की ओर से लागू योजनाओं को पैराशूट बनाकर मैदान में उतरी है। फिलहाल दोनों ही दलों के बीच कांटे की टक्कर है। दोनों ही दलों के लिए चुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बना हुआ है। अब जीत किसकी होगी यह तय मतदाताओं की ओर से किया जाएगा।

# बंद होंगी हजारों दवा दुकानें

पटना, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में फर्जी फार्मासिस्टों द्वारा अस्पताल और मेडिकल स्टोर चलाये जाने पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए बिहार सरकार को फटकार लगायी और ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि फार्मेसी काउंसिल और बिहार सरकार की जिम्मेदारी है कि अस्पताल और मेडिकल स्टोर पंजीकृत फार्मासिस्ट द्वारा ही संचालित हो। न्यायाधीश एमआर शाह और न्यायाधीश एमएम सुंदरेश की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर फैसला सुनाते हुए कहा कि आम लोगों के जीवन से खिलवाड़ करने की इजाजत किसी को नहीं दी जा सकती है। ऐसे में अस्पताल और मेडिकल स्टोर का संचालन पंजीकृत फार्मासिस्ट ही कर सकते हैं। पीठ



ने पटना हाइकोर्ट में बिहार में फर्जी फार्मासिस्ट और फर्जी डॉक्टरों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग वाली अर्जी पर दोबारा सुनवाई करने का आदेश देते हुए जनहित याचिका को फिर से बहाल कर दिया। साथ ही हाइकोर्ट को आदेश दिया कि वह इस मामले में बिहार सरकार और फार्मेसी काउंसिल को यह पता लगाने को कहे कि राज्य में ऐसे कितने सरकारी, निजी अस्पताल और मेडिकल स्टोर का संचालन फर्जी फार्मासिस्ट कर रहे हैं। इस मामले पर दोनों से हलफनामा दाखिल करने को कहे। साथ ही हाईकोर्ट राज्य सरकार से फार्मेसी काउंसिल की फैक्ट फाइंडिंग रिपोर्ट पर कदम उठाये जाने की जानकारी तलब करे और यह पता लगाये कि राज्य में फार्मेसी नियमन कानून का पालन हो रहा है या नहीं। फर्जी फार्मासिस्टों के नाम पर दवा दुकान और अस्पताल चलाने को लेकर सबसे पहले पटना हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गयी थी, लेकिन हाईकोर्ट ने इसे समाप्त कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा कि पटना हाई कोर्ट ने जिस तरह से इस जनहित याचिका का निस्तारण किया वह ठीक नहीं था। नागरिकों के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने के मामले में हाई कोर्ट का रवैया कामचलाऊ था। उसने मामले की तह में जाने के बजाए आधे-अधूरे तरीके से इसका निपटारा कर दिया।

## ठेकेदार का शव मिला

### रात से लापता ठेकेदार की सुबह हाइवे किनारे लाश मिली, हत्या की आशंका

गोपालगंज, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। आरा में अपहरण के बाद ज्वेलर की हत्या और सीतामढ़ी में अगवा कर बच्चे की हत्या की खबरों पर चर्चा थमने से पहले अब गोपालगंज में बुधवार रात से लापता ठेकेदार का गुरुवार सुबह शव मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। लापता ठेकेदार मनोज सिंह का नेशनल हाइवे के किनारे शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना कुचायकोट थाना क्षेत्र के कोन्हवा गांव की है। मनोज सिंह बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के महारानी गांव के रहने वाले थे। बुधवार को नगर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित अपने आवास से कुचायकोट थाना क्षेत्र के दाऊदा रामपुर में मुखिया के घर तिलक समारोह के लिए निकलने के बाद वह लापता हो गए।

## हाईकोर्ट जज का अर्दली निलंबित

### कमर में पेटीएम का क्यूआर कोड लगा वकीलों से लेता था बख्शीश

प्रयागराज, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कमर में पेटीएम का क्यूआर कोड स्कैनर लगाकर वकीलों से ऑनलाइन बख्शीश लेने वाले हाईकोर्ट जज के अर्दली (जमादार) को मुख्य न्यायाधीश जस्टिस राजेश बिंदल के आदेश पर निलंबित कर दिया गया। अर्दली की यह करतूत सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद चीफ जस्टिस ने इसे गंभीरता से लिया और रजिस्ट्रार को कार्रवाई के लिए निर्देश दिया। इलाहाबाद हाईकोर्ट कैंपस में वर्दी पर पेटीएम का वॉलेट लगाकर वकीलों से बख्शीश लेने वाले कोर्ट जमादार (अर्दली) राजेन्द्र कुमार को महानिबंधक ने निलंबित कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश ने वायरल फोटो को गंभीरता से लिया और कार्यवाही करने का आदेश दिया। जिस पर हाईकोर्ट के महानिबंधक आशीष गर्ग निलंबन आदेश दिया है। निलंबन अवधि के दौरान राजेंद्र कुमार नजारत सेक्शन से संबद्ध रहेगा। कोर्ट की अनुमति के बिना अपना स्टेशन भी नहीं छोड़ सकेगा। इस दौरान उसे निलंबन भत्तों का भुगतान होता रहेगा। आरोप है कि वह कोर्ट कैंपस में अपनी वर्दी पर पेटीएम का वैलेट लगाकर घूमता था। फुटकर न होने की दशा में उसी पर वकीलों से बख्शीश मांगता था। पेटीएम वॉलेट के जरिए वकीलों से ऑनलाइन टिप लेता था।

# बिना बेहोश किए हाथ-पैर बांधकर किया ऑपरेशन

## महिला ने बीआरडी के डॉक्टरों पर लगाया आरोप

गोरखपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बीआरडी मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक में बिना बेहोश किए ही मरीज का ऑपरेशन कर देने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि महिला के हाथ-पैर बांधकर डॉक्टर ने ऑपरेशन कर दिया। इस बीच मरीज चिल्लाती रही, लेकिन डॉक्टर ने एक न सुनी। दर्द से वह बदहवास हो गई। स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टर ने उसे इंजेक्शन के जरिए दवा दी। जानकारी के मुताबिक, माया बाजार की रहने वाली नीलम गुप्ता को पेशाब की नली में 8.6 एमएम की पथरी थी। परिजन इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज के यूरोलाजिस्ट डॉ. पवन कुमार एसके के पास लेकर आए। नीलम के अनुसार, डॉक्टर ने दूरबीन विधि से ऑपरेशन की बात कही। इसे बाहर से मंगाने के लिए आठ हजार रुपये भी दिए गए। 21 नवंबर को डॉक्टर ने बेहोश कर ऑपरेशन किया। लेकिन, दर्द से राहत नहीं मिली।

दूसरी बार अल्ट्रासाउंड में 8.1 एमएम की पथरी मिली। डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज बुलाया और ऑपरेशन थियेटर में ले गए। आरोप है कि बेड पर हाथ-पैर बांध दिया। विरोध करने पर कहा गया



कि यह जांच की प्रक्रिया है। इसके बाद बिना बेहोश किए पेशाब की नली में दूरबीन डालकर पथरी तोड़ने लगे। इसमें बेतहाशा दर्द हुआ।

ऑपरेशन थिएटर से निकलकर पति से इसकी शिकायत की। लेकिन, वह घर लेकर चले गए। इस बीच दर्द कम नहीं हुआ। तीसरी बार अल्ट्रासाउंड कराने पर पता चला कि पथरी नहीं है, लेकिन पेशाब की नली के पास घाव हो गया है। इसकी वजह से दर्द है। मरीज का इलाज अब निजी अस्पताल में चल रहा है।

**डॉक्टर बोले- पथरी नहीं थी, पेशाब की नली में जमा हो गया था चूरा**

ऑपरेशन करने वाले डॉ. पवन कुमार एसके ने बताया कि हाथ-पैर बांधने का आरोप निराधार है। मरीज को ऑपरेशन से पूर्व बेहोश नहीं किया गया था। क्योंकि, मरीज का पथरी का ऑपरेशन नहीं होना था। न ही बड़ी सर्जरी थी। छोटी सर्जरी थी। इसमें बेहोश करने की जरूरत नहीं होती है।

मरीज की पथरी तोड़ी गई थी, उसका चूरा और बुरादा पेशाब की नली में जमा हो गया था, जिसे हटाना जरूरी था। ऑपरेशन थिएटर में उनकी केवल दो दिन की ड्यूटी रहती है। इसलिए तत्काल चूरा को हटाने के लिए छोटी सर्जरी की गई। यह कोई नया नहीं था। सप्ताह में कई महिलाओं की सर्जरी इस तरह की जाती है।

बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने कहा कि मामले की जानकारी नहीं मिली है। न ही इससे संबंधित कोई शिकायत मिली है। अगर लिखित तौर पर शिकायत मिलती है, तो मामले की जांच कराई जाएगी। बड़ी सर्जरी से पहले बेहोशी की जरूरत होती है। छोटी सर्जरी में मरीज को बेहोश नहीं किया जाता है। रही बात रुपये लेकर बाहर से मशीन मंगाने की, तो ऐसी कोई व्यवस्था बीआरडी में नहीं है।

# कांग्रेस नेता पर जानलेवा हमला

## दो राउंड फायरिंग, फसल काटने को लेकर हुई झड़प

नालंदा, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में भूमि विवाद में खून-खराबा नई बात नहीं है। आये दिन इस प्रकार की घटनाएं होती रहती है। ताजा मामला मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृहजिले नालंदा का है। यहां भूमि विवाद में हुई झड़प में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला कर दिया। इसमें न केवल लाठी-डंडे चले, बल्कि दो राउंड फायरिंकी की भी सूचना है। दिनदहाड़े हुई इस मारपीट की घटना में एक कांग्रेस नेता के घायल होने की बात कही जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। अब तक किसी की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है। दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार नालंदा थाना इलाके के कुल गांव में भूमि विवाद को लेकर जिला उपाध्यक्ष सह प्रदेश प्रतिनिधि राजीव रंजन उर्फ बबलू सिंह और उनके भाई रवि रंजन पर हमला किया गया है। यहां अपराधियों ने कांग्रेस नेता के ऊपर दो राउंड फायरिंग की है,



इतना ही नहीं लाठी से पिटाई कर उनका पैर भी तोड़ दिया है। बताया जा रहा है कि, जिन लोगों ने हमला किया है, वो लोग कुछ दिन पहले ही एक मामले में जेल से बेल पर रिहा हुए हैं। अब एक बार फिर उन्होंने आपराधिक घटनाओं को अंजाम दिया है।

पीड़ित पक्ष की माने तो गुरुवार की सुबह कुछ बदमाश उनके खेत में लगे धान की फसल को काट रहे थे। इस बात की सूचना पर जब वे वहां गए तो सभी उनपर हमला कर दिया गया। जेल से बेल पर रिहा बदमाशों ने पहले लाठी - डंडे से पिटाई कांग्रेस नेता की पिटाई की। इस दौरान कांग्रेस नेता का पैर टूट गया है। खेत में हो रहे झड़प में बीच बचाव करने पहुंचे उनके भाई के साथ भी मारपीट की गयी। इस बीच शोर सुन कर जब ग्रामीण खेत की ओर दौड़े, तब, इन बदमाशों ने जान मारने की नीयत से कांग्रेस नेता के ऊपर दो राउंड फायरिंग की, लेकिन वो बाल बाल बच गये। इसबीच वो लोग मौके से फरार हो गये। इधर, इस घटना की सूचना थाने को दे दी गयी है। फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल करने की बात कह रही है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह का इस मामले में कहना है कि, उन्हें सिर्फ इस मामले में मौखिक सूचना मिली है। जिसके बाद, पुलिस बल को घटनास्थल पर भेजा गया है। यह मामला भूमि विवाद का बताया जा रहा है। लेकिन, अब तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

## 75 घंटे का स्वच्छता अभियान शुरू, कूड़े के ढेर हटाकर बनेंगे सेल्फी प्वाइंट

लखनऊ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी के 75 जिलों के 750 निकायों में 75 घंटे का स्वच्छता अभियान शुरू हो चुका है। लखनऊ में इसकी शुरुआत नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का स्तर बढ़ाने के लिए हमने सफाई पर विशेष ध्यान देना शुरू किया है। लखनऊ में पहले 740 जगह थी जहां कूड़ा फेंकते थे जिसमें से अब 110 बची है बाकी साफ हो गई है।

इस अभियान के तहत स्वच्छ भारत मिशन नगरीय के अंतर्गत 'प्रतिबद्धः 75 जनपद, 75 घंटे, 750 निकाय' अभियान 1 दिसंबर से शुरू किए जाने का निर्णय लिया गया है। इस अभियान के तहत प्रदेश के 750 निकायों में कूड़ा एकत्रीकरण के दृष्टिगत संवेदनशील स्थानों 'गार्बेज वल्नरेबल प्वाइंट्स' को पूर्णतया विलोपित कर स्वच्छ स्थान में परिवर्तित करने की योजना है। इन स्थानों पर सफाई के बाद सौंदर्यीकरण भी होगा और कई स्थानों को सेल्फी पॉइंट के तौर पर विकसित किया जाएगा।

# नशे में चचेरे भाई को पीट-पीटकर मार डाला

## बेगूसराय में जमीन विवाद पर घर में घुसकर लाठी-रॉड से पीटा

बेगूसराय, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बेगूसराय में जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने शराब के नशे में धुत होकर लाठी, डंडे और रॉड से इतना पीटा कि 25 साल के युवक की जान चली गई। घटना नयागांव थाना क्षेत्र के हाँसपुर गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े 9 बजे हुई। रामदेव सिंह का पुत्र गैनू सिंह अपने घर पर ही था, जब उसका चचेरा भाई अजय सिंह शराब के नशे में धुत होकर घुसा और अचानक पीटने लगा। घर में मौजूद लोग बचाने आए तो उन्हें भी पीटा। गैनू को इतना पीटा गया कि वह लहूलुहान होकर वहीं मर गया। गैनू के परिजनों के अनुसार ढाई कट्ठा जमीन का विवाद लंबे समय से चला आ रहा है और बीच-बीच में इस कारण आरोपी गाली-गलौज करता रहा है और कई बार मारपीट भी की थी। आरोप है कि गुरुवार सुबह गैनू के घर में किसी बात पर विवाद हो रहा था, इसी बीच शराब के नशे में धुत अजय सिंह जबरन घर में घुसा और कोई बात किए बगैर लगातार मारने लगा। गैनू की भाभी खुशबू देवी के अनुसार लाठी, डंडे और रॉड से पीट-पीटकर उनके देवर की हत्या की गई है। बीचबचाव के दौरान उनके पति भी लहूलुहान हो गए, जिनका इलाज निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। पुलिस को दी जानकारी के अनुसार घटना के समय अजय सिंह की ओर से विजय सिंह समेत कई लोग आ गए थे।

**पुलिस पर लापरवाही का आरोप**

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना नयागांव पुलिस को दी। मृतक के परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में दूसरे पक्ष की मनमानी की सूचना पहले भी पुलिस को दी गई थी और अब हत्या के बाद भी तत्काल खबर की गई, लेकिन पुलिस देर से पहुंची। हालांकि, घटना के बाद नयागांव थाने की पुलिस ने गैनू के घर से शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए बेगूसराय सदर अस्पताल भेज दिया। आरोपी चचेरे भाई की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## थाने में सामूहिक दुष्कर्म का पुलिसकर्मी पर लगाया आरोप, एसएसपी से की शिकायत

मेरठ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जेल से 44 दिन बाद जमानत पर बाहर आने के बाद महिला ने नौचंदी थाने में पुलिस कर्मियों द्वारा गैंग रेप करने का आरोप लगा दिया महिला ने एसएसपी ऑफिस पर शिकायती पत्र देकर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी सिटी पीयूष सिंह का कहना कि महिला के आरोप बेबुनियाद हैं। महिला ने बताया कि नौचंदी मैदान में मेला लगाने को लेकर विवाद हो गया था, जिसके चलते पुलिस ने उसे 45 दिन पहले गिरफ्तार किया था। एक रात महिला को नौचंदी थाने में रखा गया।

महिला का आरोप कि थाने में दरोगा सहित तीन पुलिसकर्मियों पर गैंगरेप किया है। गुरुवार को महिला ने एसएसपी ऑफिस पर पहुंचकर दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों के खिलाफ शिकायती पत्र दिया एसएसपी ऑफिस पर शिकायत सुन रही सीओ कैंट रूपाली राय ने मामले की जांच कराने का आश्वासन महिला को दिया। आरोप है कि थाना परिसर में हवालात से निकाल कमरे में गैंगरेप किया गया।

महिला ने पुलिस वालों पर पैसा लेने का भी आरोप लगाया है एसपी सिटी का कहना है कि ब्लैक मेलिंग करने के मामले में महिला को जेल भेजा गया था। महिला द्वारा लगाए गए आरोप प्राथमिक जांच में गलत है। थाने में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। वह भी देखे जाएंगे।

# दूल्हे की आरती उतारी वरमाला भी हो गया

## मंडप पर जाने से पहले दुल्हन ने नकारा, बाराती बंधक

खगड़िया, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। शादी-ब्याह के मौसम में इस बार उलटफेर की खबरें भी खूब आ रही हैं। यह खबर भी कुछ ऐसी ही है। खगड़िया में बुधवार को एक शादी थी। बारात भागलपुर से आई थी। पूरे उत्साह के साथ बारात दुल्हन के दरवाजे पहुंची। दुल्हन ने स्टेज पर दूल्हे की आरती भी उतारी और राजी-खुशी दोनों ने एक-दूसरे के गले में वरमाला डाली। फिर पता नहीं क्या सूझा कि दूल्हा मंडप पर इंतजार करता रहा और दुल्हन शादी से इनकार। अंत में दुल्हन के परिजनों ने दूल्हे को अग्निफेरा नहीं होने के कारण शादी अधूरी होने की बात कह तिलक का सामान लौटाने कहा। आनाकानी पर बारात को बंधक बना लिया गया। मुफ्फसिल थाना इलाके के रहीमपुर नया टोला में बुधवार रात भागलपुर के नारायणपुर से बारात आई थी। दुल्हन ने दूल्हा नहीं पसंद होने की बात कह शादी से इनकार कर दिया। उसने यहां तक कह दिया कि लड़का मानसिक रूप से बीमार है। दुल्हन के इस फैसले से दोनों पक्ष हैरान रह गया। दूल्हा हितेश कुमार एक किनारे बैठा रहा और दोनों पक्ष दुल्हन को शादी के लिए मनाते रहे। जब बात नहीं बनी तो शादी नहीं होने के आधार पर लड़की पक्ष ने तिलक में दिए सामान लौटने को लेकर दूल्हा समेत पांच बारातियों को एक स्कूल भवन में बंधक बना लिया।

# शिअद के संगठनात्मक ढांचे का पुनर्गठन

## प्रकाश सिंह बादल मुख्य संरक्षक, ब्रह्मपुरा होंगे संरक्षक



चंडीगढ़, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के अध्यक्ष सुखबीर बादल ने पार्टी के जत्थेबंदक ढांचे का पुनर्गठन करते हुए पार्टी के मुख्य संरक्षक, संरक्षक, सलाहकार बोर्ड और पार्टी की कोर कमेटी का एलान किया है। बुधवार को जारी की गई सूची के अनुसार, प्रकाश सिंह बादल मुख्य संरक्षक और रंजीत सिंह ब्रह्मपुरा पार्टी के संरक्षक होंगे। इनके अलावा जिन नेताओं को पार्टी अध्यक्ष के सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है, उनमें चरनजीत सिंह अटवाल, प्रो. किरपाल सिंह बडूंगर, डॉ. उपिंदरजीत कौर, मदन मोहन मितल, बलदेव सिंह मान, प्रकाश चंद गर्ग, वीर सिंह लोपोके, वरिंदर सिंह बाजवा और जरनैल सिंह वाहद के नाम शामिल हैं। नई घोषित की गई कोर कमेटी में 12 पुराने और 14 नए चेहरों को शामिल किया गया है। यूथ विंग और स्त्री विंग के अध्यक्षों को पक्के तौर पर एक्सऑफिसीयो सदस्य के तौर पर शामिल किया गया है। जिन वरिष्ठ नेताओं को पार्टी की कोर कमेटी का सदस्य बनाया गया है, उनमें बलविंदर सिंह भूंदड़, महेशइंदर सिंह ग्रेवाल, प्रो. प्रेम सिंह चंदूमाजरा, गुलजार सिंह रणीके, सिकंदर सिंह मलूका, अनिल जोशी, जनमेजा सिंह सेखों, डॉ. दलजीत सिंह चीमा, शरनजीत सिंह ढिल्लों, बिक्रम सिंह मजीठिया, सुरजीत सिंह रखड़ा, हीरा सिंह गाबड़िया, प्रधान स्त्री अकाली दल, एनके शर्मा, इकबाल सिंह झूंदा, डॉ. सुखविंदर सुक्खी, गुरप्रताप सिंह वडाला, पवन कुमार टीनू, विरसा सिंह वल्टोहा, गुरबचन सिंह बब्बेहाली, लखबीर सिंह लोधीनंगल, सुनीता चौधरी और अध्यक्ष यूथ विंग के नाम शामिल हैं।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में कोर्ट ने डीएमके नेता ए राजा को भेजा समन



चेन्नई, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। आय से अधिक सम्पत्ति (डीए) मामले में बुधवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के लोकसभा सदस्य ए राजा को स्थानीय कोर्ट ने समन भेजा है. उन्हें 10 जनवरी 2023 को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का आदेश दिया है. यह मामला साल 2015 का है जिसमें ए राजा पर आय से अधिक संपत्ति का आरोप लगा है. सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में राजा को आरोपी बनाया था और उनके खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी. राजा फिलहाल नीलगिरि संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं. ए राजा पर आरोप है कि आय से अधिक संपत्ति के खिलाफ अगस्त 2022 में दायर आरोप-पत्र के अनुसार, 2007 में एक केंद्रीय मंत्री के रूप में उन्होंने कांचीपुरम जिले में एक होटल बनाने के लिए हरियाणा के गुरुग्राम स्थित एक रियल-एस्टेट कंपनी को बुनियादी ढांचा का दर्जा दिया था और इसके बदले में अवैध पैसे लिये थे.

**आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप**

सीबीआई के आरोप-पत्र के अनुसार, रियल एस्टेट कंपनी ने राजा को 4.56 करोड़ रुपये का भुगतान कोवई शेल्टर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक कंपनी के माध्यम से किया था. यह कंपनी राजा के करीबी व्यक्ति की है, जिसमें पूर्व केंद्रीय मंत्री के रिश्तेदार भी निदेशक हैं. सीबीआई ने उन पर आय के ज्ञात स्रोतों से 5.53 करोड़ रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित करने का आरोप लगाया था.

**10 जनवरी को कोर्ट में पेश होने का आदेश**

उसके बाद यह मामला उस विशेष अदालत में स्थानांतरित कर दिया गया था, जो चेन्नई में सांसदों और विधायकों के खिलाफ मामलों की सुनवाई करती है. बुधवार को इस मामले की सुनवाई हुई. न्यायाधीश टी शिवकुमार ने राजा, कृष्णमूर्ति और एन रमेश समेत मामले में कथित रूप से शामिल अन्य लोगों को व्यक्तिगत रूप से पेश होने के लिए सम्मन जारी किया. मामले की सुनवाई की अगली तारीख 10 जनवरी, 2023 मुकर्रर की गयी है.

**टू जी स्पेक्ट्रम में भी लगा था राजा पर आरोप**

इस मामले में सीबीआई ने 2015 में राजा तथा 16 अन्य लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था, जिसमें उनका भतीजा परमेश, पत्नी परमेश्वरी, उनके सहायक कृष्णमूर्ति और राजा के कथित सहयोगी सादिक बाशा की पत्नी शामिल है. सीबीआई ने टू जी स्पेक्ट्रम आवंटन मामले के संबंध में भी पूर्व केंद्रीय दूरसंचार मंत्री राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था लेकिन एक विशेष अदालत ने उन्हें बरी कर दिया था. क्योंकि एजेंसी उनके खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई भी आरोप साबित नहीं कर पाई थी.

# आरएस पुरा से बनी जाते कार खाई में गिरी, मां-बेटे सहित तीन की मौत

कठुआ, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू के आरएस पुरा से कठुआ के बनी जा रहे परिवार की वरना कार बनी-बसोहली मार्ग पर मंगियार के नजदीक खाई में जा गिरी। हादसे में मां और बेटे समेत तीन लोगों की मौत हो गई। दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें बनी जिला अस्पताल ले जाया गया। कार हादसे के शिकार हुए लोग बनी के एक प्रतिष्ठित परिवार के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। मृतकों की पहचान मोनिका गुप्ता (40) पत्नी संजय, सिद्धार्थ गुप्ता (11) पुत्र संजय गुप्ता और शेखर गुप्ता (45) पुत्र रामलाल सभी निवासी आरएस पुरा के रूप में हुई है।

प्रभात गुप्ता (18) पुत्र पवन गुप्ता और रूबी गुप्ता (40) पत्नी राजेश गुप्ता निवासी आरएस पुरा की हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वरना कार (जेके02सीएक्स-4600) में यह लोग बनी में स्थित अपने रिश्तेदार के घर जा रहे थे। बनी में मोनिका गुप्ता के भाई रहते हैं। बनी का यह प्रतिष्ठित परिवार है, जो बड़े सतर पर वार्षिक दंगल का आयोजन करते हैं। बनी-बसोहली मार्ग पर मंगियार के पास पहुंचते ही कार बेकाबू होकर करीब 300 फुट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए।

रेस्क्यू कर सभी को बनी उपजिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां मोनिका, सिद्धार्थ और शेखर गुप्ता को मृत घोषित कर दिया गया है। एसडीएम बनी सतीश कुमार ने बताया कि लगभग तीन सौ फुट गहरी खाई में कार गिरी थी। जिसमें दो लोगों को बचाव कर अस्पताल पहुंचा दिया गया था, जबकि तीन अन्य को खोजने में ही दो घंटे का समय लग गया। अंधेरा अधिक होने और जंगल का इलाका होने के चलते बचाव कार्य में भी दिक्कतें आई हैं। फिलहाल घायलों को जीएमसी कठुआ रेफर किया जा रहा है।

# 15 साल की मुस्लिम लड़की अपनी पसंद से कर सकती है शादी

## जानिए हाई कोर्ट ने क्या कहा



जमशेदपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। हिंदू मुस्लिम पर हो रहे तमाम विवादों के बीच झारखंड हाईकोर्ट ने कहा है कि मुस्लिम पर्सनल लॉ के तहत 15 साल या उससे अधिक उम्र की मुस्लिम लड़की अपने अभिभावकों के हस्तक्षेप के बगैर अपनी पसंद के व्यक्ति से शादी करने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने इस लॉ का हवाला देते हुए 15 साल की उम्र की एक लड़की से शादी करने वाले युवक के खिलाफ दर्ज एफआईआर और क्रिमिनल प्रोसिडिंग रद्द करने का आदेश किया। जमशेदपुर के जुगसलाई की रहने वाली एक 15 वर्षीय लड़की को बहला-फुसलाकर शादी करने का आरोप लगाते हुए उसके पिता ने बिहार के नवादा निवासी एक 24 वर्षीय युवक मो. सोनू के खिलाफ धारा 366ए और 120बी के तहत एफआईआर दर्ज कराई थी। इस एफआईआर पर क्रिमिनल प्रोसिडिंग को चुनौती देते हुए मो. सोनू ने झारखंड हाईकोर्ट जस्टिस में क्वैशिंग याचिका दायर की थी।

**कोर्ट ने शादी को बताया सही**

याचिका पर सुनवाई के दौरान ही लड़की के पिता ने अदालत में हलफनामा पेश कर कहा था कि अपनी पुत्री के विवाह पर उनका कोई एतराज नहीं है। उनकी बेटी को अल्लाह की मेहरबानी से नेक जोड़ीदार मिला है। उन्होंने गलतफहमी की वजह से मो. सोनू के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। सुनवाई के दौरान लड़की के वकील ने भी अदालत में बताया कि दोनों परिवार इस शादी को स्वीकार कर चुके हैं। सभी पक्षों को सुनने के बाद जस्टिस एस.के. द्विवेदी की एकल पीठ ने युवक के खिलाफ दायर एफआईआर और क्रिमिनल प्रोसिडिंग को रद्द करने का आदेश दिया। हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि यह साफ है कि मुस्लिम लड़की का विवाह मुस्लिम पर्सनल लॉ द्वारा शासित होता है। लड़की की उम्र लगभग 15 वर्ष है और वह अपनी पसंद के व्यक्ति के साथ विवाह करने को स्वतंत्र है।

# भारत-पाक सीमा के पास से मिला टूटा हुआ ड्रोन

## खेतों में गए किसान ने देखा, बीएसएफ ने शुरू की जांच



तरनतारन (पंजाब), 1 दिसंबर (एजेंसियां)। तरनतारन के सीमावर्ती गांव वान में एक किसान को खेतों में गिरा हुआ ड्रोन मिला। जिसके बाद किसान ने खालड़ा पुलिस व सीमा सुरक्षा बल को इसकी सूचना दी। फिलहाल टूटे ड्रोन के हिस्सों को रिकवर करके जांच शुरू कर दी गई है। भारत-पाकिस्तान सीमा के पांच किलोमीटर में स्थित तरनतारन के गांव वान की वान-मरीकबोके रोड पर एक किसान सुबह खेतों में चक्कर लगाने गया था। तभी उसने खेतों में गिरे ड्रोन को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने सीमा सुरक्षा बल को गिरे ड्रोन के बारे में बताया। यह डीजेआई मैट्रिक्स 300 आरटीके ड्रोन है, जिसे पाकिस्तान में बैठे तस्कर हेरोइन व हथियारों की खेप को भारत में भेजने के लिए इस्तेमाल करते हैं। ड्रोन टूटा हुआ था और खेतों में उसके टुकड़े कुछ मीटर एरिया में गिरे हुए थे। सभी को इकट्ठा कर जांच शुरू कर दी गई है। सीमा सुरक्षा बल अधिकारियों का कहना है कि ड्रोन कब क्रैश हुआ, अभी स्पष्ट नहीं है। दो दिन पहले सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने ड्रोन मूवमेंट को भांप फायरिंग की थी। अनुमान है कि यह ड्रोन तभी क्रैश हुआ और सर्च के दौरान पुलिस व सीमा सुरक्षा बल की आंखों से बच गया है। फोरेंसिक जांच के बाद ही इस स्थिति का पता चल सकेगा। सीमा सुरक्षा बल से मिली जानकारी के अनुसार, इस साल पाकिस्तान की तरफ से भारतीय सरहद में ड्रोन मूवमेंट 80 फीसदी तक बढ़ी है। तकरीबन 260 बार ड्रोन भारतीय सरहद में दाखिल हुआ और 39 बार गिराया गया। यह इस साल का 40वां ड्रोन है, जिसे गिराया गया है।

**बॉर्डर पर 30 जगहों पर लेजर एंटी ड्रोन लगाने की तैयारी**

पाकिस्तान की तरफ से बड़ी ड्रोन मूवमेंट को कंट्रोल करने के लिए लेजर एंटी ड्रोन तकनीक लगाने की तैयारी चल रही है। पंजाब बॉर्डर पर 30 जगहों को चुना गया है, जहां यह तकनीक इस्तेमाल की जाएगी।

# कन्नड़ संगठन के सदस्यों ने बेलगावी में जलाया टायर, छात्रों से की मारपीट

बेंगलुरु, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक और महाराष्ट्र में सालों से सीमा विवाद चला आ रहा है. मामला सुप्रीम कोर्ट में है. इस बीच कर्नाटक के बेलगावी में कन्नड़ संगठन के सदस्यों ने जमकर बवाल मचाया. कन्नड़ संगठन के सदस्यों ने महाराष्ट्र समर्थक छात्रों के साथ मारपीट की और विरोध में गाड़ी के टायर जला दिए. पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ.

कन्नड़ा संगठन का आरोप है कि हाल ही में एक प्रतिष्ठित कॉलेज के वार्षिक कार्यक्रम में जब एक छात्र ने कर्नाटक का झंडा लहराया, तो महाराष्ट्र समर्थक छात्रों ने उसके साथ मारपीट की. उनका आरोप है कि महाराष्ट्र एकीकरण समिति बेलगावी में माहौल खराब कर रही है. घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें कर्नाटक का झंडा लिए एक छात्र की कुछ युवक पिटाई करते दिख रहे हैं. हालांकि, इस मारपीट को लेकर अब तक पुलिस का बयान सामने नहीं आया है.

आगामी तीन दिसंबर को महाराष्ट्र सरकार के मंत्री चंद्रकांत पाटिल और शंभूराज देसाई बेलगावी का दौरा कर सकते हैं. जानकारी है कि वे यहां महाराष्ट्र एकीकरण समिति (एमईएस) (महाराष्ट्र समर्थक संगठन) के पदाधिकारियों से मिलने के लिए आ रहे हैं. उनके दौरे के दौरान किसी भी तरह की कोई अप्रत्याशित घटना ना हो इसके लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं.

# दुल्हन लेकर लौटे साले पर जीजा ने करवाया हमला, स्टेशन के बाहर चले चाकू, शादी में हुई बहस से था नाराज

अंबाला, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन की आरपीएफ पोस्ट के बाहर गोरखपुर से शादी कर पहुंचे परिवार के बीच खूनी संघर्ष हो गया। जीजा ने शादी में हुई बहस के बाद अंबाला स्टेशन पर उतरे साले दूल्हे सहित परिवार पर हथौड़ों, डंडों और तेजधार हथियार से हमला करवा दिया। जीजा के बुलाए बदमाशों ने जमकर मारपीट की। आरपीएफ मुलाजिमों ने तुरंत बीच-बचाव कर मामले को शांत करवाया। कुछ बदमाशों को आरपीएफ ने पकड़ कर पूछताछ शुरू कर दी है।

# अब दुष्कर्म पीड़िता पर एफआईआर पुलिस बोली

## थाने में आरोपी पर किया चाकू से हमला



मोहाली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। दुष्कर्म पीड़िता से पैसे लेते महिला एएसआई का वीडियो वायरल होने और इस पूरे प्रकरण में नया मोड़ आ गया। डेराबस्सी पुलिस ने शिकायतकर्ता महिला के खिलाफ ब्लैकमेलिंग और थाने में आरोपियों पर चाकू से हमला करने के आरोप में केस दर्ज कर लिया। डेराबस्सी थाना प्रभारी जसकंवल सिंह सेखों ने बताया कि शिकायतकर्ता महिला ने इस साल मार्च महीने में हाजी नदीम अहमद के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज करवाया था। मामले में आज दोनों पार्टियों को जांच के लिए थाने में बुलाया गया था। महिला पहले आ गई थी जबकि आरोपी हाजी नदीम अहमद व उसका भाई हाजी नसीम अहमद बाद में आया। महिला दोनों भाइयों को देखकर भड़क गई और अपने पास पहले से रखा चाकू निकालकर उन पर हमला कर दिया। हमले में दोनों भाइयों के हाथ और कलाई पर दो से तीन घाव हो गए। हमले के बाद महिला ने दोनों को ब्लैकमेल करते हुए पैसे की मांग की। मौके पर मौजूद महिला पुलिसकर्मी ने उसे रोकने की काफी कोशिश की लेकिन वह बाज नहीं आई और पुलिस कर्मियों के साथ भी हाथापाई करने लगी। साथ ही धमकी दिया कि अगर उसको पैसे नहीं दिलवाए तो वह पुलिस स्टेशन में ही आत्महत्या कर लेगी। इसके बाद पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर लिया।

उधर, शिकायतकर्ता महिला ने अपने फेसबुक पर लाइव होकर पुलिस के आरोपों को नकारा है। लाइव में उसने बताया कि थाना प्रभारी ने उसे पुलिस स्टेशन में बुलाया था लेकिन जब वह थाने पहुंची तो आरोपी व उसका भाई पहले से बैठे थे। उन्होंने कहा कि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने की जगह उसके खिलाफ झूठा केस दर्ज कर दिया। इसे लेकर उसने पुलिस स्टेशन में आत्महत्या करने की कोशिश की।

उसने कहा कि वह इसके खिलाफ हाईकोर्ट जाएगी। शिकायतकर्ता महिला ने अपने फेसबुक पेज पर महिला एएसआई प्रवीण कौर की वीडियो डाली थी। वीडियो में महिला ने आरोप लगाया था कि उस समय पुलिस थाने में तैनात महिला एएसआई ने उसके मामले में कार्रवाई करने के लिए उससे 50 हजार रुपये की रिश्वत ली थी। पैसे लेते एएसआई सीसीटीवी फुटेज में कैद हो गई थी। इसका नोटिस लेते हुए पुलिस के उच्च अधिकारियों ने महिला एएसआई पर केस दर्ज कर उसे लाइन हाजिर कर दिया था।

# सांबा: एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने पकड़ी भुक्की की बड़ी खेप, ट्रक से 22 बोरे किए जब्त

सांबा, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जिला सांबा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने गुरुवार को बड़ी सफलता हासिल की है। टास्क फोर्स ने एक विशेष सूचना पर कार्य करते हुए जिले के नड्डु क्षेत्र के पास एक ट्रक से भुक्की की बड़ी खेप जब्त की है। बताया जा रहा है यह ट्रक कश्मीर से पंजाब की ओर जा रहा था। इसमें अन्य सामान के साथ 22 भुक्की के बोरे बरामद किए है। इस संबंध में पुलिस ने ट्रक चालक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस और टास्क फोर्स की जांच जारी है।

# रेल यात्रियों के लिए जरूरी खबर, तीन माह नहीं चलेंगी ये ट्रेन, कोहरे को देखते हुए लिया गया निर्णय

देहरादून, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कोहरे को देखते हुए और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे ने दो ट्रेन रद्द करने का निर्णय लिया है। हालांकि, ट्रेंने रद्द होने की वजह से हजारों यात्रियों को दिक्कतें शुरू हो गई हैं। रेलवे विभाग से मिली जानकारी के अनुसार देहरादून से बनारस जाने वाली जनता एक्सप्रेस दो दिसंबर से तीन मार्च तक रद्द की गई है। दून स्टेशन से चलने वाली प्रमुख ट्रेन जनता और कुंभ एक्सप्रेस को तीन माह के लिए रद्द कर दिया गया है। देहरादून से हावड़ा जाने वाली कुंभ एक्सप्रेस तीन दिसंबर से एक मार्च तक नहीं चलेगी। स्टेशन अधीक्षक शशांक शर्मा ने बताया कि उपासना एक्सप्रेस को फिलहाल रद्द नहीं किया गया है। ये ट्रेन अपने निर्धारित तिथि और समय पर ही चलेगी। उन्होंने बताया कि अगर कोई ट्रेन रद्द होती है तो इसकी सूचना पूर्व में दे दी जाएगी। इधर, उक्त दो ट्रेन रद्द होने की वजह से इस रूट के यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है।

# मुंबई में कोरियन महिला यूट्यूबर से छेड़छाड़

## कैमरे में कैद हुई घटना, आरोपी गिरफ्तार

मुंबई, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के खार इलाके में एक कोरियन महिला के साथ 2 युवकों द्वारा छेड़छाड़ की घटना सामने आई है। युवती यूट्यूबर है और जिस समय उसके साथ यह घटना हुई वह लाइव स्ट्रीमिंग कर रही थी। वीडियो सामने आने के बाद खार पुलिस ने स्वतः संज्ञान लेते हुए कार्रवाई की और धारा 354 के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने गुरुवार को तड़के दोनों आरोपियों, 19 साल के चांद मोहम्मद और 20 साल के मोहम्मद नकीब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया है।

**महिला का हाथ खींचकर ले जाते दिखा आरोपी**

कोरियन महिला यूट्यूबर के साथ छेड़छाड़ की यह घटना 29 नवंबर के शाम की है। घटना के समय वह मुंबई के खार इलाके में लाइवस्ट्रीमिंग कर रही थी। वीडियो में नजर आ रहा है कि एक युवक दक्षिण कोरिया की रहने वाली इस महिला के काफी करीब आता है और उसके विरोध के बावजूद उसका हाथ खींचता है। वह बार-बार महिला को अपनी स्कूटी पर बैठने के लिए कहता है। इसी बीच वह महिला के काफी करीब आकर उसे चूमने की भी कोशिश करता है, जिसके बाद महिला वहां से जाने लगती है। वीडियो में महिला यह कहती हुई नजर आती है कि 'अब मुझे घर जाना पड़ेगा।'



**महिला जाने लगी तो फिर की जबरदस्ती की कोशिश**

वीडियो में नजर आ रहा है कि जब कोरियन महिला वहां से जाने लगती है तो दो आरोपी स्कूटी पर सवार होकर उसके पीछे आते हैं। इसके बाद उन्होंने उससे फिर अपने साथ चलने के लिए कहा। इस दौरान दोनों महिला से थोड़ी जबरदस्ती करने भी दिखाई दिए। हालांकि युवती ने दोनों की पेशकश को ठुकरा दिया। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने स्वतः इसका संज्ञान लिया और दोनों आरोपियों, चांद मोहम्मद और नकीब अंसारी को गिरफ्तार कर लिया।

# दो साल से फरार इनामी मानव तस्कर भोपाल से गिरफ्तार



भोपाल, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। एक बेसहारा युवती को अच्छे परिवार में शादी कराने का झांसा देकर उसका सौदा करने वाले मानव तस्कर गिरोह के सरगना को गोहपारू थाना पुलिस ने भोपाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 10 हजार व अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन द्वारा 30 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। गोहपारू थाना में अगस्त 2020 में फरियादी गुड्डी सिंह उर्फ गुडिया सिंह पिता स्व. नानसाय सिंह गौड निवासी सुडवार द्वारा थाना गोहपारू में लिखित आवेदन पत्र दिया था कि मानव तस्करी गिरोह के कुछ सदस्यों द्वारा उसे पिता के स्वर्गवास के बाद अच्छे परिवार में उसकी शादी कराने का झांसा दिया और उसे बंधक बनाकर उससे ईट भटटा का काम कराया गया और बाद में युवती को 20 हजार रुपये में पकड़े गए आरोपी सचिन जाटव निवासी ग्राम भगौनिया जिला विदिशा को बेच दिया गया। फरियादी की रिपोर्ट के आधार पर थाना गोहपारू में अपराध क्रमांक 385/20 धारा 366, 344, 368, 370 376(2)एन एवं 34 भादवि के तहत मामला पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया था।

प्रकरण में जांच उपरांत पुलिस ने मानव तस्करी गिरोह के आठ सदस्यों काजल उर्फ शान्ति सिंह गौड पति गणेश सिंह गौड, गणेश सिंह निवासी गजवाही पाली जिला उमरिया, देववती सिंह निवासी धौनहा थाना गोहपारू, सीमा सिंह पति जयसिंह निवासी खैरी थाना बुढार, रघुनाथ जाटव पिता गोकल सिंह जाटव, पूजा सिंह पति रघुनाथ सिंह जाटव निवासी बंधिया जिला विदिशा, भूरी जाटव निवासी गोहपारू एवं सचिन जाटव पिता रामसिंह जाटव निवासी ग्राम भगौनिया जिला विदिशा के विरूद्व अपराध पंजीबद्व कर विवेचना की जा रही थी।

# नाराज बहन ने भाई को भेजा जेल: अदालत ने सुनाया फैसला, चार माह का कारावास

काशीपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। एसीजेएम द्वितीय रुचिका गोयल की अदालत ने चेक बाउंस होने के दोषी भाई को चार माह के कारावास और साढ़े छह लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड जमा नहीं करने पर आरोपी को एक माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। खड़कपुर देवीपुरा निवासी निर्मला ने अपने अधिवक्ता सूरज कुमार के माध्यम से एसीजेएम द्वितीय की अदालत में परिवाद दायर किया था। बताया कि आरोपी बलवंत सिंह और वह सगे भाई-बहन हैं। सात अक्तूबर 2018 को बलवंत उसके घर आया और बेटे की शादी के लिए छह लाख रुपये उधार मांगे। आरोपी ने अगस्त 2019 तक रकम लौटाने का भरोसा दिलाया। विश्वास कर उसने अपने पति ओमकार के सामने 14 अक्तूबर 2018 को बलवंत को छह लाख रुपये दे दिए। मियाद पूरी होने पर उसने भाई से उधार दी गई रकम मांगी तो उसने कोटक महेंद्रा बैंक की रुद्रपुर शाखा का छह लाख रुपये का चेक दे दिया। 27 अगस्त 2019 को इलाहाबाद बैंक की काशीपुर शाखा में भाई से मिला चेक भुगतान के लिए लगाया तो वह बाउंस हो गया।

# प्रदेश के मंदिरों के प्रबंधन की नीति बनाने के लिए सरकार स्वतंत्र

श्रीनगर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय ने कहा कि जम्मू-कश्मीर में मंदिरों के प्रबंधन के लिए कोई भी नीति विकसित करने के लिए सरकार पूरी तरह स्वतंत्र है। मुख्य न्यायाधीश अली मोहम्मद माग्रे और न्यायमूर्ति संजय धर की खंडपीठ ने महाधिवक्ता डीसी रैना की दलील सुनने के बाद बुधवार को यह आदेश पारित किया। मामले की अगली सुनवाई 26 दिसंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश की पीठ के समक्ष बुधवार को जैसे ही रंजीत गोरखा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई शुरू हुई, महाधिवक्ता ने याचिका पर सवाल उठाते हुए अदालत द्वारा पारित सभी अंतरिम आदेशों को रद्द करने की मांग की।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 2 दिसंबर, 2022

# पशुओं के प्रति संवेदनहीनता

इस धरती पर जितने भी जीव जंतु हैं उनमें इंसान ही सबसे श्रेष्ठ एवं विशेष माना गया है। शायद इसीलिए आदमी को विवेक, संवेदना के तौर पर विशेष रूप से कृपा की गई है। उसे पारिस्थितिकी के चक्र को समझने का मौका मिला और उसी मुताबिक इंसान के व्यवहार इतने संवेदनशील बनते गए कि वह सभी जीवों के प्रति उदार होता चला गया। लेकिन कुछ लोग इसी मानुष समाज में ही ऐसे बर्ताव के लिए अपनी जगह बनाई, इंसान कहते हुए भी शर्म का एहसास होने लगता है। कुछ इसी तरह के एक इंसान यूपी के बदायूं जिले में दिखा है, जिसके खिलाफ चूहे को निर्ममता से मारने के आरोप में पुलिस में केस दर्ज किया गया है। हालांकि कुछ लोग इस तरह की घटना पर ताज्जुब भी कर रहे हैं, लेकिन कुछ लोग इसे मनुष्य के बीच अवांछित व्यवहारों के एक उदाहरण के तौर पर भी देख रहे हैं। यह मामला अब कानून के कठघरे में पहुंच चुका है, इसलिए अब इसका फैसला कानूनी प्रक्रिया के तहत ही किया जाना संभव होगा। देखा जाए तो पशु क्रूरता निवारण अधिनियम जब लागू किया गया था तभी से उसका मकसद ही मनुष्य के ऐसे व्यवहारों पर लगाम लगाना था, जिसमें वह बिना किसी वजह के किसी पशु पर हमला करता है या उसे मार डालने के लिए क्रूर तरीके अपनाता है। इस लिहाज से देखें तो बदायूं की घटना इसी श्रेणी की कही जाएगी। चूहे को मारने के लिए एक युवक ने उसकी पूंछ को एक पत्थर से बांधा, फिर उसे एक नाले में फेंक दिया, जिससे चूहा तैर न सका और डूबने से उसकी जान चली गई। देखा जाए तो किसी पशु के प्रति इस तरह की क्रूरता का यह कोई पहला उदाहरण नहीं है। आए दिन ऐसे मामले सामने आते रहते हैं। लेकिन चूहे को लेकर इस तरह की पहली घटना देखी व सुनी गई। इससे पहले देश की राजधानी दिल्ली में एक गर्भवती कुतिया को एक कालेज के कुछ कर्मचारियों और छात्रों ने मिल कर बेहद बर्बरता से पीट-पीट कर मार डाला था। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। यह अपने आप में कितना विचित्र है कि किसी आदमी में अबोले जीव के प्रति किस हद तक संवेदनहीनता मौजूद है। ऐसे में तो यह भी नहीं कहा जा सकता कि किसी भी पशु को तड़पा कर मारने से किसी व्यक्ति को कौन सा संतोष मिलता है! अगर सचमुच कोई संतोष मिलता है तो क्या यह इस बात का सबूत नहीं है कि ऐसे व्यक्ति के भीतर संवेदना का उचित विकास नहीं हो पाया या फिर उसने अपने मानवीय विवेक को दरकिनार कर संवेदनहीन होने के लिए सचेतन प्रयास किया? सच यह है कि मन-मस्तिष्क में मौजूद विवेक आधारित संवेदनशीलता ही मनुष्य को समूचे जीवन-जगत में खास बनाती है। धरती पर मौजूद तमाम पशु-पक्षी रहे हैं, जो मानव सभ्यता के विकास क्रम में उसके सहायक के रूप में साथ रहे। यहां तक कि कई अवसरों पर तो वे बेहद उपयोगी साबित हुए। यों भी समूचे पारिस्थितिकी तंत्र में जीव-जगत का अपना चक्र है और सभी का जीवन किसी न किसी रूप में एक दूसरे के अस्तित्व से जुड़ा है। इस नाते किसी भी व्यक्ति के लिए यह समझना उसके मनुष्य होने की बुनियादी शर्त के तौर पर देखा जाना चाहिए कि वह किसी भी जीव के प्रति अपने व्यवहार को कितना विवेकसम्मत बना पाता है और अपने व्यवहार में कितनी संवेदनशीलता बरत पाता है। ऐसे तमाम लोग हैं, जो न केवल पालतू, बल्कि आवारा पशुओं के प्रति भी बेहद मानवीय बर्ताव करते हैं, उनसे प्यार जताते हैं और उनके लिए भोजन भी मुहैया कराते हैं। अपने हैदराबाद में भी जसराज श्री श्रीमाल जैसे पशु प्रेमी हैं जो इनके लिए रोज संघर्ष करते रहते हैं। कई लोग तो ऐसे भी हैं जो बीमार व घायल हो गए कुत्ते या अन्य पशुओं का इलाज करा कर उनका खयाल रखने की भी कोशिश करते हैं। यह उनके बेहतर मनुष्य होने का प्रमाण नहीं तो और क्या है? इसके विपरीत अगर कोई व्यक्ति किसी पशु के प्रति क्रूरतापूर्ण तरीके से पेश आता है, उसे मार डालता है तो उसे न केवल मानवीय कसौटी पर कमतर मनुष्य के तौर पर देखा जाना चाहिए, बल्कि उसके खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई भी करवाना चाहिए, तभी ऐसे सनकी लोगों के होश ठिकाने आएंगे।

# असंतुलित शहरों की बढ़ती चुनौतियां

असंतुलित और अनियोजित शहरी विकास ने देश के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न की हैं। मसलन, नगर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, क्योंकि हरित क्षेत्र को नगर के विकास के लिए समाप्त किया जा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन ने अनेक नगरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, खासकर समुद्र के किनारे बसे नगर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं हैं।

संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के मुताबिक मौजूदा वक्त में दुनिया की आधी आबादी शहरों में रह रही है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2050 तक भारत की आधी आबादी महानगरों और शहरों में रहने लगेगी और तब तक विश्व की आबादी का सत्तर फीसद हिस्सा शहरों में रह रहा होगा। एक दूसरी संस्था आक्सफोर्ड इकोनामिक के अध्ययन के मुताबिक 2019 से लेकर 2035 के बीच सबसे तेजी से बढ़ने वाले शीर्ष दस शहर भारत के होंगे।

विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत का शहरीकरण अघोषित और अस्त-व्यस्त है। प्रदूषित झीलें, नदियां, तालाब, ट्रैफिक जाम, बारिश में उफनते गंदे नाले, नगरों में बढ़ता वायु प्रदूषण, सड़क दुर्घटनाएं, आवारा पशुओं की सड़कों पर भीड़ के कारण होने वाली दुर्घटनाएं, बिजली और पानी का संकट, यातायात के संसाधनों का बेतरतीब होना, नगरों में फैली गंदगी, गंदी बस्तियों का विस्तार आदि ऐसे मुद्दे हैं, जो देश के शहरीकरण की वास्तविक स्थिति को बयान करते नजर आते हैं।

शहरीकरण का नकारात्मक प्रभाव कहीं न कहीं विकास और निर्माण परियोजनाओं को संदेह के घेरे में लाता है। नगरीय स्वायत्तशासी संस्थाओं में सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण और शीर्षस्थ संस्था नगर निगम कहलाती है। सामान्यतः बड़े शहरों या महानगरों में नगर निगम की स्थापना की जाती है, ताकि बिजली, पानी, सड़क, यातायात, संचार, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, जल निकास व्यवस्था, नालियां, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण तथा रखरखाव, पार्क, खेल के मैदान, पशुशाला निर्माण आदि कार्यों का सुचारु संचालन हो सके। वैश्वीकरण के बाद नगरीय विकास समावेशी विकास की एक आवश्यक शर्त बन कर उभरा है। पर नगरों के असमान विकास, महानगरों का असुरक्षित परिवेश और नगरीय संस्कृति में उत्पन्न होते तनाव नगरीय विकास की पुनर्समीक्षा के लिए हमें बाध्य करते हैं।

देश के कई राज्यों में बढ़ती नगरीय जनसंख्या की समस्याओं का व्यवस्थित तरीके से प्रबंधन करने के उद्देश्य से नगर निगम संस्थानों को विभाजित करने का फैसला लिया गया। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखकर राजस्थान में भी कोटा, जोधपुर और जयपुर शहर के नगर निगमों को दो भागों में विभाजित किया गया था। ऐसा करने के पीछे नगरीय विकास विभाग का कहना था कि इन तीनों शहरों में जनसंख्या दस लाख से ज्यादा हो गई है। ऐसे में वार्ड बड़ा होने से पार्षद अपने क्षेत्र में विकास कार्य बेहतर तरीके से नहीं करवा सकते हैं।

उदाहरण के लिए कोटा नगर निगम का विभाजन कोटा उत्तर और कोटा दक्षिण के रूप में किया गया। इसमें कोई दो राय नहीं कि यह विभाजन विकेंद्रीकरण का एक स्पष्ट उदाहरण है, जिसका उद्देश्य कोटा के हर क्षेत्र में विकास का समान रूप से विस्तार करना है। तेज गति से बढ़ते हुए नगर का लाभ सभी को मिल सके और नगर में समन्वित विकास का माडल मूर्त रूप ले सके, इसके लिए यह विभाजन एक सकारात्मक कदम कहा जा सकता है। पर सवाल है कि क्या वास्तव में यह विभाजन संतुलित विकास कर पाया है, इसका विश्लेषण किया जाना आवश्यक है। विकास में अगर निजी उद्देश्य (राजनीतिक या प्रशासनिक) शामिल हों जाते हैं, तो विकास का कोई भी माडल सकारात्मक परिणाम देने में सक्षम नहीं हो सकता।

अनेक आरोपों-प्रत्यारोपों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि कोटा की जो सूरत बदल रही है, वह आने वाले समय में कोटा को राजस्थान के एक खूबसूरत शहर के रूप में स्थापित करेगी। हाल ही में स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की रैंकिंग जारी की गई, जिसमें कोटा दक्षिण 141वें और कोटा उत्तर 364वें पायदान पर रहा। इस असमानता और असंतुलित विकास को जन सहभागिता और जनचेतना के माध्यम से दूर किया जा सकता है।

दोनों निगमों को अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं और जरूरतों को समझ कर तथा जनता से संवाद करके विकास नीतियों को तय करना होगा। विकास तो हो रहा है, लेकिन अगर विकास का प्रारूप जनता से संवाद करके तय किया जाए कि वह किस तरह का विकास चाहती है, तो राज्य में जमीनी लोकतंत्र को वास्तविक रूप दिया जा सकता है। इसके लिए राजनेताओं और प्रशासनिक अधिकारियों की प्रतिबद्धता और जन सहभागिता महत्त्वपूर्ण कदम कही जा सकती है। तब नगर निगम का यह विभाजन जन कल्याण और समस्याओं के समाधान की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है।

इसके साथ ही असंतुलित और अनियोजित शहरी विकास ने देश के समक्ष अनेक चुनौतियां उत्पन्न की हैं। मसलन, नगर पर्यावरण की सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, क्योंकि हरित क्षेत्र को नगर के विकास के लिए समाप्त किया जा रहा है। ऐसे में जलवायु परिवर्तन ने अनेक नगरों के अस्तित्व को चुनौती दी है, खासकर समुद्र के किनारे बसे नगर अब मानव निर्मित आपदाओं से अछूते नहीं हैं।

दूसरा, नगरों में कच्ची बस्तियां बड़ी संख्या में स्थापित हुई हैं, जहां रहने वाले लोग नगरीय जनसंख्या से संबंधित उच्च और मध्यवर्ग की अनेक आवश्यकताओं को पूरा करते हैं, पर खुद न केवल गरीबी के शिकार, बल्कि आवश्यक संरचनात्मक सुविधाओं से वंचित हैं। साथ ही तीव्र प्रौद्योगिकीय विकास ने नगरों में अनेक परंपरागत व्यवसाय करने वाले समूहों के लिए खतरा उत्पन्न किया है।

तीसरा, सड़कों का निर्माण नगरीय क्षेत्र में भ्रष्टाचार का एक महत्त्वपूर्ण पक्ष है। पहली बारिश के बाद ही नवनिर्मित सड़कें प्रशासनिक और राजनीतिक प्रबंधन की पोल खोल देती हैं। चौथा, अपराध की दृष्टि से भी नगर तुलनात्मक रूप से अधिक असुरक्षित हैं। लोगों के बीच किसी प्रकार के संवाद का भी अभाव देखा जाता है, इसलिए पड़ोस में क्या हो रहा है, लोगों को खबर भी नहीं होती। या कहें कि भावनाशून्यता, संवादहीनता और व्यक्तिवादिता की प्रवृत्ति नगरीय जीवन का अहम हिस्सा बन चुकी है।

ऐसे में सवाल है कि क्या स्मार्ट शहर अत्याधुनिक होंगे, जिनमें निम्न वर्ग या हाशिये के वर्ग का कोई स्थान नहीं होगा और केवल वही लोग निवास करेंगे, जिन्हें आधुनिक प्रौद्योगिकी की विशेषज्ञता हासिल है? क्या ये शहर बहुमंजिला इमारतों के ऐसे जंगल होंगे, जिनमें व्यक्तिवादिता का मूल्य निवास करता है और आमने-सामने के संबंधों के स्थान पर मोबाइल और कम्प्यूटर वैचारिक आदान-प्रदान का केंद्र बनेंगे। ऐसा लगता है कि शहरों में केवल शक्तिशाली ही रह सकता है या फिर यों कहें कि शक्तिशाली बन कर ही रहा जा सकता है। इन तमाम पहलुओं पर विचार करने के बाद कहा जा सकता है कि यह आवश्यक नहीं कि जो शहर तकनीकी दृष्टि से उन्नत या अधिक विकसित हों, वे स्मार्ट सिटी भी हों? इसी तरह जो नागरिक आधुनिक तकनीक के ज्ञान से युक्त हों वे स्मार्ट नागरिक भी हों? नगरीय जनसंख्या में तीव्र गति से होने वाली वृद्धि यहां उपलब्ध संसाधनों पर अत्यधिक दबाव उत्पन्न कर रही है, जिसके कारण भोजन, पानी, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, रोजगार आदि क्षेत्र चुनौती प्राप्त करते नजर आ रहे हैं। इसलिए आज आवश्यकता इस बात की है कि उपलब्ध संसाधनों को प्रभावी तरीके या स्मार्ट तरीके से प्रयुक्त करना आना चाहिए, ताकि सतत विकास की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा सके।

स्मार्ट सिटी की अवधारणा को मूर्त रूप देने के लिए उपर्युक्त सभी पक्षों पर गहन चिंतन की आवश्यकता है। कहीं ऐसा तो नहीं कि स्मार्ट सिटी इसलिए विकसित कर रहे हैं कि पूंजीवाद और तकनीकी-पूंजीवाद को निरंतरता मिल सके? कहीं कारपोरेट जगत को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के लिए तो हम ऐसा नहीं कर रहे है? कहीं ऐसा न हो कि शहर और स्मार्ट शहर के बीच के संबंध केंद्र और परिधि के संबंध या विकसित और अविकसित नगर के संबंध बन कर रह जाएं?

# भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी

## वर्तमान चुनौतियों का समाधान लड़कर नहीं, मिलकर ही संभव



नरेंद्र मोदी

जी-20 की पिछली 17 अध्यक्षताओं के दौरान वृहद आर्थिक स्थिरता सुनिश्चित करने, अंतरराष्ट्रीय कराधान को तर्कसंगत बनाने और विभिन्न देशों के सिर से कर्ज के बोझ को कम करने समेत कई महत्वपूर्ण परिणाम सामने आए। हम इन उपलब्धियों से लाभान्वित होंगे तथा यहां से और आगे की ओर बढ़ेंगे। अब, जबकि भारत ने इस महत्वपूर्ण पद को ग्रहण किया है, मैं अपने आपसे यह पूछता हूं- क्या जी-20 अभी भी और आगे बढ़ सकता है? क्या हम समग्र मानवता के कल्याण के लिए मानसिकता में मूलभूत बदलाव लाने की पहल कर सकते हैं? मेरा विश्वास है कि हां, हम ऐसा कर सकते हैं।

हमारी परिस्थितियां ही हमारी मानसिकता को आकार देती हैं। पूरे इतिहास के दौरान मानवता का जो स्वरूप होना चाहिए था, उसमें एक प्रकार की कमी दिखी। हम सीमित संसाधनों के लिए लड़े, क्योंकि हमारा अस्तित्व दूसरों को उन संसाधनों से वंचित कर देने पर निर्भर था। विभिन्न विचारों, विचारधाराओं और पहचानों के बीच, टकराव और प्रतिस्पर्धा को ही जैसे आदर्श मान बैठे। दुर्भाग्य से, हम आज भी उसी शून्य-योग की मानसिकता में अटके हुए हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब विभिन्न देश, या क्षेत्र संसाधनों के लिए आपस में लड़ते हैं। हम इसे तब देखते हैं, जब आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति को हथियार बनाया जाता है। हम इसे तब देखते हैं, जब कुछ लोगों द्वारा टीकों की जमाखोरी की जाती है, भले अरबों लोग बीमारियों से असुरक्षित हों।

कुछ लोग यह तर्क दे सकते हैं कि टकराव और लालच मानवीय स्वभाव है। मैं इससे असहमत हूं। अगर मनुष्य स्वाभाविक रूप से स्वार्थी है, तो हम सभी में मूलभूत एकात्मता की हिमायत करने वाली इतनी सारी आध्यात्मिक परंपराओं के स्थायी आकर्षण को कैसे समझा जाए? भारत में प्रचलित ऐसी ही एक परंपरा है, जो सभी जीवित प्राणियों और यहां तक कि निर्जीव चीजों को भी एक समान ही पांच मूल तत्वों-पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु और आकाश के पंचतत्व से बना हुआ मानती है। इन तत्वों का सामंजस्य-हमारे भीतर और हमारे बीच भी-हमारे भौतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय कल्याण के लिए आवश्यक है।

भारत की जी-20 की अध्यक्षता दुनिया में एकता की इस सार्वभौमिक भावना को बढ़ावा देने की ओर काम करेगी। इसलिए हमारी थीम -'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' है। यह सिर्फ एक नारा नहीं है। यह मानवीय परिस्थितियों में उन हालिया बदलावों को ध्यान में रखता है, जिनकी सराहना करने में हम सामूहिक रूप से विफल रहे हैं। आज हमारे पास दुनिया के सभी लोगों की बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त उत्पादन के साधन हैं। आज, हमें अपने अस्तित्व के लिए लड़ने की जरूरत नहीं है-हमारे युग को युद्ध का युग होने की जरूरत नहीं है। ऐसा बिल्कुल नहीं होना चाहिए! आज हम जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद और महामारी जैसी जिन बड़ी चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, उनका समाधान लड़कर नहीं, मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

सौभाग्य से, आज की जो तकनीक है, वह हमें मानवता के व्यापक पैमाने पर समस्याओं का समाधान करने का साधन भी प्रदान करती है। आज हम जिस विशाल वर्चुअल दुनिया में रहते हैं, उससे हमें डिजिटल प्रौद्योगिकियों की व्यापकता का भी पता चलता है। भारत इस सकल विश्व का सूक्ष्म जगत है, जहां विश्व की आबादी का छठा हिस्सा रहता है और जहां भाषाओं, धर्मों, रीति-रिवाजों और विश्वासों की विशाल विविधता है। सामूहिक निर्णय लेने की सबसे पुरानी ज्ञात परंपराओं वाली सभ्यता होने के नाते भारत दुनिया में लोकतंत्र के मूलभूत डीएनए में योगदान देता है। लोकतंत्र की जननी के रूप में भारत की राष्ट्रीय सहमति किसी आदेश से नहीं, बल्कि करोड़ों स्वतंत्र आवाजों को एक सुरीले स्वर में मिलाकर बनाई गई है।

आज, भारत सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था है। हमारे प्रतिभाशाली युवाओं की रचनात्मक प्रतिभा का पोषण करते हुए, हमारा नागरिक-केंद्रित शासन मॉडल एकदम हाशिये पर खड़े लोगों का भी ख्याल रखता है। हमने राष्ट्रीय विकास को ऊपर से नीचे की ओर के शासन की कवायद नहीं, बल्कि एक नागरिक-नेतृत्व वाला 'जन आंदोलन' बनाने की कोशिश की है। हमने ऐसी डिजिटल जन उपयोगिताएं निर्मित करने के लिए प्रौद्योगिकी का लाभ उठाया है, जो खुली, समावेशी और अंतर-संचालनीय हैं। इनके कारण सामाजिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और इलेक्ट्रॉनिक भुगतान जैसे विविध क्षेत्रों में क्रांतिकारी प्रगति हुई है। इन सभी कारणों से भारत के अनुभव संभावित वैश्विक समाधानों के लिए अंतर्दृष्टि प्रदान कर सकते हैं। जी-20 अध्यक्षता के दौरान, हम भारत के अनुभव, ज्ञान और प्रारूप को दूसरों के लिए, विशेष रूप से विकासशील देशों के लिए एक संभावित टेम्प्लेट के रूप में प्रस्तुत करेंगे। हमारी जी-20 प्राथमिकताओं को, न केवल हमारे जी-20 भागीदारों, बल्कि दुनिया के दक्षिणी हिस्से में हमारे साथ चलने वाले देशों, जिनकी बातें अक्सर अनसुनी कर दी जाती है, के परामर्श से निर्धारित किया जाएगा। हमारी प्राथमिकताएं हमारी 'एक पृथ्वी' को संरक्षित करने, हमारे 'एक परिवार' में सद्भाव पैदा करने और हमारे 'एक भविष्य' को आशान्वित करने पर केंद्रित होंगी।

अपने प्लैनेट को पोषित करने के लिए, हम भारत की प्रकृति की देख-भाल करने की परंपरा के आधार पर स्थायी और पर्यावरण-अनुकूल जीवन शैली को प्रोत्साहित करेंगे। मानव परिवार के भीतर सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए, हम खाद्य, उर्वरक और चिकित्सा उत्पादों की वैश्विक आपूर्ति को गैर-राजनीतिक बनाने की कोशिश करेंगे, ताकि भू-राजनीतिक तनाव मानवीय संकट का कारण न बने। जैसा हमारे अपने परिवारों में होता है, जिनकी जरूरतें सबसे ज्यादा होती हैं, हमें उनकी चिंता सबसे पहले करनी चाहिए। हमारी आने वाली पीढ़ियों में उम्मीद जगाने के लिए, हम बड़े पैमाने पर विनाश के हथियारों से पैदा होने वाले जोखिमों को कम करने और वैश्विक सुरक्षा बढ़ाने पर सर्वाधिक शक्तिशाली देशों के बीच एक ईमानदार बातचीत को प्रोत्साहन प्रदान करेंगे। भारत का जी-20 एजेंडा समावेशी, महत्वाकांक्षी, कार्रवाई-उन्मुख और निर्णायक होगा।

# भारत,अमेरिकी संबंधों के क्या दूरगामी प्रतिफल होंगे



संजीव ठाकुर

आजादी के बाद से भारत, रूस के साथ अच्छी मित्रता का आदी हो गया है। भारत को पाकिस्तान के और चीन के विरुद्ध दोनों युद्धों में रूस की सेना ने अस्त्र, शस्त्र तथा सामरिक महत्व के मामलों में बहुत मदद की थी और उसका परिणाम यह हुआ था कि भारत ने इंदिरा गांधी के नेतृत्व में रूस की मदद से बढे मनोबल से जीत दर्ज की थी। पश्चिमी पाकिस्तान को मूल पाकिस्तान देश से अलग कर बांग्लादेश नामक एक स्वतंत्र राष्ट्र का निर्माण किया था। इस तरह रूस हमारा परंपरागत मित्र रहा है। पर पिछले एक दशक से अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल के बाद बिल क्लिंटन तथा डोनाल्ड ट्रंप और अब जोसेफ बाइडेन के कार्यकाल तक भारत की नज़दीकियां अमेरिकी प्रशासन से प्रगाढ़ हो गई है। भारत के अमेरिका के साथ व्यापारिक, सामरिक तथा अन्य महत्त्व की चीजों को लेकर कई समझौते हुए हैं, पर जैसा कि अमेरिका का चरित्र है वह भारत के साथ औपचारिक रूप से मित्रता जरूर कर ले पर युद्ध के समय भी यदि साथ दें, तो ही उसकी मित्रता महत्वपूर्ण है, अन्यथा भारत का परंपरागत मित्र रूस भी हमसे दूर ना हो जाए, यह आशंका सदैव बनी रहती है। भारत अमेरिकी संबंधों के सामरिक, राजनैतिक एवं व्यापारिक दूरगामी परिणाम क्या होंगे यह तो भविष्य ही बताएगा पर रूस की बहुमूल्य लंबी मित्रता के मूल्य पर अमेरिका से मित्रता करना भारत के लिए नुकसान दे ना हो जाए। इस बात पर भी बहुत गहराई से सोचने की आवश्यकता है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विगत दिनों अमेरिकी यात्रा तथा अमेरिका से निकटता को दृष्टिगत रखते हुए,इसे भारत की कूटनीतिक सफलता कहें या अमेरिकी विदेश नीति की नई चाल जिसमें उसने भारत को अपने नजदीक लाकर पाकिस्तान पर मनोवैज्ञानिक दबाव डाला है। अमेरिका ने स्पष्ट कर दिया है कि एशिया में अमेरिका का सबसे नजदीकी दोस्त आने वाले कल के लिए भारत ही होगा और अमेरिका को धोखे में रख पिछले दो दशकों से तालिबानी आतंकवादियों को तन, मन, धन से अमेरिका तथा अफगानिस्तान के खिलाफ मदद के कारण अमेरिका के सभी सांसद, सीनेटर एवं पदाधिकारी बेहद नाराज चल रहे हैं। इन परिस्थितियों में अमेरिका का भारत के साथ जुड़ाव तथा गहरे संबंध पाकिस्तान को नागवार गुजर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में चुनाव के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति जो वायडेंन ने पाकिस्तान को जरा भी तवज्जो नहीं दी थी, कई देशों के राष्ट्र प्रमुखों से बात करने के बावजूद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से बात करना भी मुनासिब नहीं समझा। पाकिस्तान इस बात को अच्छे से समझता है कि अमेरिका उससे पूरी तरह खफा है। अब चीन ने भी उसको जबरदस्त झटका दिया है, अपने चीनी इंजीनियरों की हत्या के बदले 38 लाख डॉलर का हर्जाना मांगा है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी पाकिस्तान को नया कर्जा देने से साफ इनकार कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अधिकारियों का मानना है कि पाकिस्तान को अब यदि कर्ज दिया जाएगा तो उसके भुगतान की कोई गारंटी नहीं होगी,वह पैसा डूब ही जाएगा क्योंकि पाकिस्तान पूरी तरह से कंगाल हो चुका है। ऐसे में चारों तरफ से संकट में घिरे हुए पाकिस्तान ने अमेरिका के सामने घुटने टेक कर उन्हें अफगानिस्तान में आतंकवाद के खिलाफ अपने एयरवेज को इस्तेमाल करने की अनुमति देने की पेशकश की है। न्यूज़ एजेंसी के अनुसार अमेरिकी प्रशासन ने कहा है कि अमेरिका अफगानिस्तान में सैन्य और खुफिया अभियानों के संचालन के लिए हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल के लिए एक सुरक्षित एयरबेस खोज रहा है और इसी कार्यक्रम में पाकिस्तान ने हवाई क्षेत्र के इस्तेमाल के लिए अपना एयरबेस देने को प्रस्तावित किया है। जिसका अभी औपचारिक समझौता होना बाकी है। सीएनएन ने बताया कि पाकिस्तान ने आतंक विरोधी कोशिशों और भारत के साथ संबंधों के बदले एक समझौता करना चाहता है पर समझौते को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। अमेरिकी प्रशासन और वाइट हाउस अभी भी यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहा है कि वह अफगानिस्तान में ना रहते हुए भी इस्लामिक स्टेट और अन्य आतंकी समूहों के खिलाफ कार्रवाई कर सकता है। मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिकी सेना अफगानिस्तान तक पहुंचने के लिए पाकिस्तान हवाई क्षेत्र का इस्तेमाल करती है इसको लेकर अभी तक कोई औपचारिक समझौता नहीं हो सका है।

# भारत की न्यायिक नियुक्तियां अधिक तर्कसंगत



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत के सर्वोच्च न्यायालय का कहना है कि जजों की नियुक्तियों में सरकार का टांग अड़ाना बिल्कुल भी उचित नहीं है जबकि कानून मंत्री किरण रिजिजू का कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय की न्यायाधीश परिषद (कालेजियम) अगर यह समझती है कि सरकार जजों की नियुक्ति में टांग अड़ा रही है तो वह उनकी नियुक्ति के प्रस्ताव उसके पास भेजती ही क्यों है? कानून मंत्री के इस बयान ने हमारे जजों को काफी नाराज कर दिया है। वे कहते हैं कि जजों की नियुक्ति में सरकार को आनाकानी करने की बजाय कानून का पालन करना चाहिए। कानून यह है कि न्यायाधीश परिषद जिस जज का भी नाम न्याय मंत्रालय को भेजे, उसे वह तुरंत नियुक्त करे या उसे कोई आपत्ति हो तो वह परिषद को बताए लेकिन लगभग 20 नामों के प्रस्ताव कई महीनों से अधर में लटके हुए हैं। न सरकार उनके नाम पर 'हां' कहती है और न ही 'ना' कहती है। अजब पर्दा है कि वह चिलमन से लगी बैठी है। जबकि सर्वोच्च न्यायालय ने उस 99 वें संविधान संशोधन को 2015 में रद्द कर दिया था, जिसमें राष्ट्रीय न्यायिक नियुक्ति आयोग को अधिकार दिया गया था कि वह जजों को नियुक्त करे। इस आयोग में सरकार की पूरी दखलंदाजी रह सकती थी। अब पिछले साल सर्वोच्च न्यायालय ने 3-4 माह की समय-सीमा तय कर दी थी, उन नामों पर सरकारी मोहर लगाने की, जो भी नाम न्यायाधीश परिषद प्रस्तावित करती है। इस वक्त सरकार ने 20 जजों की नियुक्ति प्रस्ताव वापस कर दिए हैं, उसमें एक जज घोषित समलैंगिक हैं और वह भी ऐसे कि जिनका भागीदार एक विदेशी नागरिक है। इसके अलावा सरकार और सामान्य लोगों को भी यह शिकायत रहती है कि ये जज परिषद अपने रिश्तेदारों और उनके मनपसंद वकीलों को भी जज बनवा देती है। न्यायपालिका में राजनीति की ही तरह भाई-भतीजावाद और भ्रष्टाचार किसी न किसी तरह पनपता रहता है। जजों की नियुक्ति में सत्तारूढ़ नेताओं की भी दखलंदाजी भी देखी जाती है। वे अपने मनपसंद वकीलों को जज बनवाने पर तुले रहते हैं और जो जज उनके पक्ष में फैसले दे देते हैं, उन्हें पुरस्कार स्वरूप पदोन्नतियां भी मिल जाती हैं। ऐसे जजों को सेवानिवृत्ति के बाद भी राज्यपाल, उपराष्ट्रपति, किसी आयोग का अध्यक्ष या राज्यसभा का सदस्य आदि कई पद थमा दिए जाते हैं। सरकारी हस्तक्षेप के ये दुष्प्रभाव तो सबको पता हैं लेकिन यदि न्यायाधीशों की नियुक्ति भी सीधे सरकार करने लगेगी तो लोकतांत्रिक शक्ति विभाजन के सिद्धांत की घोर अवहेलना होने लगेगी। यदि सरकार को न्यायाधीशों की नियुक्ति का अधिकार दे दिया जाए तो क्या न्यायाधीशों को भी यह अधिकार दिया जाएगा कि वे राष्ट्रपतियों, प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों की नियुक्ति में भी हाथ बंटाएं? अमेरिका जैसे कुछ देशों में वरिष्ठ जजों की नियुक्ति राष्ट्रपति ही करता है। वे जीवनपर्यंत जज बने रह सकते हैं। भारत की न्यायिक नियुक्तियां अधिक तर्कसंगत और व्यावहारिक हैं। वे संसदीय लोकतांत्रिक व्यवस्था के अनुकूल भी हैं। सरकार को जजों की नियुक्ति पर या तो तुरंत मोहर लगानी चाहिए या न्यायाधीश परिषद के साथ बैठकर स्पष्ट संवाद करना चाहिए।

# जंगली मुशायरा

अंधेर जंगल में जानवरों का मुशायरा चल रहा था। सभी जानवर आए थे। मुशायरे का विषय था – परमदयालु जंगलप्रेमी श्रीश्रीश्री रंगा सियार का यशगान। इस मुशायरे की विशेषता यह थी कि यहाँ जो श्रेष्ठ माने जायेंगे उन्हीं में जंगलरत्न, जंगलश्री, जंगलभूषण, जंगल विभूषण, जंगलश्री, जंगलपीठ, जंगल अकादमी और कई तमाम तरह के जंगली अवार्डों की घोषणा की जाएगी। मुशायरे का केवल एक ही नियम था कि श्रीश्रीश्री रंगा सियार को परमदयालु, शाकाहारी, जंगलहितकारी, जंगलोद्धारक प्राणदाता सिद्ध करें। नियम सरल था। काम कठिन था। एक से बढ़कर एक जानवरकवि आए थे। रंगा सियार महाराज की कृपा से हिरण, भैंसा, खरगोश, गधे, शेर, उल्लू की अतिम पीढ़ी बची थी। बाकी सब रंगा सियार की उदर पीड़ा को मिटाने के लिए हँसते-हँसते शहीद हो गए। इन शहीदरत्नों की संतानों में जंगली अवार्डों को लेकर गजब की होड़ थी। मुशायरा शुरु हुआ। मरियल से हिरण कवि ने रंगा सियार का यशगान करते हुए कहा- ऐ मेरे जंगल के जीवों तुम खूब लगा लो नारा रंगा सियार ने अपने मुख से, इस जंगल को है संवारा चूंकि निजीकरण ने जंगल का, मान-सम्मान है बढ़ाया इसीलिए तो फल-फूल-हवा पर, जीएसटी है लगाया मरियल हिरण के नहले पे दहला फेंकने के लिए गधाकवि कूद पडा- मुझे न तन चाहिए, न मन चाहिए बस रंगा सियार की अपरंपार कृपा चाहिए जब तक जिन्दा रहूं, इनकी गुलामी करूँगा मरुँ तो उनके पंजे का मुझ पर निशान चाहिए गधाकवि की रंगा सियार भक्ति देखकर भैंसे से रहा नहीं गया- कुछ नशा रंगा सियार की आन का है,कुछ नशा रंगा सियार की मान का है, अंधभक्त हैं हम श्रीश्रीश्री रंगा सियार के, रंग बदलने का हुनर सीखा है उनके नाम से।

काले अक्षर भैंस बराबर की कविता सुनकर शेर का माथा ठनका। उसने भी जोश में आकर कहा- हवाओं से कह दो कि यहाँ मत बहना रोशनी से कह दो कि यहाँ मत चमकना पंचतत्वों को बेचने का हुनर है ।

# माँ लक्ष्मी ने लिया था बिल्ववृक्ष का रूप



देवी लक्ष्मी ने आखिर बिल्ववृक्ष का रूप क्यों लिया, पढ़ें एक ऐसी कथा जो आपने कहीं नहीं सुनी आज शुक्रवार है और आज के दिन माँ लक्ष्मी का पूजन किया जाता है। हालाँकि क्या आपको पता है कि देवी लक्ष्मी ने बिल्ववृक्ष का रूप लिया था। जी हाँ, आज हम आपको इसके पीछे की कथा बताने जा रहे हैं।

**पौराणिक कथा-** नारद जी ने एक बार भोलेनाथ की स्तुति कर पूछा- प्रभु, आपको प्रसन्न करने के लिए सबसे उत्तम और सुलभ साधन क्या है? हे त्रिलोकीनाथ, आप तो निर्विकार और निष्काम हैं, आप सहज ही प्रसन्न हो जाते हैं फिर भी मेरी जानने की इच्छा है कि आपको क्या प्रिय है? शिवजी बोले- नारदजी, वैसे तो मुझे भक्त के भाव सबसे प्रिय हैं, फिर भी आपने पूछा है तो बताता हूं। मुझे जल के साथ-साथ बिल्वपत्र बहुत प्रिय है। जो अखंड बिल्वपत्र मुझे श्रद्धा से अर्पित करते हैं, मैं उन्हें अपने लोक में स्थान देता हूं।




नारदजी भगवान शंकर और माता पार्वती की वंदना कर अपने लोक को चले गए। उनके जाने के पश्चात पार्वतीजी ने शिवजी से पूछा- हे प्रभु, मेरी यह जानने की बड़ी उत्कट इच्छा हो रही है कि आपको बिल्व पत्र इतने प्रिय क्यों है? कृपा करके मेरी जिज्ञासा शांत करें। शिवजी बोले- हे शिवे, बिल्व के पत्ते मेरी जटा के समान हैं। उसका त्रिपत्र यानी 3 पत्ते ऋग्वेद, यजुर्वेद और सामवेद हैं। शाखाएं समस्त शास्त्र का स्वरूप हैं। बिल्ववृक्ष को आप पृथ्वी का कल्पवृक्ष समझें, जो ब्रह्मा-विष्णु-शिव स्वरूप है। स्वयं महालक्ष्मी ने शैल पर्वत पर बिल्ववृक्ष रूप में जन्म लिया था। यह सुनकर पार्वतीजी कौतूहल में पड़ गईं। उन्होंने पूछा- देवी लक्ष्मी ने आखिर बिल्ववृक्ष का रूप क्यों लिया? आप यह कथा विस्तार से कहें। भोलेनाथ ने देवी पार्वती को कथा सुनानी शुरू की। हे देवी! सतयुग में ज्योतिरूप में मेरे अंश का रामेश्वर लिंग था। ब्रह्मा आदि देवों ने उसका विधिवत पूजन-अर्चन किया था फलतः मेरे अनुग्रह से वाग्देवी सबकी प्रिया हो गईं। वे भगवान विष्णु को सतत प्रिय हो गईं। मेरे प्रभाव से भगवान केशव के मन में वाग्देवी के लिए जितनी प्रीति हुई वह स्वयं लक्ष्मी को नहीं भाई अतः लक्ष्मी देवी चिंतित और रुष्ट होकर परम उत्तम श्री शैल पर्वत पर चली गईं। वहां उन्होंने मेरे विग्रह की उग्र तपस्या प्रारंभ कर दी। हे परमेश्वरी! कुछ समय बाद महालक्ष्मीजी ने मेरे विग्रह से थोड़ा ऊर्ध्व में एक वृक्ष का रूप धारण कर लिया और अपने पत्र-पुष्प द्वारा निरंतर मेरा पूजन करने लगीं। इस तरह उन्होंने कोटि वर्ष (1 करोड़ वर्ष) तक आराधना की। अंततः उन्हें मेरा अनुग्रह प्राप्त हुआ। महालक्ष्मी ने मांगा कि श्रीहरि के हृदय में मेरे प्रभाव से वाग्देवी के लिए जो स्नेह हुआ है, वह समाप्त हो जाए।

शिवजी बोले- मैंने महालक्ष्मी को समझाया कि श्रीहरि के हृदय में आपके अतिरिक्त किसी और के लिए कोई प्रेम नहीं है। वाग्देवी के प्रति तो उनकी श्रद्धा है। यह सुनकर लक्ष्मीजी प्रसन्न हो गईं और पुनः श्रीविष्णु के हृदय में स्थित होकर निरंतर उनके साथ विहार करने लगीं। हे पार्वती! महालक्ष्मी के हृदय का एक बड़ा विकार इस प्रकार दूर हुआ था। इस कारण हरिप्रिया उसी वृक्षरूप में सर्वदा अतिशय भक्ति से भरकर यत्नपूर्वक मेरी पूजा करने लगीं। बिल्व इस कारण मुझे बहुत प्रिय है और मैं बिल्ववृक्ष का आश्रय लेकर रहता हूं।

बिल्व वृक्ष को सदा सर्व तीर्थमय एवं सर्व देवमय मानना चाहिए। इसमें तनिक भी संदेह नहीं है। बिल्वपत्र, बिल्व फूल, बिल्व वृक्ष अथवा बिल्व काष्ठ के चंदन से जो मेरा पूजन करता है, वह भक्त मेरा प्रिय है। बिल्व वृक्ष को शिव के समान ही समझो। वह मेरा शरीर है। जो बिल्व पर चंदन से मेरा नाम अंकित करके मुझे अर्पण करता है, मैं उसे सभी पापों से मुक्त करके अपने लोक में स्थान देता हूं। उस व्यक्ति को स्वयं लक्ष्मीजी भी नमस्कार करती हैं। जो बिल्वमूल में प्राण छोड़ता है, उसको रुद्र देह प्राप्त होता है।

# गीता जयंती कल



शनिवार, 3 दिसंबर को गीता जयंती है। इस बार पंचांग भेद होने की वजह से कुछ पंचांगों में रविवार को भी एकादशी बताई गई है। कई पौराणिक ग्रंथ हैं और इनकी रचना इंसानों ने ही की है, लेकिन श्रीमद् भागवत गीता एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को सुनाया है। श्रीकृष्ण के मुख से प्रकट होने की वजह से श्रीमद् भागवत गीता का महत्व सबसे अधिक है। ये एकमात्र हैं, जिसकी जंयती मनाई जाती है।

**मार्गशीर्ष शुक्ल एकादशी पर श्रीकृष्ण ने दिया था गीता का उपदेश**

महाभारत युद्ध की शुरुआत में मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था। इसी वजह से इस ग्रंथ में कहीं भी श्रीकृष्ण उवाच नहीं लिखा है, हर जगह श्री भगवान उवाच लिखा गया है। इसका अर्थ है श्री भगवान कहते हैं। गीता जयंती की तिथि को मोक्षदा एकादशी भी कहते हैं।

**सभी वेदों, उपनिषद और पुराणों का सार है गीता**

पं. शर्मा कहते हैं कि श्रीमद् भागवत गीता में सभी वेद, उपनिषद और पुराणों का सार है। इस ग्रंथ का पाठ करने से और इसमें बताए गए सूत्रों को जीवन में उतारने से हमारी सभी समस्याएं खत्म हो सकती हैं। ग्रंथ में कर्म, भक्ति और ज्ञान मार्ग के बारे में बताया गया है। इस ग्रंथ के 18 अध्यायों में श्रीकृष्ण के उपदेश हैं। इन उपदेशों से हमारी सभी शंकाएं दूर होती हैं और हम जीवन में सफलता के साथ ही सुख-शांति भी हासिल कर सकते हैं।

**जीने की कला सिखाती है गीता**

गीता हमें जीने की कला सिखाती है। गीता का मूलमंत्र यह है कि हमें हर स्थिति में कर्म करते रहना है। कभी भी निष्काम न रहें, क्योंकि कर्म न करना भी एक कर्म ही है और हमें इसका भी फल जरूर मिलता है।

# कौन थे राजा अम्बरीष

## जिनकी रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने ऋषि दुर्वासा पर चलाया था सुदर्शन चक्र



भक्तों की कई कथाएं प्रसिद्ध है। इनमें एक भक्त- कथा राजा अम्बरीष की भी है, जो भगवान विष्णु के परम भक्त थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार इन्होंने पत्नी सहित एकादशी के व्रत का संकल्प पूरा किया था। जिससे प्रसन्न भगवान विष्णु ने उनकी रक्षा के लिए ऋषि दुर्वासा पर सुदर्शन चक्र चला दिया था। इस लेख में उन्हीं राजा अम्बरीष के बारे में बताया जा रहा है।

**राजा अम्बरीष व ऋषि दुर्वासा की कथा**

पंडित रामचंद्र जोशी के अनुसार राजा अम्बरीष वैवस्वत मनु के पपौत्र और राजर्षि नाभाग के पुत्र थे। सात द्वीप वाली पृथ्वी के स्वामी होने पर भी उनकी भोगों में बिल्कुल आसक्ति नहीं थी। उन्होंने अपना पूरा जीवन परमात्मा के चरणों में समर्पित कर दिया था। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु को प्रसन्न करने के लिए उन्होंने पत्नी सहित एकादशी व्रत का नियम लिया था। व्रत पूरा करने पर जब वे उसका पारण करने लगे तभी महर्षि दुर्वासा वहां आ गए। राजा के भोजन की प्रार्थना स्वीकार कर वे यमुना तट पर स्नान के लिए चले गए।

जब द्वादशी में केवल एक घड़ी शेष होने तक भी महर्षि नहीं पहुंचे तो व्रत भंग होने का विचार कर राजा ने भगवान के चरणामृत से पारण कर लिया। जब दुर्वासा ऋषि को पता चला तो उन्हें भोजन कराए बिना व्रत का पारण करने पर वे नाराज हो गए। उन्होंने सिर के एक बाल से कृत्या नाम की राक्षसी पैदा कर दी, जो राजा अम्बरीष को मारने दौड़ी। तभी भगवान विष्णु ने अपने सुदर्शन चक्र से राक्षसी का वध कर दिया। इसके बाद सुदर्शन दुर्वासा की ओर दौड़ पड़ा। ये देख दुर्वासा ऋषि देवराज इंद्र, ब्रह्मा व भगवान शंकर के पास आश्रय लेने गए। जहां शिवजी ने उन्हें भगवान विष्णु की ही शरण में जाने की सलाह दी।

अंत में दुर्वासा वैकुंठ गए और भगवान विष्णु के चरणों पर गिर पड़े। उन्होंने भी उन्हें वापस राजा अम्बरीष के पास जाने पर ही शांति मिलने की बात कही। ये सुन दुर्वासा मुनि फिर से राजा अम्बरीष के पास गए और उनके चरणों में गिर पड़े। ये देख राजा को बड़ा संकोच हुआ। उन्होंने स्तुति करके सुदर्शन को शांत कर दुर्वासा ऋषि के प्राणों की रक्षा की और ऋषि को भोजन करवाकर खुद भी भोजन ग्रहण किया।

# लखनऊ में है 400 साल पुराना चमत्कारी मंदिर

## कुएं से निकली थी छाछ!

पुराने लखनऊ में 400 साल पुराना एक ऐसा मंदिर है जिसे छाछी कुआं हनुमान मंदिर कहा जाता है। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के कुएं से पानी की जगह छाछ निकली थी। इतना ही नहीं हनुमान लला भी प्रकट हुए थे।





देश के जाने-माने इतिहासकार डॉ। योगेश प्रवीण ने अपनी पुस्तक लखनऊ नामा में लिखा है कि 1585 अयोध्या से बाबा 1008 परमेश्वर दास महाराज लखनऊ आए थे। इसी मंदिर के अंदर बने कुएं के पास उन्होंने अपना डेरा डाला था। एक दिन उनका कमंडल इसी कुएं में गिर गया था। लोगों ने बहुत प्रयास किया लेकिन नहीं निकाल पाए।

खुद रस्सी डाली तो पहली बार में कमंडल के साथ राम भक्त बजरंगबली की छोटी सी दुर्लभ मूर्ति भी निकल आई जो कि आज भी इस मंदिर में विराजमान है। दूसरी बार उन्होंने कमंडल को फिर से कुएं में डाला तो छाछ निकली जिसे बाबा ने दोबारा कुएं में ही पलट दिया।

इसका परिणाम यह हुआ कि 3 दिन तक उस कुएं में छाछ ही छाछ निकलती रही। बाद में परमेश्वर दास महाराज का 120 वर्ष की उम्र में 1684 में निधन हो गया था। हालांकि कुएं में यह मूर्ति कहां से आई उस वक्त किसी को भी नहीं पता था जो आज भी रहस्य बना हुआ है। कहते हैं कि गोस्वामी तुलसीदास भी यहां पर आ चुके हैं। इस मंदिर को अयोध्या की हनुमानगढ़ी के बराबर माना जाता है।

3मंदिर के महंत श्री 108 बाबा अंजनी दास महाराज ने बताया कि यह मंदिर सुबह 5:00 बजे खुल जाता है। सुबह 7:00 बजे आरती होती है फिर 12:00 बजे बंद हो जाती है। उसके बाद दोपहर 3:00 बजे खुल से रात में 8:00 बजे तक हनुमान लाला भक्तों को दर्शन देते हैं। यहां पर हनुमान जी की जो मूर्ति है वह 12 भुजा की है। हनुमान जी की पूंछ गोलाकार है और उनके पैरों के नीचे राक्षस दबे हुए हैं। त्रिशूलधारी हनुमान मंदिर का ऐसा रूप आपको कहीं और देखने को नहीं मिलेगा। भक्त कृष्णा और माधुरी सैनी ने बताया कि कई सालों से यहां पर आ रहे हैं। प्रभु सबकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। पुजारी आशुतोष त्रिपाठी ने बताया कि जब वह यहां पर आए थे उनका बेटा चल नहीं पाता था बीमार रहता था। यहां पर दर्शन करने के बाद उनका बेटा पूरी तरह से स्वस्थ हो गया है।


# पापा कहते हैं बड़ा नाम करेगा गाने पर थिरके आमिर, विजय ने आयरा- नूपुर को दी बधाई



आमिर खान की बेटी आयरा ने 18 नवंबर को लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रहे नूपुर शिखरे से सगाई कर ली। इस मौके पर पूरी फैमिली साथ एंजॉय करती नजर आईं। हाल ही में आमिर का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें वो अपने बेटे आजाद के साथ पापा कहते बड़ा नाम करेगा गाने पर डांस करते हुए दिखाई दे रहे हैं। आजाद को देखकर फैंस उनकी तुलना आमिर से कर रहे हैं। दरअसल ये वीडियो एक्टर विजय वर्मा ने शेयर किया है, जो कि आयरा की सगाई में पहुंचे थे। वीडियो के अलावा उन्होंने सगाई की कई फोटोज भी शेयर की हैं।

**विजय ने आयरा- नूपुर को दी बधाई**


पोस्ट शेयर करते हुए विजय वर्मा ने आयरा और नूपुर को उनके इस खास दिन के लिए बधाइयां दी। पोस्ट शेयर करते हुए विजय ने लिखा- 'आयरा और नूपुर, क्या खूबसूरत जोड़ी है और उतना ही खूबसूरत सेलिब्रेशन। आप दोनों को आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं।' इन फोटोज और वीडियोज में विजय आयरा और अन्य लोगों के साथ एंजॉय करते हुए दिखाई दे रहे हैं।



# कार्तिक आर्यन से पहले वरुण धवन को ऑफर हुआ था 'राजू' का किरदार, अभिनेता ने इस वजह से किया इनकार

**कुछ दिनों पहले** चर्चा थी कि कार्तिक आर्यन ने फिल्म हेरा-फेरी 3 में अक्षय कुमार को रिप्लेस कर दिया है। हालांकि अक्षय कुमार ने खुद इस बात का खुलासा कर दिया है कि वह इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं। ये बात सुनने के बाद सुनील शेट्टी को काफी तगड़ा झटका लगा है। हालांकि अब सामने आ रहा है कि अक्षय कुमार के मना करने के बाद और कार्तिक आर्यन के फिल्मों में आने के बाद ये रोल वरुण धवन को ऑफर हुआ था। लेकिन वरुण धवन ने इसे करने से मना कर दिया था। तो चलिए आपको बताते हैं कि आखिर वरुण धवन ने क्यों इस फिल्म को करने से मना कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार कार्तिक आर्यन और अक्षय कुमार से पहले ये रोल वरुण धवन को ऑफर किया गया था। आनंद पंडित और फिरोज नाडियाडवाला चाहते थे कि वरुण धवन राजू का किरदार निभाएं। इसके अलावा उन्होंने वरुण धवन के बेटे रोहित धवन को इस फिल्म को डायरेक्ट करने का भी ऑफर दिया था, लेकिन वरुण धवन ने फिल्म करने से मना कर दिया।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐसा कहा गया कि वरुण धवन अक्षय कुमार की बहुत रिस्पेक्ट करते हैं। वह अक्षय और फिरोज के खराब रिश्ते का फायदा नहीं उठाना चाहते थे। हालांकि हेरा फेरी 3 को अभी से ब्लॉकबस्टर कहा जा रहा है, लेकिन वरुण धवन का कहना था कि राजू के रोल को सिर्फ अक्षय कुमार ही निभा सकते हैं। इसीलिए उन्होंने इस फिल्म को करने से मना कर दिया है। सिर्फ वरुण ही नहीं बल्कि डेविड धवन ने भी इस फिल्म के लिए मना कर दिया था।

बता दें कि हेरा फेरी फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म साल 2004 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश रावल की तिकड़ी ने कमाल कर दिया था। इसकी अगली किश्त छह साल बाद रिलीज हुई थी। हेरा फेरी 3 में अक्षय कुमार की जगह कार्तिक आर्यन नजर आने वाले हैं। अब देखना ये होगा कि कार्तिक आर्यन फिल्म में क्या कमाल दिखा पाते हैं।

# विक्की कौशल के साथ रोमांटिक अंदाज में दिखीं शहनाज गिल

## एक्ट्रेस ने शेयर की फोटोज, यूजर्स बोले- पंजाब की कटरीना कैफ

बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और शहनाज गिल को हाल ही में एक साथ स्पॉट किया गया। दरअसल विक्की, शहनाज के शो देसी वाइब्स विद शहनाज गिल में पहुंचे थे। जहां दोनों ने मस्तीभरे अंदाज में पूरा एपिसोड शूट किया। अब शहनाज ने सोशल मीडिया पर विक्की के साथ कुछ फोटोज शेयर की हैं, जिसे देखने के बाद फैंस कह रहे हैं कि विक्की पंजाब की कटरीना कैफ के साथ।

विक्की ने शहनाज को फैमिली जैसा महसूस कराया

शहनाज ने इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'हम बहुत कम ही किसी स्टार से मिलते हैं, जो आपको महसूस कराता है कि आप उनमें से एक हैं। बहुत कम ही आपको ये एहसास होता है कि आप इस व्यक्ति को सदियों से जानते हैं और वो आपकी फैमिली की तरह है। दूसरी मुलाकात में, आप बहुत कम ही महसूस करते हैं कि आप इस व्यक्ति को ऐसे जानते हैं, जैसे वो आपकी फैमिली हो।'

मैं आपसे एक बार फिर से मिलकर खुश हूं

शहनाज ने आगे लिखा, 'मुझे लगता है कि यही एक सच्चा स्टार होता है। विक्की मैं आपसे एक बार फिर से मिलकर बहुत खुश हूं और



आज की बातचीत सिर्फ बातचीत नहीं उससे कई ज्यादा थी। मैं यही कामना करती हूं कि आपको अपनी लाइफ में सक्सेस, अच्छी हेल्थ और पॉजीटिविटी मिले। गोविंदा नाम मेरा के लिए ऑल द बेस्ट वाहेगुरू मेहर करे। आपकी फिल्म सुपरहिट हो।'

शहनाज-विक्की पहले भी साथ में स्पॉट हो चुके हैं

शहनाज ने पिछले महीने दिवाली पार्टी के दौरान भी विक्की के साथ फोटोज शेयर की थीं। शहनाज ने इन फोटोज को शेयर कर लिखा था, 'हुड़ बनी न गल (ये हुई न बात) दो पंजाबी एक फ्रेम विच'। इन फोटोज में दोनों बेहद खुश नजर आ रहे थे।

# पहले सहे अब तलाक क्यों : नीना गुप्ता

नीना गुप्ता बी-टाउन की एक ऐसी अभिनेत्री हैं जो अपने दमदार अभिनय के साथ-साथ अपने शानदार अंदाज के लिए जानी जाती हैं। नीना गुप्ता निडर होकर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को दुनिया के सामने ला रही हैं। नीना ने अब तलाक को लेकर कुछ ऐसा कह दिया है, जिसकी चर्चा खूब हो रही है।

**नीना गुप्ता ने तलाक पर क्या कहा?**

नीना गुप्ता ने अपने लेटेस्ट इंटरव्यू में तलाक की असली वजह का खुलासा किया है। एक्ट्रेस ने कहा कि ज्यादातर तलाक इसलिए होते हैं क्योंकि कई युवतियां अब आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं.

एक इंटरव्यू में नीना गुप्ता ने कई बातों पर बात की। शादी के बारे में बात करते हुए नीना ने कहा- आज के समय में सब कहते हैं कि यह बेकार की चीज है, लेकिन मुझे लगता है कि शादी भी जरूरी है. नीना गुप्ता ने आगे तलाक पर बात करते हुए कहा- युवा लड़कियां अब आर्थिक रूप से स्वतंत्र हैं, इसलिए वे अपने पति से कुछ नहीं लेती हैं। यही वजह है कि तलाक का चलन बढ़ रहा है। लेकिन पहले तो उसके पास कोई चारा नहीं था, उसने चुपचाप सब कुछ सह लिया। लेकिन मुझे यह भी लगता है कि शादी कई मायनों में अच्छी चीज है।

नीना गुप्ता क्यों करना चाहती थी अपनी बेटी की शादी?

नीना ने अपनी बेटी मसाबा गुप्ता की शादी के बारे में भी बात की। दरअसल मसाबा गुप्ता ने कुछ समय पहले कहा था कि नीना गुप्ता जल्द ही शादी करना चाहती हैं। बेटी के कमेंट पर बात करते हुए नीना गुप्ता ने कहा- मैं किसी भी आम मां की तरह मां की तरह बात कर रही



थी. जब आप अपने दोस्तों से मिलने जाते हैं, तो वे अक्सर आपको अपने बच्चों के बचपन की तस्वीरें दिखाते हैं और उन्हें शायरी सुनाते हैं। उन्हें इस बात का एहसास नहीं है कि मेहमानों को इसमें कोई दिलचस्पी नहीं है। जब मसाबा छोटी थीं तो मुझे लगता था कि मैं ऐसा कभी नहीं करूंगी। लेकिन हकीकत जस की तस रही। मैं इसे सबके सामने फ्लॉन्ट करता था। सभी माताएं ऐसी ही होती हैं। एक मां के तौर पर मैं भी चाहती थी कि मसाबा की शादी हो। नीना गुप्ता की बेटी मसाबा गुप्ता ने 2015 में एक बिजनेसमैन से शादी की थी। लेकिन इनकी शादी ज्यादा दिन नहीं चली। शादी के 4 साल बाद मसाबा और उनके पति अलग हो गए। खबरें हैं कि मसाबा अब सेलिब्रिटी डिजाइनर एक्टर सत्यदीप मिश्रा को डेट कर रही हैं।

# सवालों के घेरे में आए रितेश देशमुख, 116 करोड़ के ऋण मामले पर राज्य सरकार ने दिए जांच के आदेश

अभिनेता रितेश देशमुख विवादों में घिरते नजर आ रहे हैं। उनकी कंपनी को ऋण देने में सहकारी बैंकों ने अनियमितता तो नहीं की गई है यह पता लगाने के लिए जांच के आदेश दिए गए हैं। इस बात की जानकारी बुधवार को महाराष्ट्र के मंत्री अतुल सावे ने दी पत्र लिखा था । मुझे एमआईडीसी के बारे में कुछ भी पता नहीं है, लेकिन मैंने यह पता लगाने के लिए जांच का आदेश दिया है कि कहीं बैंकों की ओर से तो कोई अनियमितता तो नहीं की गई।"

बता दें कि अभिनेता रितेश देशमुख और उनकी पत्नी



है। बता दें कि कुछ दिनों पहले लातूर जिले में भाजपा के कुछ नेताओं ने रितेश देशमुख और जेनेलिया डिसूजा की नेतृत्व वाली कंपनी 'देश एग्रो प्राइवेट लिमिटेड' को सहकारी बैंक द्वारा ऋण देने में अनियमितता बरतने का आरोप लगाया था। इस बारे में सहकारिता मंत्री सावे ने कहा, "भाजपा के लातूर जिला अध्यक्ष (गुरुनाथ) मागे ने इस बारे में एक जेनेलिया डिसूजा देशमुख पर आरोप है कि उनकी कंपनी देश एग्रो 2021 स्थापित की गई और उसके कुछ ही दिन बाद कंपनी को जमीन का आवंटन कर दिया गया। सिर्फ इतना ही नहीं लातूर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा अक्टूबर 2021 और जुलाई 2022 में कंपनी को दिए गए 116 करोड़ रुपये के लोन को लेकर भी दोनों सवालों के घेरे में हैं।

# अब द कश्मीर फाइल्स अनरिपोर्टेड भी बनाऊंगा: विवेक अग्निहोत्री



कश्मीरी पंडितों की पीड़ा को लोगों के सामने लाने वाली फिल्म द कश्मीर फाइल्स एक बार फिर विवादों का हिस्सा बन गई है. इन्हीं विवादों के बीच फिल्म डायरेक्टर विवेक अग्निहोत्री ने एक बड़ा ऐलान कर सभी को चौंका दिया है. फिल्म निर्देशक एक इंटरव्यू के दौरान द कश्मीर फाइल्स द कश्मीर फाइल्स- अनरिपोर्टेड की अगली कड़ी भी बनाएंगे। दरअसल, गोवा में आयोजित IIFI 2022 इवेंट में जूरी में शामिल इस्राइली फिल्म निर्माता नादव लापिड ने द कश्मीर फाइल्स को अश्लील और प्रोपेगैंडा फिल्म बताकर विवाद की शुरुआत की थी. ऐसे में एक बार फिर यह विवाद का कारण बन गया है।

जिससे लोग दो वर्गों में बंट गए हैं। जिनमें से एक तो फिल्म का समर्थन करता है, साथ ही कुछ सितारे नदव के इस बयान पर अपनी सहमति भी दिखा रहे हैं. बता दें कि IFFI 2022 का समापन 28 सितंबर को हुआ था। इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया के आखिरी दिन ज्यूरी नदव लापिड ने कहा कि द कश्मीर फाइल्स देखने के बाद उन्हें लगा कि यह फिल्म अश्लील और प्रचार पर आधारित है। इस बयान पर आते ही फिल्म निर्देशक विवेक अग्निहोत्री और फिल्म अभिनेता अनुपम खेर का बयान सामने आया. अनुपम खेर ने इस मामले पर अपनी राय देते हुए कहा, भगवान उनका भला करे.

# भूमि का ट्रेडिशनल फोटो शूट में बोल्ड अवतार



बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अक्सर अपने लुक्स को लेकर चर्चा में रहती हैं और उनके प्रशंसकों द्वारा उनकी प्रशंसा की जाती है। भूमि द्वारा हाल ही में शेयर की गई तस्वीरों में भूमि पेडनेकर बेहद ग्लैमरस नजर आ रही हैं। इन फोटोज में भूमि पेडनेकर ब्लू साड़ी में बेहद हॉट पोज देती नजर आ रही हैं।

भूमि पेडनेकर का जन्म 18 जुलाई 1989 को मुंबई में हुआ था और वह अभी 33 साल की हैं। भूमि पेडनेकर बॉलीवुड की सबसे बेबाक अभिनेत्रियों में से एक हैं। लुक को पूरा करने के लिए भूमि ने हैवी नेकपीस पहना था। स्मोकी मेकअप और ओपन हेयरस्टाइल ने उनके लुक को पूरा किया। इस साड़ी के साथ उन्होंने स्टाइलिश बोल्ड ब्लाउज पहना हुआ है। भूमि पेडनेकर महाराष्ट्र के पूर्व गृह मंत्री सतीश पेडनेकर की बेटी हैं। सतीश पेडनेकर का कैंसर से निधन हो गया। भूमि पेडनेकर ने अपने अभिनय से इंडस्ट्री और लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है।

# पिक्चर चले ना चले, लेकिन नवाजुद्दीन सिद्दीकी तो चलेगा

**नवाजुद्दीन सिद्दीकी** ने हाल ही में रिसेंट में आई अपनी फिल्मों के फ्लॉप होने पर रिएक्शन दिया है। नवाजुद्दीन का कहना है कि वो अपने फिल्मों के फ्लॉप होने से कभी घबड़ाते नहीं हैं। नवाजुद्दीन ने कहा है कि वो लगातार मेहनत करते हैं और कभी हार नहीं मानते। नवाजुद्दीन ने शाहरुख खान का उदाहरण देते हुए कहा है कि जैसे शाहरुख अपनी फिल्मों के ना चलने पर परेशान नहीं होते वैसे ही वो भी इन बातों से कभी परेशान नहीं होते।

**फिल्म फ्लॉप होने पर सारा दोष एक्टर को दे दिया जाता है**

नवाजुद्दीन ने हाल ही में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा- पिक्चर चले ना चले, लेकिन नवाजुद्दीन सिद्दीकी तो चलेगा। मैं कभी हार नहीं मानता। मैं मेहनत करने से कभी पीछे नहीं हटता। बाकी सारी बातें इस चीज पर निर्भर करती हैं कि मैं अपना काम ईमानदारी से कर रहा हूं या नहीं। कई बार किसी फिल्म के बॉक्स ऑफिस पर न चलने की कई वजहें होती हैं। हम कई बार कोई फिल्म फ्लॉप



होने पर डायरेक्टर को छोड़कर एक्टर पर दोष मढ़ देते हैं। हम इस दौरान कहते हैं कि फलाने एक्टर की वजह से फिल्म फ्लॉप हो गई।

**डायरेक्टर पर कभी कोई सवाल नहीं उठाया जाता**

नवाजुद्दीन ने अपनी बातचीत में आगे कहा- उदाहरण के लिए, जब शाहरुख खान जैसे स्टार जिनकी पूरी दुनियाभर में फैन फॉलोविंग हैं। जब उनकी कोई फिल्म रिलीज होती है वो अपने फिल्म के जरिए एक बड़े ऑडियंस को अपने डायरेक्टर के सामने परोस देते हैं लेकिन फिर भी जब फिल्म फ्लॉप होती है तो गलती डायरेक्टर और स्क्रिप्ट की न देकर उनकी दी जाती है। इसलिए मैं इन सब बातों से परेशान नहीं होता हूं।

**अगली फिल्म में ट्रांसजेंडर के रोल में दिखेंगे नवाज**

नवाजुद्दीन सिद्दीकी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की बात करें तो वो जल्द ही फिल्म हड्डी में नजर आएंगे। इसके अलावा नूरानी चेहरे, टीकू वेड्स शेरू और जोगीरा सारा रा रा जैसे प्रोजेक्ट भी उनके पाइपलाइन में है। फिल्म हड्डी में नवाज बिल्कुल नए और अलग अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म में वो एक ट्रांसजेंडर के रोल में दिखाई देंगे। अपने किरदार को रियल में एक्सपीरियंस करने के लिए उन्होंने कुछ दिनों पहले ट्रांसजेंडर लोगों के साथ वक्त भी बिताया है।






# मेरी फिल्म देखकर पांच लोग भी महिलाओं का सम्मान करें तो मेरा काम करना सफल : रवीना टंडन

**रवीना टंडन** का कहना है कि साउथ की फिल्में इसलिए बेहतर कर रही हैं क्योंकि वो अपने कल्चर से जुड़ी हुई होती हैं। वहीं हिंदी फिल्मों में अक्सर वेस्टर्न कल्चर देखने को मिलता है। हालांकि रवीना का मानना है हिंदी फिल्म इंडस्ट्री भी अच्छा काम करती है। रवीना का कहना है कि वो हमेशा से ही विमेन ओरिएंटेड फिल्में करना पसंद करती है। रवीना का मानना है कि अगर उनकी फिल्मों से प्रभावित होकर पांच लोग भी महिलाओं की इज्जत करनी शुरू कर दें तो वो काम सफल मानती हैं। रवीना इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'पटना शुक्ला' की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में उन्होंने अपनी प्रोफेशनल और पर्सनल लाइफ को लेकर दैनिक भास्कर से खास बातचीत की है..

वहीं अगर हिंदी फिल्मों की बात करें तो वो ज्यादातर वेस्टर्न कल्चर से प्रभावित रहती है लेकिन इसका मतलब ये नहीं कि हमारी फिल्में कामयाब नहीं होती। साउथ में काफी फिल्में रिलीज होती हैं लेकिन हम सुनते सिर्फ एक दो फिल्मों के बारे में ही हैं। अगर ग्लोबल लेवल के लिहाज से बात करें तो हमें सभी फिल्म इंडस्ट्रीज को एक ही मानना चाहिए। इसमें भेदभाव नहीं करना चाहिए।

मैं जैसी पहले थी आज भी वैसी ही हूं। बस विश्वास कम लोगों पर ही करती हूं। पहले लोगों की बातों पर जल्दी विश्वास कर लेती थी, लेकिन अब मैं चीजों और किसी समस्या पर गंभीरता से विचार करके और बहुत ही सोच-समझकर ही बोलती हूं।

मैंने फिल्मों के बारे में सोचना शुरू कर दिया कि मेरे अंदर जो बात चल रही है, उसे बाहर कैसे लाऊं? इसलिए मैं मानती हूं कि अगर मेरी वजह से 5 लोगों ने भी इस तरह की फिल्में देखीं और फिल्में देखने के बाद उन्हें लगा कि महिलाओं के लिए सम्मान होना चाहिए और अगर ऐसे 5 लोग भी दूसरे 5 लोगों को ये बात सिखा दें तो मेरे लिए ये सारी फिल्में सफल हैं।

हां बिल्कुल मेरे हिसाब से आज महिलाओं को लेकर समाज में सोच तो जरूर बदली है। आज महिलाएं हर फील्ड में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और देश का नाम रोशन कर रही हैं। अब हमारे ही सेट पर देख लीजिए, हमारे फिल्म की डीओपी (डायरेक्टर ऑफ फोटोग्राफी) एक महिला ही हैं और वे इस फील्ड में शानदार काम कर रही हैं। यह बात बिल्कुल सही है कि हर क्षेत्र में महिलाएं उभर कर आगे आ रही हैं, जो मेरे हिसाब से हमारे देश के लिए ये बहुत ही बढ़िया बात है।




## नियॉन ऑरेंज लहंगे में दिखीं स्टनिंग और गॉर्जियस



**जान्हवी कपूर एक** बेहतरीन फैशनिस्टा हैं,लोग अक्सर उनके लुक्स की तारीफ करते हैं। अब हाल ही में जान्हवी कपूर हैदराबाद में आयोजित हुए एक फैशन शो में शोस्टॉपर बनीं। इस दौरान जाह्नवी कपूर ने एक खूबसूरत लहंगे में रैम्प वॉक किया। डिजाइनर अमित अग्रवाल के नियॉन ऑरेंज लहंगे में जान्हवी बेहद स्टनिंग लग रही हैं। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की हैं। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'गॉर्जियस'। तो ऐसे ही कई यूजर्स ने हार्ट इमोजी शेयर की हैं।

# जब अपनी लेडी लव के सपोर्ट में उतरे ये सितारे, ट्रोल्स की जमकर लगाई थी क्लास

**मलाइका अरोड़ा और अर्जुन कपूर** इंडस्ट्री के पावर कपल्स हैं। दोनों अक्सर ही किसी न किसी वजह से सुर्खियों में बने रहते हैं। वहीं, हाल ही में मलाइका अरोड़ा की फर्जी प्रेग्नेंसी की खबर सामने आई थी, जिसके बाद अर्जुन कपूर न सिर्फ मीडिया हाउस पर भड़क गए थे बल्कि उन्होंने ट्रोल्स का मुंह भी बंद करा दिया था। ऐसे ही इंडस्ट्री में कई सितारे हैं, जिन्होंने अपनी लेडी लव के सपोर्ट में ट्रोल्स की जमकर फटकार लगाई है।



**रणवीर सिंह-दीपिका पादुकोण**

रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण इंडस्ट्री के सबसे रोमांटिक कपल्स में से एक हैं। दोनों अक्सर एक-दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आते हैं। गहराइयां फिल्म में दीपिका पादुकोण ने सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ कई इंटिमेट सीन दिए थे, जिसके बाद लोगों ने उन्हें ट्रोल किया था। इस पर रणवीर ने फिल्म में दीपिका के अभिनय की सराहना की और यह भी कहा कि उन्हें उन पर गर्व है।

**अभिषेक बच्चन-ऐश्वर्या राय बच्चन**

अभिषेक बच्चन और ऐश्वर्या राय बच्चन की जोड़ी को फैंस काफी पसंद करते हैं। बेटी आराध्या बच्चन को जन्म देने के बाद ऐश्वर्या को बढ़े हुए वजन के चलते काफी आलोचना का सामना करना पड़ा था। इस पर अभिषेक ने अपनी पत्नी को ट्रोल करने और बॉडी शेमिंग करने के लिए नेटिजन्स की खिंचाई की थी।

**रणबीर कपूर-आलिया भट्ट**

रणबीर कपूर और आलिया भट्ट हाल ही में बेटी राहा के माता-पिता बने हैं। आलिया भट्ट ने शादी करने के कुछ हफ्तों के बाद अपनी प्रेग्नेंसी की घोषणा की थी, जिसके बाद यूजर ने उन्हें जमकर खरी-खोटी सुनाई थी। इस खबर पर रणबीर ने चुप्पी तोड़ते हुए अपनी पत्नी आलिया का स्टैंड लिया और कहा कि एक विवाहित जोड़े के रूप में उन्होंने दुनिया को इस खबर के बारे में बताना सही समझा था।

**ईशान खट्टर-अनन्या पांडे**

ईशान खट्टर और अनन्या पांडे की रिलेशनशिप के चर्चे काफी समय तक हुए थे। दोनों 'खाली पाली' फिल्म में साथ नजर आए थे। वहीं, अब दोनों का ब्रेकअप हो चुका है, लेकिन जब रयूमर्ड गर्लफ्रेंड अनन्या पांडे की नेटिजन्स ने खिंचाई की और ट्रोल किया तो अभिनेता ने उनका साथ दिया था।



# अभी शांत नहीं हुआ अर्जुन कपूर का गुस्सा, नाराजगी जाहिर करते हुए लिखा- कर्मों का फल मिलेगा

**मलाइका अरोड़ा** और अर्जुन कपूर इंडस्ट्री के पावर कपल कहे जाते हैं। दोनों सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। अक्सर दोनों की शादी की खबरें सामने आती रहती हैं। हालांकि दोनों ने कभी इन बातों पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है। लेकिन मलाइका पर कोई भी मुसीबत आए तो अर्जुन सामने खड़े नजर आते हैं। हाल ही में ऐसी अफवाह उड़ी कि मलाइका अरोड़ा एक बार फिर प्रेग्नेंट हैं।

ये खबरें पढ़ने के बाद अर्जुन कपूर का पारा हाई हो गया। उन्होंने अफवाह फैलाने वालों को जमकर लताड़ लगाई थी। लेकिन अभी भी अर्जुन कपूर का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। उन्होंने फिर सोशल मीडिया पर अपना गुस्सा जाहिर किया है।




अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम पर कुछ देर पहले एक स्टोरी पोस्ट की है। उन्होंने फिर से अपना गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा- 'हर किसी को अपने कर्मों का हिसाब मिलता है। आप अपनी पूरी जिंदगी लोगों से पंगा नहीं ले सकते हो। मुझे फर्क नहीं पड़ता कि आप कौन हो। जैसा जाएगा वैसा ही आएगा, ऐसे ही चीजें चलती हैं। जल्दी या देर से ब्रह्माण आपको अपने कर्मों का फल देगा, जिसके आप हकदार हो'। अर्जुन कपूर की इस पोस्ट से साफ पता चल रहा है कि मलाइका की फेक प्रेग्नेंसी की खबरों से अभी तक अभिनेता का गुस्सा शांत नहीं हुआ है। बता दें कि हाल ही में एक मलाइका अरोड़ की प्रेग्नेंसी की फर्जी खबरें खूब वायरल हो रही थीं। जिसमें लिखा था कि मलाइका और अर्जुन कपूर जब अक्टूबर में लंदन वेकेशन में गए थे, तब उन्होंने अपने करीबी दोस्तों के सामने प्रेग्नेंसी की गुड न्यूज दी थी। इस खबर के आने के कुछ देर बाद अर्जुन ने भड़कते हुए इस पर रिएक्ट किया था।

इन खबरों पर अर्जुन कपूर बहुत ज्यादा नाराज हुए थे। उन्होंने इस खबर का खंडन करते हुए लिखा था- 'ये अब तक की सबसे गिरी हुई चीज है और आपने इसे बहुत कैजुअली किया है। इस तरह की बेकार खबरों को लिखना बहुत इंसेंसिटिव और पूरी तरह से अनएथिकल है। इस तरह की खबरें लगातार लिखी जा रही हैं। हम इन खबरों को कई बार इग्नोर कर देते हैं, लेकिन फिर ये मीडिया में फैल जाती हैं और सच बन जाती हैं। ये सही नहीं है, हमारी पर्सनल लाइफ से खेलने की हिम्मत मत करना'।

# अश्लीलता पर एकता कपूर ने तोड़ी चुप्पी, कहा- आप लस्ट स्टोरी करते हैं तो हम गंदी बात

**एकता कपूर को ओटीटी** एडल्ट एप की मल्लिका कहा जाता है। ऑल्ट बालाजी को उनकी एडल्ट वेब सीरीज एक्सएक्सएक्स में अश्लील कंटेंट के लिए सुप्रीम कोर्ट ने फटकार भी लगाई थी। कोर्ट ने कहा कि वह इस तरह की वेब सीरीज से देश की युवा पीढ़ी के दिमाग को प्रदूषित कर रही है. इतने लंबे समय तक चुप रहने के बाद आखिरकार एकता कपूर ने इस मामले में अपना रिएक्शन दिया है.

**एकता कपूर ने तोड़ी चुप्पी**

डेली सोप की दुनिया की बादशाह एकता कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक बड़ा गंभीर नोट लिखा है, जिसमें लिखा है- आप लस्ट स्टोरी करते हैं और हम गंदी बातें करते हैं #Hypocracy। पलक की राय उन्होंने फिल्म निर्माता और होस्ट करण जौहर पर निशाना साधा, जिन्होंने लस्ट स्टोरीज में एक कहानी बनाई थी।



**XXX के लिए करण जौहर ने साधा निशाना**


हाल ही में आउटलुक को दिए एक इंटरव्यू में एकता ने ऐसी महिला केंद्रित कहानियां दर्शकों को देने पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा- मैं अपने ही लिंग का समर्थन कर रहा हूं, यह तो दूर की बात है कि एक ऐसा देश है, जिसमें घर और घर का रिमोट कंट्रोल महिलाओं के हाथ में है। इस देश की आधी आबादी के लिए मेरा पास की कहानियां अधिक समृद्ध, अधिक मनोरंजक और अधिक बहुआयामी हैं।'

**स्पेस महिलाओं की कहानियां पर्दे पर देता है**

एकता ने आगे कहा- आप महिलाओं के बारे में कहानियां बनाते हैं और आपको मल्टीटास्किंग और नेविगेशन के असली मायने का अनुभव होता है। महिलाओं के बारे में घरेलू कहानियां, मुझे इस तरह की कहानी सबसे ज्यादा पसंद है। गौरतलब हो कि एकता कपूर की फिल्म फ्रेडी 1 दिसंबर को ओटीटी पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आ रहे हैं। फ्रेडी आज रिहा हो गए हैं। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने ओटीटी पर अश्लील कंटेंट को लेकर एकता कपूर को थप्पड़ मारा था। अपनी ओर से, मुकुल रोहतगी अदालत में उपस्थित हुए और अदालत में अपने मुवक्किल के लिए सुरक्षा की मांग करते हुए कहा कि देश में लोगों को यह देखने और बनाने की स्वतंत्रता है कि वे क्या चाहते हैं। यह कहने के बाद कि यह सामग्री सभी के लिए नहीं है, यह सब्सक्रिप्शन आधारित है।




# 'छोरी 2' की में नुसरत भरूचा के साथ एक्टिंग का जलवा दिखाएंगी सोहा अली खान




**नुसरत भरूचा** स्टारर फिल्म 'छोरी 2' की शूटिंग शुरू हो गई है। यह साल 2021 में आई फिल्म 'छोरी' का सीक्वल है। नुसरत की इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। जिसकी वजह से मेकर्स अब इस फिल्म का दूसरा भाग लेकर आ रहे हैं। जानकारी के मुताबिक फिल्म की कहानी वहीं से शुरू होगी जहां पर यह खत्म हुई थी। इसके अलावा फिल्म में कुछ नए किरदार भी देखने को मिलेंगे। फिल्म का निर्देशन विशाल फुरिया कर रहे हैं। इसके पहले भाग को भी उन्होंने ही बनाया था। इसका निर्माण टी-सीरीज, क्रिप्ट टीवी और एबंडेंटिया एंटरटेनमेंट द्वारा किया जा रहा है। फिल्म में नुसरत भरूचा एक बार फिर साक्षी के किरदार में दिखेंगी। वहीं, इस बार उनके साथ सोहा अली खान भी स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी।

सीक्वल पर बात करते हुए, निर्देशक विशाल फुरिया ने कहा, मैं इसके सीक्वल के साथ छोरी की कहानी को अगले स्तर पर ले जाने के लिए रोमांचित हूं। मैंने हमेशा छोरी को एक मल्टीपल फिल्म फ्रेंचाइजी बनाने की कल्पना की है और मुझे खुशी है कि मेरे निर्माता मेरी दृष्टि का समर्थन कर रहे हैं। मैं सीक्वल में नुसरत को वापस लाने और सोहा जैसी पावर हाउस प्रतिभा के साथ एक नई यात्रा शुरू करने के लिए उत्साहित हूं।' वहीं, नुसरत ने अपने किरदार पर बात करते हुए कहा, मैं साक्षी की भूमिका को फिर से निभाने और छोरी की दुनिया में वापस जाने के लिए काफी उत्साहित हूं। दर्शकों को दिखाने के लिए हमारे पास क्या है इसे अनुभव करने के लिए मैं और इंतजार नहीं कर सकती। इस बार उन्हें और बेहतर और अच्छा देखने को मिलेगा।

फिल्म में काम करने को लेकर सोहा अली खान ने कहा, "मैं कलाकारों के साथ जुड़कर और छोरी की दुनिया का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। 'छोरी 2' में मैं जो भूमिका निभा रही हूं वह वास्तव में यूनीक है और इससे पहले मैंने किसी भी फिल्म में ऐसा किरदार नहीं निभाया है। मुझे 'छोरी' बहुत अच्छी लगी थी और इसके सीक्वल का हिस्सा बनकर मैं बहुत खुश हूं।"





## भारत में जॉबलेस रेट बढ़ा: नवंबर में बेरोजगारी दर 7.77% से बढ़कर 8.0% पर पहुंची, यह तीन महीने में सबसे ज्यादा

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भारत में अनएंप्लॉयमेंट रेट यानी बेरोजगारी दर में लगातार बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। नवंबर महीने में जॉबलेस रेट बढ़कर 8.0% पर आ गई है, जो तीन महीने में सबसे ज्यादा है। पिछले महीने अक्टूबर में बेरोजगारी दर 7.77% थी। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी ने गुरुवार को बेरोजगारी दर के आंकड़ों को जारी किया है। सीएमआईई के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में शहरी बेरोजगारी दर पिछले महीने के 7.21% से बढ़कर 8.96% पर आ गई। जबकि, ग्रामीण बेरोजगारी दर 8.04% से घटकर 7.55% पर पहुंच गई। मुंबई बेस्ड सीएमआईई के आंकड़ों पर इकोनॉमिस्ट्स और पॉलिसीमेकर्स पैनी नजर रखते हैं, क्योंकि सरकार अपने मंथली आंकड़े जारी नहीं करती है।

सीएमआईई के आंकड़ों के अनुसार, नवंबर महीने में छत्तीसगढ़ में बेरोजगारी दर अब तक के सबसे न्यूनतम स्तर 0.1% पर पहुंच गई। यह देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर है। इस महीने में सबसे ज्यादा बेरोजगारी हरियाणा में 30.6% रही। नवंबर में बेरोजगारी दर 8.0% रहने का मतलब यह है कि काम करने को तैयार हर 1000 वर्कर में से 80 को काम नहीं मिल पाया। सीएमआईई हर महीने 15 से अधिक उम्र के लोगों का घर-घर जाकर सर्वे करता है और उनसे रोजगार की स्थिति की जानकारी लेता है।

# शेयर बाजार का फिर नया रिकॉर्ड: सेंसेक्स ने 63,583 का ऑल टाइम हाई बनाया, आईटी शेयर्स में सबसे ज्यादा तेजी

मुंबई, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। शेयर बाजार हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन, यानी गुरुवार (01 दिसंबर) को 63,500 के पार पहुंच गया है। कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 63,583.07 का नया ऑल टाइम हाई भी बनाया है। इससे एक दिन पहले बुधवार को सेंसेक्स ने 63,303.01 का ऑल टाइम हाई बनाया था।

बुधवार को सेंसेक्स 417.81 या 0.67% बढ़कर 63,099.65 के स्तर पर बंद हुआ था।

इसके साथ ही सेंसेक्स ने अपना नया क्लोजिंग हाई भी बनाया। सेंसेक्स पर आज 16 शेयरों में तेजी और 14 शेयरों में गिरावट है। आईटी शेयर सबसे ज्यादा चढ़े हैं।



निफ्टी ने भी नया ऑल टाइम हाई बनाया

निफ्टी ने भी नया ऑल टाइम हाई बनाया है। कारोबार के दौरान निफ्टी 18,887.60 के नए ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इससे एक दिन पहले बुधवार को निफ्टी ने 18,816.05 का ऑल टाइम हाई बनाया था। निफ्टी के 50 में से 28 में तेजी और 22 में गिरावट है।

**आईटी सेक्टर सबसे ज्यादा चढ़ा**

एनएसई के 11 सेक्टोरल इंडेक्स में से 9 में तेजी दिख रही है। आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा 2.33% की तेजी है। मीडिया सेक्टर 1.20% चढ़ा है। बैंक, रिलल्टी, मेटल और फाइनेंशियल सर्विसेज में करीब आधा फीसदी की तेजी है। ऑटो, एफएमओजी और फार्मा में गिरावट है।

**टेक महिंद्रा में 2% की तेजी**

सेंसेक्स पर टेक महिंद्रा, टीसीएम, एचसीएल टेक, विप्रो में करीब 2% की तेजी है।

एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस 1% से ज्यादा चढ़े हैं। वहीं गिरावट की बात करें तो एमएंडएम, आईटीसी, एनटीपीसी में करीब 1% टूटे हैं। एचयूएल और आईसीआईसीआई बैंक में करीब आधा फीसदी की गिरावट है।

# विवाद के बीच एलन मस्क और टिम कुक मिले

## एलन ने एपल हेडक्वार्टर का वीडियो शेयर किया, बोले- गलतफहमी' का समाधान हो गया

सैन फ्रांसिस्को, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। एपल से विवाद के बीच ट्विटर के नए बॉस एलन मस्क ने आईफोन बनाने वाली कंपनी के सीईओ टिम कुक से मुलाकात की। बुधवार को मस्क ने इस मीटिंग के बारे में जानकारी देते हुए एपल हेडक्वार्टर का एक वीडियो शेयर किया। उन्होंने विवाद को सुलझा लेने का दावा किया।

मस्क ने कहा, ट्विटर को ऐप स्टोर से संभावित रूप से हटाए जाने की उनकी 'गलतफहमी' का समाधान हो गया है। मस्क के मुताबिक, एपल ने कभी भी ऐप को अपने स्टोर से हटाने के बारे में नहीं सोचा था। हालांकि, अभी यह सामने नहीं आया है कि उन दोनों में और क्या बातचीत हुई।

**पूरा मामले समझें**

दो दिन पहले एलन मस्क ने दावा किया था कि एपल ने ट्विटर ऐप को IOS ऐप स्टोर से हटाने की धमकी दी है। मस्क ने एक ट्वीट में ये भी दावा किया था कि एपल ने प्लेटफॉर्म पर ज्यादातर विज्ञापन बंद कर दिए है। मस्क ने लिखा था, 'एपल ने ट्विटर पर ज्यादातर विज्ञापन बंद कर दिए है। क्या वे अमेरिका में फ्री स्पीच से नफरत करते हैं?'



एक अन्य ट्वीट में मस्क ने टिम कुक से पूछा था, 'यहां क्या चल रहा है @टीम_कुक ?' इसके अलावा उन्होंने एक पोल में पूछा था कि क्या एपल को उन सभी सेंसरशिप एक्शन को पब्लिश करना चाहिए जो उसके ग्राहकों को प्रभावित करते हैं।

**एपल की 30% टैक्स पर आलोचना**

मस्क ने कुछ और भी ट्वीट किए है जिनसे पता चलता है कि उनके और एपल के बीच तनाव बढ़ रहा है। मस्क ने एक ट्वीट में इन-ऐप खरीदारी के लिए एपल के ऐप स्टोर की ओर से ली जाने वाली फीस की आलोचना की है। उन्होंने लिखा, क्या आप जानते हैं कि एपल अपने ऐप स्टोर के माध्यम से खरीदी जाने वाली हर चीज पर गुप्त रूप से 30% टैक्स लगाता है?

**मस्क का जंग का ऐलान**

इसके साथ ही मस्क ने इमेज भी पोस्ट की थी। इसमें रोड पर एक साइन बोर्ड लगा है जिसमें एक रास्ता सीधा जाता है। इस पर लिखा है 'पे 30% टैक्स'। वहीं दूसरा रास्ता दाएं ओर मुड़ता है जिसमें लिखा है 'गो टु वॉर'। नीचे एक कार है जिस पर एलन लिखा है और वो दाएं ओर मुड़ रही है। यानी मस्क बताना चाहते हैं कि वो एपल के सामने झुकने वाले नहीं है और लड़ने को तैयार है। हालांकि, बाद में उन्होंने इसे डिलीट कर दिया।

**ऐप स्टोर बॉस ने डिलीट किया अकाउंट**

बीते दिनों अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अकाउंट को बहाल करने के तुरंत बाद, एपल ऐप स्टोर के बॉस फिल शिलर ने अपना ट्विटर अकाउंट डिलीट कर दिया था। इससे पहले नवंबर में, मस्क ने कहा था कि ऐड कम होने के कारण ट्विटर के रेवेन्यू में 'भारी' गिरावट आई है।

जनरल मिल्स इंक और अमेरिका की लक्ज़री ऑटोमेकर ऑडी सहित कई कंपनियों ने ट्विटर पर विज्ञापन रोक दिए है।

# बदल जाएगी एशिया की सबसे बड़ी बस्ती धारावी

## अडानी ग्रुप ने रिडेवलपमेंट के लिए जीती बोली, जानें अंग्रेजों के बसाए धारावी की पूरी कहानी

मुंबई, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मुंबई में मौजूद एशिया के सबसे बड़े स्लम धारावी को अडानी ग्रुप रिडेवलप करेगा। अडानी ग्रुप ने सबसे ज्यादा 5,069 करोड़ रुपए की बोली लगाकर इस प्रोजेक्ट को हासिल किया है। बोली लगाने में दूसरे नंबर पर डीएलएफ ग्रुप रहा जिसने 2,025 करोड़ रुपए की बोली लगाई, जबकि नमन ग्रुप की बोली रद्द कर दी गई। इस टेंडर में 8 ग्लोबल कंपनियों ने दिलचस्पी दिखाई थी, लेकिन असल में सिर्फ तीन कंपनियों ने टेंडर जमा किए। धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट लगभग दो दशकों से अटका हुआ है। धारावी को दुनिया की बड़ी बस्तियों में से एक माना जाता है। ये मुंबई में ऐसी जगह पर है जो रियल एस्टेट के सोने की तरह है। ये मुंबई के मध्य में बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स के करीब है। बांद्रा-कुर्ला को भारत का रिचेस्ट बिजनेस डिस्ट्रिक्ट माना जाता है। भूमि अधिग्रहण और पुनर्वास की पेचीदा जटिलताओं के बीच, इसके रिडेवलपमेंट में बड़े पैमाने पर धन का निवेश होगा।

**1 जनवरी 2000 से पहले के लोगों को फ्री में मकान**

धारावी रिडेवलपमेंट प्रोजेक्ट 20 हजार



करोड़ का है। सरकार का लक्ष्य अगले 17 साल में प्रोजेक्ट पूरा करना और सात साल में पूर्ण पुनर्वास करना है। प्रोजेक्ट के तहत, जो लोग 1 जनवरी 2000 से पहले से धारावी में रह रहे हैं उन्हें फ्री में पक्का मकान दिया जाएगा। जबकि, जो लोग 2000 से 2011 के बीच आकर यहां बसे हैं, उन्हें इसके लिए कीमत चुकानी होगी।

**फिल्मों से बढ़ी लोकप्रियता, टूरिस्ट भी आते हैं**

साल 2008 में 'स्लमडॉग मिलियनेयर' फिल्म के रिलीज़ होने के बाद इस क्षेत्र को लोकप्रियता मिली। फिल्म ने कई अवॉर्ड भी जीते। इसके बाद फिल्म गली बॉय में ये देखने को मिली थी। कई टूरिस्ट यहां भारत की बस्ती में रहने वालों के जीवन की झलक देखने आते हैं।

**1882 में अंग्रेजों ने बसाया था**

इस इलाके को 1882 में अंग्रेजों ने बसाया था। मजदूरों को किफायती ठिकाना देने के मकसद से इसे बसाया गया था। धीरे-धीरे यहां लोग बढ़ने लगे और झुग्गी-बस्तियां बन गईं। यहां की जमीन सरकारी है, लेकिन लोगों ने झुग्गी-बस्ती बना ली है।

**एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार**

2.8 वर्ग किमी में फैली झुग्गी बस्ती में चमड़े की चीजें और मिट्टी के सजावटी बर्तन तैयार किए जाते हैं। यहां तैयार सामानों को देश-विदेशों में बेचा जाता है। इससे एक लाख से ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। राज्य सरकार इस पूरे इलाके को बेहतर शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ गगनचुंबी इमारतों के ग्रुप में बदलना चाहती है। धारावी में 60 हजार परिवार और करीब 12 हजार कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स हैं। कुल करीब 10 लाख लोग रहते हैं।

**प्रोजेक्ट को पहली बार 1999 में प्रस्तावित किया**

1999 में, भाजपा-शिवसेना सरकार ने पहली बार धारावी के पुनर्विकास का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद, 2003-04 में महाराष्ट्र सरकार ने धारावी को एक इंटीग्रेटेड प्लान्ड टाउनशिप के रूप में पुनर्विकास करने का निर्णय लिया और इसके लिए एक कार्य योजना को मंजूरी दी गई और टेंडर निकाले गए। 2011 में सरकार ने सभी निविदाओं को रद्द कर दिया और एक मास्टर प्लान तैयार किया।

**2019 में अडाणी ग्रुप हारा बोली**

2018 में, भाजपा-शिवसेना सरकार ने धारावी के लिए एक स्पेशल पर्पज व्हीकल का गठन किया और इसे पुनर्विकास परियोजना के लिए नोटिफाई किया। बाद में ग्लोबल टेंडर आमंत्रित किए गए। जनवरी 2019 में दुबई स्थित इंफ्रास्ट्रक्चर फर्म सिकलिंक टेक्नोलॉजीज कॉरपोरेशन ने अडाणी ग्रुप को हराकर बोली जीती, लेकिन पुनर्विकास परियोजना में रेलवे की जमीन को शामिल करने के फैसले के बाद टेंडर नहीं दिया गया।

2020 में सरकार बदली और टेंडर कैंसिल

2020 तक, महाराष्ट्र सरकार बदल गई थी, और उसी साल अक्टूबर में, उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र विकास अघाडी सरकार ने टेंडर कैंसिल कर दिया और कहा कि जल्द ही नई निविदाएं मंगाई जाएंगी।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**

**ग्रह स्थिति**

| ग्रह | राशि | |
|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में |
| चंद्र- | मीन | में |
| मंगल | वृष | में |
| बुध- | वृश्चिक | में |
| गुरु- | मीन | में |
| शुक्र- | वृश्चिक | में |
| शनि- | मकर | में |
| राहु- | मेष | में |
| केतु- | तुला | में |

**लग्नारंभ समय**

| लग्न | समय | |
|---|---|---|
| वृश्चिक. | 05-24 | बजे |
| धनु--- | 07-38 | बजे |
| मकर- | 09-42 | बजे |
| कुंभ - | 11-43 | बजे |
| मीन... | 13-11 | बजे |
| मेष-- | 14-47 | बजे |
| वृष-- | 16-32 | बजे |
| मिथुन.. | 18-33 | बजे |
| कर्क... | 20-44 | बजे |
| सिंह... | 22-57 | बजे |
| कन्या.. | 00-07 | बजे |
| तुला | 03-13 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- दशमी **- 05 -38** अहोरात्र तक
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष , शुक्रवार **Dec 02**
नक्षत्र - उ.भाद्रपद **- 05 - 45 -** अहोरात्र तक
योग - वज्र - **07 - 29** - तक उप- सिद्ध
करण- तैतिल **-17 - 53** - तक उप- गर
विशेष:-
व्रत -त्योहार - ज्येष्ठायां रवि

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए ।

**राहुकाल 10:42 से 12:05 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल. | 06:34 - 07:55 | शुभ | रोग. | 17:39 - 19:16 | अशुभ |
| लाभ. | 07:55 - 09:19 | शुभ | काल. | 19:16 - 20:52 | अशुभ |
| अमृत. | 09:19 - 10:42 | शुभ | लाभ. | 20:52 - 22:29 | शुभ |
| काल. | 10:42 - 12:05 | अशुभ | उत्पात | 22:29 - 00:06 | अशुभ |
| शुभ. | 12:05 - 13:29 | शुभ | शुभ | 00:06 - 01:42 | शुभ |
| रोग | 13:29 - 14:52 | अशुभ | अमृत | 01:42 - 03:19 | शुभ |
| उत्पात | 14:52 - 16:16 | अशुभ | चंचल | 03:19 - 04:56 | शुभ |
| चंचल | 16:16 - 17:36 | शुभ | रोग | 04:56 - 06:34 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — आज दिन मिला जुला रहेगा। सोच सकारात्मक रहेगी। आज अपनी फिटनेस पर भी काफी ख्याल रखेंगे।साझेदारी-व्यवसाय के मामले में जो भ्रम की स्थिति चल रही थी वो आज काफी हद तक कम होगी व आप साहसपूर्ण निर्णय लेकर आगे बढ़ेंगे। संतान को कार्यक्षेत्र में किसी का सहयोग प्राप्त होगा।..

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — आज दिन की शुरु शुरुआत बहुत जल्दी करेंगे। काम-काज आज तेजी से आगे बढ़ेगा, किसी बड़ी योजना में आप शामिल हो सकते हैं। जीवनसाथी के लिये समय कुछ कठिन है। आज माता-पिता से कुछ सहयोग प्राप्त हो सकता है।युवावर्ग को कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। भूमि-भवन मामलों में आप पुन: विचार करेंगे।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आज ग्रह स्थिति अनुकूल हैं, नए जोश के साथ दिन की शुरुआत करेंगे। व्यावसायिक क्षेत्र में पिछले लिए गए निर्णयों से आज लाभ प्राप्त हो सकता है। पिता के लिए समय कुछ कठिन है। यदि आप निजी संबंध में हैं तो अपनी बात को आगे बढ़ा सकते हैं। किसी बड़े निवेश के बारे में विचार कर सकते हैं।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — कर्क राशि वालों के लिये आज चंद्रमा अनुकूल हैं। आय के नये स्त्रोत आपके सामने आ सकते हैं पर अपने आदर्शों व उसुलों के साथ किसी भी कीमत पर समझौता नहीं करेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभप्रद सिद्ध होगी।संतान की ओर से मन अशांत रहेगा। माता के लिये समय कुछ कठिन है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आज समय मिला-जुला रहेगा। यदि आप नौकरी पेशा हैं तो आपके कार्य की सराहना होगी परंतु यथोचित्त लाभ प्राप्त नहीं होगा। घर-परिवार की कोई समस्या आपको चिन्तित कर सकती है। जीवनसाथी के स्वभाव में कुछ बदलाव आ सकता है। किसी दावत पर जाने का मौका प्राप्त होगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — किसी शुभ समाचार से दिन की शुरुआत होगी।भावुकता में आकर कोई निर्णय ले सकते हैं। कार्यक्षेत्र में कुछ संशोधन करने की कोशिश करेंगे।माता के लिये दिन उत्तम है।किसी पुराने रोग में आज कुछ सुधार नजर आयेगा।जीवनसाथी को कोई भेंट प्राप्त हो सकती है।संतान संबंधित किसी चिंता का निवारण होगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — धार्मिक दृष्टिकोण से दिन कमजोर रहेगा। लेनदार आपको परेशान कर सकते हैं। अपनी वाणी पर संयम रखें क्योंकि क्रोध की स्थिति बार-बार बन सकती है। काफी प्रयासों के बाद भी खर्चों पर नियंत्रण नहीं रख पायेंगे। गुरुजनों से मिलना व उनका आशीर्वाद लेना आज आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — ग्रह स्थिति अनुकूल हैं। कई कार्यों को मनमुताबित कर सकते हैं। आज दूसरों पर अपना प्रभाव छोड़ने मे सफल रहेंगे, लोकप्रियता बढ़ सकती है। लोगों से मेल-मिलाप आगे लाभकारी सिद्ध होगा। माता के लिये समय कुछ कठिन है। आज की गई यात्रा से सोच से अधिक लाभ प्राप्त हो सकता है।जजज

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — धनु राशि वालों के लिये आज दिन शुभ है।जीवनसाथी के साथ अधिक समय बिताने का प्रयास करेंगे।संतान को कोई नई जिम्मेदारी प्राप्त हो सकती है।साझेदारी व्यवसाय में कुछ बदलाव आपके लिये अच्छे रहेंगे।आज किसी बात को खुल जाने का भय मन में बना रहेगा। छोटे बहिन भाइयों के लिये समय कुछ कठिन है।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आज प्रात: से ही अपने आप को ऊर्जावान महसूस करेंगे। कार्य की अत्यधिक व्यस्तता के कारण घर-परिवार में समय नहीं दे पाएंगे। कानूनी मामलों में किसी की सलाह ले सकते हैं। घर में बुजुर्गों का स्वास्थ्य नरम रहेगा। दोपहर बाद किसी धार्मिक स्थल पर जाने का मन बना सकते हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आज का दिन अनुकूल हैं। आज कई समस्याओं का निवारण आपको मिल जायेगा। वरिष्ठ लोगों की सलाह आपके लिये मददगार साबित होगी। आज अपनी सुझबुझ से निर्णय लें, लोग भ्रमित कर सकते हैं। बड़े भाई बहिनों के लिये दिन उत्तम है।पेट से संबंधित समस्या परेशान कर सकती है।खान पान पर नियंत्रण रखें।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — अविवाहित लोगों के लिये विवाह की बात आगे बढ सकती है।अपना शौक पूरा करने के लिये आज आप समय निकालेंगे।यदि नौकरी पेशा हैं तो उच्च अधिकारियों को प्रसन्न करने के लिये अत्यधिक मेहनत करनी पड़ेगी।पुनर्भुगतान के लिये कहीं से मदद लेनी पड़ सकती है।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# यूएस फेड के चेयरमैन ने दिया दिलासा, अगली बैठक के दौरान दर वृद्धि में नरमी बरतने के संकेत

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अगली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक 14 व 15 दिसंबर 2022 के लिए निर्धारित है, यूएस सेंट्रल बैंक के ने अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने बुधवार को दिलासा देते हुए कहा है कि अगली मौद्रिक नीति बैठक में ब्याज दरों की वृद्धि में नरमी बरती जा सकती है। पॉवेल ने ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन में हचिन्स सेंटर ऑन फिस्कल एंड मॉनेटरी पॉलिसी कार्यक्रम के दौरान कहा कि दिसंबर की बैठक में दर वृद्धि की गति को कम करने पर विचार किया जा सकता है। अगली फेडरल ओपन मार्केट कमेटी की बैठक 14 व 15 दिसंबर 2022 के लिए निर्धारित



है, यूएस सेंट्रल बैंक के ने अपनी वेबसाइट पर इसकी जानकारी दी है। पॉवेल ने कहा, मौद्रिक नीत अनिश्चित अंतराल के साथ अर्थव्यवस्था और मुद्रास्फीति को प्रभावित करती है और अब तक मौद्रिक नीति के कड़े करने के पूर्ण प्रभाव को महसूस किया जाना बाकी है। पॉवेल ने दरों में परिवर्तन के बारे में कोई संकेत दिए बिना कहा, ₹वृद्धि की गति को कम करने की बात अब समझ आती है कि क्योंकि हम संयम के स्तर तक पहुंच गए हैं मुद्रास्फीति को नीचे लाने के लिए पर्याप्त होगा। हालांकि, फेड चेयरमैन ने यह भी कहा कि इतिहास समय से पहले ढीली नीति के खिलाफ गवाही देता है। ऐसे में महंगाई पर नियंत्रण का लक्ष्य पूरा होने तक यह एक्सरसाइज जारी रहनी चाहिए। यूएस फेडरल रिजर्व की नवीनतम मौद्रिक नीति से जुड़ी समीक्षा बैठक की मिनट्स में दिखा था कि सदस्यों के एक बड़े गुट ने नीतिगत दरों में वृद्धि की गति धीमी करने को उचित ठहराया था।

# क्या ई-रुपी अन्य डिजिटल पेमेंट्स से ज्यादा अच्छा है?

नई दिल्ली, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। मान लीजिए आप एक यूपीआई सिस्टम से अपने बैंक अकाउंट के बजाय ई-रुपी में लेनदेन करते हैं। इसमें कैश को हैंड ओवर करते ही इंटरबैंक सेटलमेंट की जरूरत नहीं रह जाती। इससे पेमेंट्स सिस्टम से लेनदेन ज्यादा रियल टाइम में और कम लागत में होगा। यूपीआई सिस्टम में बैंक मीडिएटर की तरह काम करता है, इसलिए सेटलमेंट की जरूरत पड़ती है।

**बिना इंटरनेट के भी करेगा काम**

ई-रुपी बिना इंटरनेट के भी काम करेगा। इसके अलावा डिजिटल करेंसी आने से सरकार के साथ आम लोगों और बिजनेस के लिए लेनदेन की लागत कम हो जाएगी। जैसे यूएई में एक वर्कर को सैलरी का 50%




हिस्सा डिजिटल मनी के रूप में मिलता है। इससे ये लोग अन्य देशों में मौजूद अपने रिश्तेदारों को आसानी से और बिना ज्यादा शुल्क दिए पैसे भेज सकते हैं।

**100 का नोट छापने में 15-17 रुपए का खर्च**

आबीआई के अनुसार, भारत में 100 रुपए के नोट को प्रिंट करने में 15-17 रुपए का खर्च आता है। एक करेंसी नोट अधिकतम चार साल तक चलता है। केंद्रीय बैंक को नए नोट छापने होते हैं जिनकी कीमत हजारों करोड़ रुपए होती है। वित्त वर्ष 2021-22 में आबीआई ने 4.19 लाख अतिरिक्त नोट छापे थे, जिनकी कीमत हजारों करोड़ रुपए थी। डिजिटल करेंसी की लागत लगभग शून्य है। यह रुपए के मौजूदा डिजिटल स्वरूप की जगह नहीं लेगा, बल्कि लेनदेन का एक और माध्यम उपलब्ध कराएगा। आरबीआई का मानना है कि ई-रुपी डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा देगा। नगद अर्थव्यवस्था घटाने का लक्ष्य पाने में मदद मिलेगी। लेनदेन की लागत घटाने में भी मदद मिलेगी। पेमेंट सिस्टम अधिक प्रभावी बनेगा।

# दुनिया का सबसे एडवांस मिलिट्री एयरक्राफ्ट तैयार

## बी-21 रेडर बॉम्बर न्यूक्लियर हमला करने में सक्षम, 2 दिसंबर को यूएस एयरफोर्स को सौंपा जाएगा



वॉशिंगटन, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी वायु सेना तेजी से अपने स्ट्रैटजिक बॉम्बर्स की फ्लीट को बढ़ा रही है। इसी बीच शुक्रवार यानी 2 दिसंबर को इस फ्लीट में बी-21 रेडर बॉम्बर भी शामिल होने जा रहा है। नए साल की शुरुआत में इसकी तैनाती हो जाएगी। इसे बनाने में 16 हजार करोड़ रुपए की लागत आई है। बी-21 रेडर को अब तक का दुनिया का सबसे एडवांस मिलिट्री एयरक्राफ्ट बताया जा रहा है। अमेरिका का दावा है कि इस विमान की टेक्नोलॉजी इतनी एडवांस है कि दुनिया का कोई भी रडार इसे पकड़ नहीं सकता। इसे वेपन डेवलपमेंट कंपनी नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन ने बनाया है।

**मौजूदा स्टेल्थ बॉम्बर्स बी-1 और बी-2 की जगह लेगा**

नॉर्थ्रॉप ग्रुम्मन की एरोनॉटिक्स सिस्टम्स यूनिट के प्रेसिडेंट टॉम जोन्स ने बताया कि इस एयरक्राफ्ट को कैलिफोर्निया के पामडेल में एयर फोर्स प्लांट 42 में बनाया गया है। ये एयरक्राफ्ट इंजीनियरिंग और मैन्युफैक्चरिंग डेवलपमेंट (ईएमडी) बैच का हिस्सा हैं। इस परियोजना को लॉन्ग रेंज स्ट्राइकर बॉम्बर (एलआरएस-बी) कॉन्ट्रैक्ट के तहत फंड दिया गया है। ये सेना के मौजूदा स्टेल्थ बॉम्बर्स बी-1 और बी-2 की जगह लेगा।

**बी-21 रेडर की खासियत**


टॉम जोन्स ने कहा- इस एयरक्राफ्ट को न्यूक्लियर मिशन के लिए तैयार किया गया है। ये लंबी दूरी का डिजिटल बॉम्बर है जो फुर्तीली तकनीक और क्लाउड कंप्यूटिंग के जारिए कम्युनिकेट कर सकेगा। इसे हाई-एंड थ्रेट एन्वायर्नमेंट के लिए ऑप्टिमाइज किया गया है। इसकी नेटवर्किंग केपेबिलिटी भी काफी एडवांस है। इससे आसानी से खराब मौसम में भी संपर्क किया जा सकता है।

**लेफ्टिनेंट कर्नल डूलिटल रेड से इंस्पायर होकर रखा गया नाम**

बी-21 रेडर का नाम सेकंड वर्ल्ड वॉर के डूलिटल रेड के सम्मान में रखा गया है। इस ऐतिहासिक मिशन के बारे में बात करते हुए टॉम जोन्स ने कहा- लेफ्टिनेंट कर्नल जेम्स 'जिमी' डूलिटल के नेतृत्व में 80 एयरमेन और 16 बी-25 बॉम्बर ने युद्ध के मायने ही बदल दिए थे।

# आईएसआईएस का सरगना अबू हसन मारा गया

**9 महीने पहले बना था संगठन का लीडर; आईएसआईएस ने नए चीफ का ऐलान किया**




दमिश्क, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) का चीफ अबू हसन अल हाशिमी मारा गया है। इसी संगठन के प्रवक्ता ने उसकी मौत की जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि दुश्मनों से लड़ाई के दौरान चीफ की मौत हो गई। 9 महीने पहले ही उसे संगठन का लीडर बनाया गया था। अबू हसन के मारे जाने के बाद संगठन के नए चीफ का भी ऐलान कर दिया गया है। अब आईएसआईएस का नया चीफ अबू अल-हुसैन अल-हुसैनी अल-कुरैशी होगा।

**अबु हसन के मौत की पूरी जानकारी नहीं**

आईएसआईएस प्रवक्ता ने चीफ की मौत की पुष्टि तो कर दी, लेकिन यह नहीं बताया कि उसकी मौत कैसे हुई? किस संगठन या आर्मी से लड़ते वक्त वह मारा गया है? इन सभी बातों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गई है।

**फरवरी में मारा गया था पुराना चीफ**

फरवरी 2022 में अमेरिका ने आईएसआईएस के पुराने चीफ इब्राहिम अल हाशमी अल कुरैशी को मार गिराया था। अमेरिका के प्रेसिडेंट ने एक बयान जारी कर कहा था कि हमने जंग के मैदान में अबू इब्राहिम अल हाशमी को मार गिराया है। वो आईएसआईएस का लीडर था। हालांकि, संगठन ने मार्च में पहली बार अल हाशमी के मारे जाने की पुष्टि की थी और इसके बाद अबू हसन को नया लीडर बना दिया गया था।

# अमेरिका बोला

**पाक के साथ चाहते हैं दीर्घकालिक संबंध, मुनीर के आर्मी चीफ बनने पर कही यह बात**



वॉशिंगटन, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान में नए सेना प्रमुख असीम मुनीर ने पदभार संभाल लिया है। इस मौके पर अमेरिका ने पाकिस्तान के साथ दीर्घकाल तक संबंध व सहयोग जारी रखने की मंशा जताई है। यह भी कहा कि लोकतांत्रिक पाकिस्तान अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण है। लेफ्टिनेंट जनरल असीम मुनीर ने मंगलवार को औपचारिक रूप से पाकिस्तानी सेना के नए प्रमुख के रूप में कमान संभाल ली है।

मुनीर के नए पाक जनरल बनने पर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैराइन जीन-पियरे ने वॉशिंगटन में नियमित संवाददाता सम्मेलन में में उक्त बातें कहीं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव पियरे ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान के साथ दीर्घकालिक सहयोग को महत्व देता है। हम समृद्ध और लोकतांत्रिक पाकिस्तान को अमेरिकी हितों के लिए महत्वपूर्ण मानते हैं। पाकिस्तान में नए जनरल व सत्ता परिवर्तन को लेकर एक सवाल के जवाब में पियरे ने कहा कि अमेरिका पाकिस्तान और क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए उसके साथ काम करते रहने का इच्छुक है।

# अमेरिकी पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कोरोना से हुए संक्रमित

वाशिंगटन, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं. बिल क्लिंटन ने खुद ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है. उन्होंने कहा कि, मैंने बूस्टर डोज लिया है जिस कारण हल्के लक्षण हैं. बिल क्लिटंन ने जनता से भी कहा कि वो भी बूस्टर डोज लें. बिल क्लिंटन ने ट्वीट में लिखा, मेरी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है और उन्हें हल्के लक्षण हैं. मैंने खुद को क्वारंटीन कर लिया है साथ ही सभी नियमों का कड़ाई से पालन कर रहा हूं. उन्होंने आगे लिखा, मैं खुश हूं कि मैंने कोरोना की वैक्सीन




समेत बूस्टर डोज लिया है जिस कारण मुझे कोरोना के हल्के लक्षण देखने को मिल रहे हैं. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि, मैं चाहूंगा लोग भी वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज लें खासतौर पर इस सर्दी के मौसम में.

**सीडीसी के निदेशक भी हुए थे कोरोना पॉजिटिव**

इससे पहले यू.एस. सेंटर फ़ार डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) के निदेशक रोशेल वालेंस्की और यू.एस. फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कमिश्नर राबर्ट कैलीफ भी कोरोना से संक्रमित पाए गए थे.

**अमेरिका में दर्ज हुए कोरोना के सबसे अधिक मामले**

अमेरिका में कोरोना के सबसे अधिक मामले दर्ज हुए हैं. देश में संक्रमितों का आंकड़ो 10 करोड़ के पार जा पहुंचा है. साथ ही 11 लाख से ज्यादा लोगों की कोरोना से मौत हो चुकी है. वहीं, अमेरिका के बाद सबसे ज्यादा मामले भारत में दर्ज हुए हैं. भारत में 4.4 करोड़ से अधिक मामले सामने आए हैं वहीं 5 लाख 30 हजार के करीब लोगों की मौत हुई है.

# ड्रैगन की चालबाजी

**अमेरिकी सांसद ने खोली चीन की पोल एलएसी के पास सेना की चौकी बनाकर भारत के खिलाफ रच रहा साजिश**



वाशिंगटन, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी सांसद राजा कृष्णमूर्ति ने दुनिया के सामने चीन के खतरनाक इरादे का खुलासा किया है। कृष्णमूर्ति ने बुधवार को कहा कि भारत और चीन के बीच वास्तविक नियंत्रण रेखा के पास पीपुल्स लिबरेशन आर्मी की एक नई चौकी संबंधी खबर बीजिंग की बढ़ती क्षेत्रीय आक्रामकता का एक और चिंताजनक संकेत है, जो अमेरिका द्वारा भारत और अन्य सुरक्षा साझेदारों के साथ संयुक्त प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता को दोहराता है। चीन ने भारत के साथ अपनी विवादित सीमा के पास एक सैन्य चौकी बनाई है। सेंटर फॉर स्ट्रेटेजिक एंड इंटरनेशनल स्टडीज 'चाइना पावर प्रोजेक्ट' द्वारा प्राप्त और नैटसेक डेली के साथ साझा की गई तस्वीरें दिखाती हैं कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी ने पैंगोंग त्सो में सैनिकों को रखने के लिए एक मुख्यालय और गैरीसन का निर्माण किया है। राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीनी कम्युनिस्ट पार्टी अपने पुराने ढर्रे पर चलना नहीं छोड़ा है। देश में अब भी घरेलू दमन, उइगर मुस्लिमों से क्रूर उत्पीड़न और ऑनलाइन गलत सूचना के प्रयासों में वृद्धि जारी है। इसलिए भारत से ताइवान जलडमरूमध्य तक इसके बढ़ते अंतरराष्ट्रीय सैन्य आक्रमण के संकेत भी हैं।

**चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का चेहरा दुनिया के सामने लाना होगा**

राजा कृष्णमूर्ति ने कहा कि चीन के आक्रामक महत्वाकांक्षाओं के सामने, यह अनिवार्य है कि संयुक्त राज्य अमेरिका अपने सहयोगियों के साथ सुरक्षा और खुफिया सहयोग का और विस्तार करे ताकि यह स्पष्ट संदेश भेजा जा सके कि संयुक्त राज्य अमेरिका, भारत, ताइवान और पूरे क्षेत्र में लोकतंत्र के साथ खड़ा है। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की बढ़ती आक्रामकता का चेहरा दुनिया के सामने लाने होगा।

# 'यूक्रेन की महिलाओं का रेप करने के लिए उकसा रही रूसी सैनिकों की पत्नियां'- युद्ध में सनसनीखेज दावा



कीव, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। यूक्रेन की प्रथम महिला ओलेना जेलेंस्का ने रूसी सैनिकों पर यूक्रेन में यौन हिंसा करने का आरोप लगाया है. स्काई न्यूज की एक रिपोर्ट के अनुसार, ओलेना जेलेंस्का ने आरोप लगाया कि रूसी सैनिकों की पत्नियां उन्हें यूक्रेनी महिलाओं का बलात्कार करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं. यौन हिंसा से निपटने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में ओलेना जेलेंस्का ने कहा, यौन हिंसा किसी पर प्रभुत्व साबित करने का सबसे क्रूर तरीका है...और इस तरह की हिंसा के पीड़ितों के लिए युद्ध के समय गवाही देना मुश्किल है, क्योंकि कोई भी सुरक्षित महसूस नहीं करता है.

**'ये भी उनका एक हथियार है'**

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की की पत्नी ओलेना जेलेंस्का ने दावा किया कि बलात्कार एक साधन बन गया है जिसका रूसी सैनिकों ने दो देशों के बीच चल रहे युद्ध में व्यवस्थित रूप से उपयोग किया है. यह एक और उपकरण है जिसे वे (रूसी सेना) अपने हथियार के रूप में उपयोग कर रहे हैं.

**'फोन पर बातचीत से हमने इसे पकड़ा'**

ओलेना जेलेंस्का ने कहा, हम देखते हैं कि रूसी सैनिक इस बारे में बहुत खुले हैं...वे इसके बारे में फोन पर अपने रिश्तेदारों से बात करते हैं, फोन पर बातचीत से हम इसे पकड़ने में कामयाब रहे हैं. वास्तव में रूसी सैनिकों की पत्नियां इसे प्रोत्साहित करती हैं, वे कहती हैं, 'जाओ, उन यूक्रेनी महिलाओं का बलात्कार करो, लेकिन मुझे इसके बारे में बताओ मत.

**'बलात्कार को युद्ध अपराध के रूप में मान्यता दी जाए'**

ओलेना जेलेंस्का ने यूक्रेनी महिलाओं के बलात्कार को युद्ध अपराध के रूप में मान्यता देने का आह्वान भी किया, ताकि अपराधियों को जवाबदेह ठहराया जा सके. इस साल फरवरी में युद्ध शुरू होने के बाद से यूक्रेन के नेताओं ने रूसी सैनिकों पर बार-बार जुबानी हमला किया है और उन पर महिलाओं का बलात्कार करने का आरोप लगाया है. अप्रैल में यूक्रेनी सांसद लेसिया वासिलेंक ने आरोप लगाया था कि रूसी सैनिकों ने 10 साल की लड़कियों के साथ भी बलात्कार किया.

## बिन बुलाए शादी में खाना खाने पहुंचा एमबीए का छात्र बर्तन धोने की सजा मिली

भोपाल, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। आपको थ्री इडियट्स फिल्म का वह दृश्य जरूर याद होगा, जब आमिर खान, शरमन जोशी और आर माधवन बिन बुलाए एक शादी में दावत उड़ाने पहुंच जाते हैं। बाद में पता चलता है कि जिस शादी में वह लोग बिन बुलाए घुसे हैं, वह उनके ही कॉलेज के प्रिंसिपल की बेटी की शादी है। करीना कपूर से भी आमिर की पहली मुलाकात इस दौरान ही होती है। बस ऐसा ही कुछ करने की कोशिश में भोपाल में एक एमबीए छात्र की किरकिरी हो गई। वह बिना बुलाए एक शादी में दावत उड़ाने पहुंच गया और पकड़ा गया। फिर क्या था, घरातियों ने उसे सजा दी और बर्तन धुलवाए। अब इस एमबीए छात्र का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में एमबीए का छात्र खुद को सम्राट कुमार बता रहा है। इस पर वीडियो बनाने वाला शख्स पूछता है कि दावत में कैसे आए थे? जवाब में छात्र कहता है कि ऐसे ही खाना खाने आ गए थे। पूछा गया कि किसी ने तुम्हें कहा था क्या ऐसा करने को, तो छात्र जवाब देता है कि नहीं। इस पर वीडियो बनाने वाला शख्स कहता है कि यह फ्री में खाना खाने की सजा है।

# एशिया का सबसे बड़ा एटमॉस्फेयरिक रिसर्च सेंटर तैयार



## 300 किमी दूर बना मौसमी सिस्टम किस रास्ते आएगा, कहां ओले गिरेंगे पहले चलेगा पता

भोपाल, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से 20 किमी दूर शीलखेड़ा में एशिया का सबसे बड़ा एटमॉस्फेयरिक रिसर्च सेंटर अब पूरी तरह तैयार हो गया है। इसकी मदद से 300 किमी दूर मौसमी सिस्टम किस रास्ते आएगा, बादल कहां से कैसे आएंगे, कहां ओले गिरेंगे और कहां कितना पानी बरसेगा, यह सब पहले ही मालूम हो जाएगा। इस रिसर्च सेंटर में फिनलैंड से इंपोर्ट कर अत्याधुनिक तकनीक सी बेड ड्वैल पोलर मैट्रिक रडार और केयू बैंड रडार लगाए गए हैं। वैज्ञानिक इस रडार के जरिए यह भी बता देंगे कि यह मानसूनी सिस्टम कहां मौजूद है। इंडियन इंस्टीट्यूट आफ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी (आईआईटीएम) पुणे इसका हेड क्वार्टर होगा।

**आईआईटीएम के डायरेक्ट ने किया सेंटर का निरीक्षण**

आईआईटीएम के डायरेक्टर आर. कृष्णन ने अपनी टीम के साथ सेंटर का निरीक्षण किया। पहली बार भोपाल आए कृष्णन ने बताया कि यह रिसर्च सेंटर स्कूल और कॉलेज के स्टूडेंट्स के रिसर्च के लिए भी उपलब्ध रहेगा। मिनिस्ट्री ऑफ अर्थ साइंस के अधीन आने वाले आईआईटीएम की निगरानी में यह सेंटर स्थापित किया गया है।

**अगले महीने होगा उद्घाटन**

सेंटर की इलेक्ट्रिफिकेशन, इंटरनेट से जुड़ी सुविधाएं बाउंड्रीवॉल समेत अन्य व्यवस्थाएं पूरी हो गई हैं। अगले महीने केंद्रीय मंत्रियों की मौजूदगी में इसका औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इस सेंटर में पुणे, बेंगलुरु, कोलकाता सहित देश के कई शहरों के वैज्ञानिक काम कर रहे हैं। आने वाले दिनों में और भी कई शहरों के वैज्ञानिक यहां काम के लिए आएंगे।

**जमीन से 12 किमी ऊंचाई पर हवा का रुख क्या है,यह भी मालूम हो जाएगा**

कृष्णन ने बताया कि इस सेंटर में विंड प्रोफाइलर रडार भी लगाया गया है। इसके जरिए जमीन से 12 किमी ऊंचाई पर वायुमंडल में हवा का रुख क्या है उसमें कितनी नमी है, इसकी भी सटीक जानकारी मिल जाएगी।

**स्टूडेंट्स को रिसर्च के लिए मोटिवेट किया जाएगा**

कृष्णन ने बताया कि स्कूल कॉलेज के स्टूडेंट्स को एटमॉस्फेरिक रिसर्च के लिए मोटिवेट किया जाएगा। सरकार की यह मंशा है कि विद्यार्थियों को रिसर्च के क्षेत्र में प्रोत्साहित किया जाए और देश में मौसम एवं वायुमंडलीय शोध के मामले में प्रगति हो।

**भोपाल के पास सेंटर इसलिए बनाया**

मौसम विशेषज्ञ डॉ. जीडी मिश्रा के मुताबिक, मध्य भारत का यह क्षेत्र ऐसा है जहां से ऊपरी हवा के चक्रवात से लेकर लो प्रेशर एरिया और उसकी ट्रफ लाइन गुजरती हैं। बारिश के दौरान बिजली गिरने की सबसे ज्यादा घटनाएं भी इसी इलाके में होती हैं।

# इजराइल की मदद का मतलब मौत



## ईरान में चार लोगों को इस वजह से अपनी जान से हाथ धोना पड़ेगा

तेहरान, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। ईरान में चार लोगों को कथित तौर पर इजराइल की खुफिया एजेंसी के लिए काम करने के लिए मौत की सजा सुनाई गई है. देश की मेहर समाचार एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार ईरान की न्यायपालिका ने कथित तौर पर इजराइली खुफिया सेवा के साथ सहयोग करने और अपहरण करने के आरोप में चार लोगों को मौत की सजा सुनाई है. इस्लामिक देश ईरान लंबे समय से अपने कट्टर दुश्मन इजराइल पर अपनी धरती पर गुप्त अभियान चलाने का आरोप लगाता रहा है. तेहरान ने हाल ही में इजराइल और पश्चिमी खुफिया सेवाओं पर देश में गृहयुद्ध की साजिश रचने का आरोप लगाया है, जो अब 1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद से कुछ सबसे बड़े सरकार विरोधी प्रदर्शनों की चपेट में है. एजेंसी ने चारों आरोपियों का नाम लिया और इजराइल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें इजराइल शासन की खुफिया सेवाओं के साथ सहयोग करने और अपहरण के अपराध के लिए मौत की सजा सुनाई गई है. रिपोर्ट में कहा गया है कि आरोपियों को रेवोल्यूशनरी गॉर्ड्स और खुफिया मंत्रालय ने गिरफ्तार किया था. साथ ही तीन अन्य लोगों को कथित तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा के खिलाफ काम करने, अपहरण में सहायता करने और अवैध हथियार रखने जैसे अपराधों के लिए पांच से 10 साल के बीच जेल की सजा सुनाई गई.

**हिजाब प्रदर्शन का दोष भी इजराइल और अमेरिका पर मढ़ा**

ईरान ने हिजाब विरोधी प्रदर्शनों के लिए इजराइल और अमेरिका को ही जिम्मेदार ठहराया है. लंबे समय से ईरानी सरकार देश में चल रहे हिंसक प्रदर्शनों के लिए विदेशी साजिश को वजह बताती आई है जिससे जोड़कर चार लोगों की इस सजा को देखा जा रहा है. ईरान का कहना है कि उसने सरकार विरोधी प्रदर्शनों में कथित रूप से भूमिका निभाने के आरोप में 40 विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया था. ईरानी महिलाओं, स्टूडेंट्स और पुरुषों द्वारा ये प्रदर्शन बदलाव के लिए किया जा रहा है, लेकिन सुरक्षा बलों की क्रूर कार्रवाई के बीच ये कठिन होता जा रहा है. देश के सुरक्षा बलों ने इतना क्रूर रवैया अपना लिया है कि निहत्थे आम व्यक्ति पर भी गोलीबारी कर देते हैं.

# अमेरिकी प्रतिनिधि सभा में डेमोक्रेटिक सदस्यों के नेता चुने गए हकीम जेफ्रीस

वॉशिंगटन, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक सदस्यों ने हकीम जेफ्रीस को अपना नेता चुन लिया है. वह यह पद पाने वाले पहले अफ्रीकी अमेरिकी बन गए हैं. वो नैन्सी पेलोसी का स्थान लेंगे और 3 जनवरी को नई कांग्रेस शुरू होने पर वह पद ग्रहण करेंगे. इससे पहले अमेरिकी संसद की स्पीकर नैंसी पेलोसी ने डेमोक्रेटिक पार्टी की लीडरशिप से हटने की घोषणा की थी. सर्वसम्मति से हुए मतदान के बाद उनकी नियुक्ति ऐतिहासिक थी, क्योंकि इससे पहले कभी भी अमेरिकी कांग्रेस में किसी अश्वेत राजनेता को पार्टी का नेता नहीं चुना गया था. पेलोसी की ओर से लगभग दो दशकों की सेवा के बाद अपने नेतृत्व को समाप्त करने की घोषणा के बाद जेफ्रीस के लिए रास्ता साफ हो गया था. डेमोक्रेटिक पार्टी की लीडरशिप से हटने की घोषणा करते हुए पेलोसी ने कहा था, मैं डेमोक्रेटिक पार्टी के युवा नेताओं को मौका देना चाहती हूं. मैं किसी भी दावेदार का समर्थन नहीं करूंगी. सभी दावेदारों का अपना प्लान होगा, अपना विजन होगा. वहीं



डेमोक्रेटिक के नेता चुने जाने के बाद हकीम जेफ्रीस ने कहा कि रिपब्लिकन के साथ काम करने के लिए एक रास्ता तलाशेंगे. उन्होंने कहा कि चरमपंथ के खिलाफ जब भी आवश्यक होगा वो पीछे नहीं हटेंगे. जेफ्रीस, कैलिफोर्निया प्रतिनिधि और डेमोक्रेटिक कॉकस के प्रमुख के रूप में वर्तमान हाउस स्पीकर नैन्सी पेलोसी की जगह लेंगे. अमेरिकी इतिहास में पेलोसी इस भूमिका को निभाने वाली पहली महिला हैं. सैन फ्रांसिस्को खाड़ी क्षेत्र में कैलिफोर्निया के 12वें जिले का प्रतिनिधित्व करने वाली पेलोसी ने लगभग 20 वर्षों तक हाउस डेमोक्रेट्स के नेता के रूप में कार्य किया है.

# प्रेम उमड़ रहा है न, हां बाबा उमड़ रहा है

## हजारों की भीड़, 24 घंटे हवन, एक दिन में इलाज चाहिए तो 1.51 लाख लेते हैं करौली बाबा

एक्सक्लूसिव डेस्क, 1 दिसंबर। बाबा यह मेरी बहू है। इतनी सुंदर है फिर भी बेटा इसे तलाक दे रहा है। चाकू लेकर मेरे पीछे पड़ा है। कहता है तुझे मार दूंगा। बाबा आंख बंद करते हैं। जोर से बोलते हैं शिव, तुम्हारे बेटे के सिर पर कर्ज है। इसलिए वो इसे नहीं रख रहा।

**हां, बाबा सच है**

बाबा मन में मंत्र पढ़ने जैसा कुछ बुदबुदाते हैं। फिर कहते हैं- प्रहार कपाल खोला जाए, पति-पत्नी में प्रेम की स्मृतियां डाली जाएं, शिव।

**आंख बंद करो। पति का ध्यान करो. प्रेम उमड़ रहा है न?**

हां, बाबा प्रेम उमड़ रहा है।

शिव...बैलेंस।

परिवार लौट जाता है। दूसरा परिवार माइक के सामने आकर खड़ा होता है। पीछे ऐसे बेहिसाब लोगों की लाइन लगी है। ये नजारा है कानपुर के करौली सरकार धाम का। मान्यता ये कि यहां आने से बड़ी से बड़ी बीमारी ठीक जाती है। रात 8 बजे का वक्त। टीन की शेड के नीचे हजारों लोग हवन कर रहे। ओम नमः शिवाय, जय शिव के नारे गूंज रहे हैं। कोई त्रिशूल से माथा रगड़ रहा, मन्नतें मांग रहा तो कोई बाबा से मिलने के लिए सुबह से लाइन में लगा है। करीब 14 एकड़ में फैला यह आश्रम अपने आप में एक शहर है। यहां हर दिन 3500 से 5000 तक लोग आते हैं। अमावस्या वाले दिन यह तादाद 20 हजार तक पहुंच जाती है।

यहां रात-दिन का पता नहीं चलता। लोग चौबीसों घंटे हवन करते रहते हैं। इसके लिए बाकायदा उन्हें आश्रम से हवन किट मिलती है।

आश्रम में दो मंदिर हैं। एक करौली सरकार यानी राधा रमण मिश्र का और दूसरा मां कामाख्या का। डॉ. संतोष सिंह भदौरिया आश्रम के बाबा हैं। लोग इन्हें करौली बाबा के नाम से जानते हैं। पहले ये किसान नेता थे। लंबे समय तक आयुर्वेद के डॉक्टर रहे। तीन साल से आश्रम चला रहे हैं। पिछले दिनों टाटा कैंसर इंस्टीट्यूट में हवन करके आए हैं।

मैं पूरा दिन और पूरी रात यानी करीब 24 घंटे यहां रुकी। बाबा को पता लगा कि कोई पत्रकार आई है, तो उन्होंने मुझे अपने बगल में बैठाया। बाबा शीशे के एक केबिन में बैठे हैं। उनकी सुरक्षा में 5-6 गनर मुस्तैद हैं।

सुबह के 8 बजे हैं। बाबा का दरबार शुरू होने को है। बाबा से बात करने के लिए 5100 रुपए का टोकन लगता है। बाबा के सामने लगे माइक के पास लोग बारी-बारी आते हैं।

**बाबा मैं हरियाणा से आई हूं। मेरा बच्चा नहीं हो रहा है**

बाबा शिव, प्रहार बोलते हुए कुछ मंत्र पढ़ते हैं। फिर कहते हैं इनका जननांग साफ किया जाए, प्राइवेट पार्ट शुद्ध किया जाए। शिव स्थान पवित्र किया जाए। बच्चा पैदा होने की स्मृति डाली जाए। बैलेंस।

**महिला वापस चली जाती है**

छतीसगढ़, बिलासपुर से एक महिला आई है। कहती है- बाबा मेरा वजन काफी बढ़ गया है। मुझे पतला होना है। बाबा शिव, प्रहार बोलते हुए कहते हैं कपाल खोला जाए। पतला होने की स्मृति डाली जाए। बैलेंस।

फिर बोलते हैं कि लग रहा है न कि तुम पतली हो गई हो... महिला बोलती है हां बाबा लग रहा है।

एक शख्स स्वीडन से पहुंचा। काफी परेशान लग रहा है। बाबा उससे कहते हैं,'आपकी बहू के यूट्रस की सर्जरी गलत कर दी गई थी। आपकी हार्ट की आर्टरीज खराब हो गई थी। इंफेक्शन बहुत ज्यादा था। अब दरबार ने इसे ठीक कर दिया है। किडनी और लिवर बदल दिया है। हड्डियां मजबूत की गई हैं।

यानी बाबा बैठे-बैठे किसी की किडनी बदलने का दावा कर रहे तो किसी की गंभीर बीमारी ठीक करने का। न सिर्फ दावा बल्कि लोगों से खुद ये बात कहलवा भी रहे हैं। कई लोग उसी वक्त कहने लगते हैं बाबा बीमारी ठीक हो गई। आराम मिल रहा है।

पहली नजर में मुझे लगा कि यहां आने वाले ज्यादातर लोग कम पढ़े-लिखे होंगे, लेकिन ऐसा है नहीं। यहां मुझे 22 साल का एक लड़का मिला। दिल्ली में क्रिप्टो ट्रेडर है। अपने साइंटिस्ट पिता के साथ बाबा के दरबार में आया है। कहता है, 'मैं जन्म से ही नेत्रहीन था। हर बड़े डॉक्टर को दिखाया। कोई फायदा नहीं हुआ। फिर गूगल पर मुझे करौली बाबा के बारे में पता चला। इसके बाद मैं यहां आया। 9 दिन हवन किया। बाबा ने आंखों पर हाथ फेरा और मुझे दिखाई देने लगा।

आश्रम में ही मुझे जबलपुर की पूजा मिलीं। कहती हैं- मेरे बेटे का दिमाग ठीक तरह से काम नहीं करता है। इलाज पर 10 लाख रुपए खर्च कर चुकी हूं। कोई फायदा नहीं हुआ। यहां चार दिन में ही मुझे फर्क दिख रहा है। अब वापस जा रही हूं। पैसों की व्यवस्था करनी है। एक से डेढ़ लाख रुपए का खर्च आएगा।




भाग्यश्री अमेरिका से आई हैं। कहती हैं, 'बेटी का ब्रेन डेवलप नहीं हो पाया है। हर जगह इलाज कराकर थक चुकी हूं। मेरे एक दोस्त ने बाबा के बारे में बताया। बहुत भरोसे के साथ यहां आई हूं।' चार घंटे बाद यानी दोपहर 12 बजे बाबा ब्रेक लेते हैं। दरबार से उठकर वे अपने रूम में जाते हैं। सेवकों से मुझे भी अपने रूम में ले आने का आदेश देते हैं।

जैसे ही मैं उनके कमरे में पहुंची मेरी आंखें चौंधिया गईं। फाइव स्टार होटल की तरह लग्जरी रूम। जिसमें एक से बढ़कर एक कीमती आइटम्स। सामने नरमुंड पहने मां काली की बड़ी सी फोटो लगी है। पकवानों से बाबा का टेबल भरा था। उन्होंने मुझे भी शानदार नाश्ता कराया। इसके बाद बाबा से बातचीत शुरू होती है। मैं पूछती हूं- आप लोगों का इलाज कैसे करते हैं? इसके पीछे का साइंस क्या है? आप मेडिकल साइंस को चुनौती तो नहीं दे रहे?

बाबा कहते हैं, 'मेडिकल साइंस शरीर का इलाज करता है और यहां मन का इलाज होता है। यह वैदिक साइंस है, जिसमें तंत्र से इलाज किया जाता है। ज्यादातर लोग मन के रोगी हैं।

इसलिए आपने देखा कि कई पागल खड़े-खड़े ठीक हो जाते हैं। यहां हवन करने से एनर्जी क्रिएट होती है, जो बड़ी एनर्जी यानी भगवान की एनर्जी से मिलती है। इससे मन शुद्ध हो जाता है और बीमारियां ठीक हो जाती हैं।' वे कहते हैं, 'भूत-प्रेत कुछ नहीं होता। ये सारी बीमारियां पितृ दोष और स्मृतियों की वजह से होती हैं। स्मृतियां कभी नष्ट नहीं होतीं। जैसे कोई आदमी मरता है तो उसकी कब्र के आसपास कुछ स्मृतियां छूट जाती हैं। यही स्मृतियां किसी के दिमाग में घुस जाती हैं, तो लोग कहने लगते हैं कि इस पर भूत सवार हो गया है।'

बाबा कहते हैं, 'मैं तुम्हारी स्मृति किसी और में डालकर उसे बीमार कर सकता हूं और किसी और की स्मृति तुम्हारे अंदर डालकर तुम्हें बीमारी दे सकता हूं। मैं पितृ दोष और 27 जन्मों की स्मृतियों का इलाज करता हूं। सबके दिमाग पर लेपन लगाता हूं ताकि निगेटिव स्मृतियां खत्म हो जाएं।'

बातचीत के बीच ही बाबा के पास कई बड़ी हस्तियों और अधिकारियों के फोन आते हैं। मेरे सामने ही उनके वॉट्सऐप पर वर्दी पहने एक पुलिस ऑफिसर का वीडियो कॉल आया। वे किसी सिफारिश की बात बाबा से कर रहे थे।

बाबा फिर से दरबार में जाते हैं। मैं भी उनके साथ दरबार में जाती हूं। रात के करीब एक से दो बजे तक बाबा का दरबार लगता है। इस दौरान वे हर चार से पांच घंटे बाद कुछ देर के लिए ब्रेक लेते हैं। रात दो बजे से लेकर सुबह पांच बजे तक वे अपने बंद कमरे में तंत्र साधना करते हैं। इसके बाद वे आराम करते हैं और फिर स्नान वैगरह करके सुबह के दरबार की तैयारी में जुट जाते हैं। ये उनकी दिनचर्या है।

**यहां आने वाले हर व्यक्ति को कम से कम 6600 रुपए तो देना ही होगा**

आश्रम में आने के बाद सबसे पहले 100 रुपए में रजिस्ट्रेशन कराना होता है। इसके बाद 100 रुपए बंधन का चार्ज लगता है। बंधन यानी कमर पर सफेद धागा बांध दिया जाता है। इसे हर तीन महीने में रिन्यू भी कराना होता है।

इसके बाद 100-100 रुपए की दो अर्जियां दोनों दरबार के लिए लगती हैं। साथ ही उन्हें 8वें और 9वें दिन के हवन में शामिल होना होता है। इसके लिए करीब 6200 रुपए लगते हैं। यानी यहां आने वाले हर शख्स को कम से कम 6600 रुपए तो खर्च करने ही होंगे।

**एक दिन में इलाज चाहिए तो 1.51 लाख रुपए का खर्च**

ये तो आश्रम तक पहुंचने की बात हो गई। अगर कोई यहां हवन करना चाहता है तो मैं उसका भी गणित बता देती हूं। आश्रम की तरफ से 3500 रुपए का एक हवन किट मिलता है।

आपको कम से कम 9 हवन करने ही होंगे। यानी हर दिन के लिए एक किट खरीदनी होगी। जिसका खर्च 31,500 रुपए आएगा। अगर आप 9 दिनों तक आश्रम में रुकते हैं और खाना-पीना करते हैं तो उसका खर्च अलग से।

जो लोग हवन नहीं करना चाहते, वे अर्जी लगाने के बाद लौट जाते हैं। इसे नमन प्रक्रिया कहा जाता है।

यह खर्च व्यक्तिगत है। अगर आप परिवार के साथ आते हैं तो हर सदस्य के लिए रजिस्ट्रेशन, बंधन और अर्जियां लगेंगी।

जो लोग 9 दिन हवन नहीं कर सकते या जिन्हें जल्दी इलाज चाहिए। उनके लिए एक दिन का भी विकल्प है। इसका खर्च 1.51 लाख रुपए तक आता है। इसमें हवन के साथ कई पंडित मिलकर रुद्राभिषेक और पूजा-पाठ कराते हैं। बाबा ब्लैक मैजिक यानी काला जादू से भी छुटकारा दिलाने का दावा करते हैं। इसके लिए 2100 रुपए फीस देनी होती है। इसके अलावा वे आरोग्य हवन भी कराते हैं। इसके लिए 21 हजार रुपए लगते हैं।

अलग-अलग लोगों से बात करने के बाद मुझे पता चला कि यहां आने वाला कमोबेश हर परिवार एक से डेढ़ लाख रुपए खर्च कर ही देता है। इस तरह अगर बाबा के दरबार के एक दिन का हिसाब-किताब करें तो करोड़ रुपए का आंकड़ा आसानी से पार हो जाएगा।

बाबा ने तीन साल में करोड़ों का साम्राज्य खड़ा किया है। आश्रम के लोग बताते हैं कि 17 देशों में बाबा के भक्त हैं। कई भक्त उन्हें लाखों रुपए का सामान भी भेंट करते हैं। पैसे-रुपए लेन-देन सब कुछ मैनेज बाबा के बेटे लव और कुश करते हैं। आश्रम में चारों तरफ गनर खड़े रहते हैं।

आश्रम के आस-पास भी बाबा का रसूख दिखता है। मैंने जिन लोगों से भी बाबा के बारे में बात की, सब या तो बाबा के फेवर में बोले या मेरे सवालों के जवाब दिए बिना चले गए।

**त्रांत्रिक बोले- जादू-टोना, बुरी नजर, सुख-दुख सबका इलाज तंत्र के पास है**

कोलकाता का तारापीठ शक्ति पीठ है। यहां के तांत्रिक संजय नाथ अघोरी बताते हैं कि तंत्र एक साइंस है। आदिकाल से है। जब विज्ञान नहीं था तब भी यह था और जब विज्ञान नहीं होगा तब भी तंत्र रहेगा। हमारे पास पढ़े-लिखे, अनपढ़ और अमीर-गरीब सब लोग आते हैं। इसका शिक्षा से क्या लेना देना। जादू-टोना, बुरी नजर, सुख-दुख सबका इलाज तंत्र के पास है।

**डॉक्टर बोले- मानसिक रूप से बीमार और गरीब बाबाओं के पास जाते हैं**

डॉ. संजीव भाटिया चंडीगढ़ के ग्लोबल हेल्थ केयर क्लिनिक में डायरेक्टर हैं। वे कहते हैं, 'कोई भी बीमारी होती है तो उसके लक्षण होते हैं, वजह होती है। साइंटिफिक तरीके से उसकी जांच की जाती है और उसका इलाज किया जाता है। कोई झाड़-फूंक से बीमारी को ठीक नहीं कर सकता है। दरअसल कई मरीज मानसिक तौर पर कमजोर होते हैं तो कई आर्थिक रूप से। ऐसे लोग ही बाबाओं के पास जाते हैं।'

## धर्मांतरण के सवाल पर आग-बबूला हुए जगदानंद सिंह

### विजय सिन्हा बोले- जेडीयू-आरजेडी वाले धर्म निरपेक्ष नहीं हैं

पटना, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। बिहार में धर्मांतरण का मुद्दा गरमाता दिख रहा है। राजधानी पटना से पालीगंज में ईसाई धर्म से जुड़े लोगों पर धर्मांतरण कराने के आरोप लगे हैं। धर्मांतरण के मुद्दे पर जेडीयू नेता और मंत्री आलोक मेहता ने इसे गैर कानूनी नहीं बताया। वहीं जगदानंद सिंह तो संवाददाता को पीएम मोदी का एजेंट बताने लगे। वहीं नेता प्रतिपक्ष विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि जेडीयू और आरजेडी धर्म निरपेक्ष नहीं है। उन्होंने कोर्ट के स्टेटमेंट का हवाला देते हुए इसे बिहार सरकार को इस मुद्दे पर कानून बनाने की मांग की। उन्होंने कहा कि आरजेडी को केवल अपने वोट बैंक से मतलब है। धर्मांतरण पर बिहार के प्रमुख राजनीतिक दलों के नेताओं का पक्ष जानते हैं।

## 1500 फीट ऊंचे पहाड़ को काटकर बना डाली 400 सीढ़ियां

### जहानाबाद में मंदिर जाने में होती थी परेशानी, 8 साल लगे



जहानाबाद, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। जहानाबाद में 1500 फीट ऊंचे पहाड़ को छेनी-हथौड़ी से काटकर एक शख्स ने 400 सीढ़ियां बना दी। पहाड़ पर भगवान योगेश्वर नाथ का मंदिर है। जहां जाने के लिए लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। गनौरी पासवान (50) ने अपने परिवार और गांव वालों की मदद से 8 साल में इस काम को पूरा किया है। अब इस मंदिर तक पहुंचने में टाइम भी कम लगता है। और ज्यादा परेशानी भी नहीं होती। गनौरी माउंटेन मैन दशरथ मांझी को अपना आदर्श मानते हैं। ये मंदिर जहानाबाद से 30 किलोमीटर दूर है। हुलासगंज थाना क्षेत्र के जारु बनवरिया गांव के पास ऊंची पहाड़ी पर बाबा योगेश्वर नाथ मंदिर में गनौरी भजन कीर्तन के लिए जाते थे। घंटों मशक्कत के बाद वहां पहुंच पाते थे। कई बार कांटे और नुकीले पत्थरों से घायल भी हो जाते थे। महिलाएं तो और भी मुश्किल से पहुंच पाती थीं। यह देख गनौरी पासवान ने बाबा योगेश्वर नाथ धाम तक रास्ता सुगम बनाने की ठान ली। पत्थरों को काटकर सीढ़ी बनाने की शुरुआत की। मंदिर तक पहुंचने के लिए एक नहीं बल्कि दो रास्ते बना दिए। एक रास्ता जारू गांव की ओर से और दूसरा बनवरिया गांव की ओर से बनाया गया है।

## दो माओवादी गिरफ्तार, एक 10 मामलों में था वांछित



लातेहार, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। झारखंड के लातेहार पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। लातेहार पुलिस ने प्रतिबंधित झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो माओवादियों को बुधवार को गिरफ्तार किया।

लातेहार के एसपी अंजनी अंजन ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार रात तुलबुल तालाब के पास एक इलाके में छापा मारा गया और दोनों माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने मौके से एक पिस्तौल, 12 गोलियां, एक एसयूवी और सिम कार्ड बरामद किए हैं। एसपी अंजनी ने कहा कि इनमें से एक माओवादी रामगढ़ और लातेहार जिलों में 10 मामलों में वांछित था।

## '19 दिसंबर को दिल्ली में जुटेंगे 2 लाख किसान'

### किसान संघ का ऐलान- लागत के आधार पर सरकारी मूल्य की मांग के लिए करेंगे रैली

वाराणसी, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय संगठन मंत्री दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी ने गुरुवार को वाराणसी में कहा कि किसान को फसल की लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य मिले। इस मांग को लेकर आगामी 19 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में भारतीय किसान संघ की ओर से किसान गर्जना रैली की जाएगी। इस रैली में देश भर से दो लाख किसान पहुंचेंगे।

लंका स्थित विश्व संवाद केंद्र के कार्यालय में दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी ने कहा कि देश में कृषि उत्पादों के मूल्य की नीति लाभकारी नहीं है। मिनिमम सपोर्ट प्राइज (एमएसपी) तर्कसंगत नहीं है। एमएसपी घोषित फसलों को खरीदा भी नहीं जाता है। सिर्फ, गेहूं और धान की फसल के कुल उत्पादन का 10-11 प्रतिशत ही खरीदा जाता है।

ऐसे में देश का किसान



आत्मनिर्भर और समृद्धशाली कैसे बनेगा। भारतीय किसान संघ का मुख्य मुद्दा किसान को लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिलाना रहा है। दिनेश दत्तात्रेय कुलकर्णी ने कहा कि किसानों के लिए सरकार से हमारी चार मांग है। पहली यह है कि लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए।

कृषि आदानों को जीएसटी के दायरे से बाहर रखा जाए। किसान सम्मान निधि बढ़ाई जाए और यह सभी किसानों को मिले, ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। केंद्र सरकार सभी प्रकार के जीएम, बीटी और जीएम सरसों की अनुमति को तत्काल वापस ले। फसल अवशेष जलाने पर किसानों पर हो रही कार्रवाई और आर्थिक दंड को समाप्त करें।

**10 दिसंबर तक चलाएंगे जन जागरण**

भारतीय किसान संघ के काशी प्रांत के अध्यक्ष इंद्रासन सिंह ने कहा कि दिल्ली में होने वाली रैली के लिए 10 दिसंबर तक हम ग्राम जन जागरण का अभियान चलाएंगे। सह अभियान काशी प्रांत के सभी जनपदों में चलाया जाएगा।

काशी प्रांत से हजारों की संख्या में किसान नई दिल्ली में होने वाली गर्जना रैली में शामिल होंगे।

## आबकारी विभाग के थाने में शराब पार्टी

### 2 जवान समेत 7 गिरफ्तार

पटना, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। शराबबंदी वाले बिहार में आबकारी विभाग के थाने में ही शराब पार्टी चल रही थी। आबकारी विभाग ने मंगलवार को 5 लोगों को शराब पीने के आरोप में पकड़ा था। इसके बाद पुलिस उन्हें आबकारी विभाग के थाने ले आई, लेकिन खुद आबकारी विभाग ने उनके लिए शराब की व्यवस्था की। सिपाही कोल्ड ड्रिंक और चखने लेकर पहुंचे थे।

पालीगंज एएसपी को इसकी गुप्त सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने अपनी टीम के साथ आबकारी विभाग के थाने में रेड मारी। देखकर टीम के होश उड़ गए। वहां पैग बने हुए थे। कोल्ड ड्रिंक और चखना भी रखा। शराब की बोतलें भी वहां रखी हुई थी। इसी शराब पार्टी में मौजूद एक युवक ने इसका वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

## भूख हड़ताल पर बैठे 'गांधी' पर हमला

### बाइक सवार युवक आया और बेल्ट से मारा, लोगों ने मचाया हंगामा, शराब दुकान हटाने को लेकर कर रहे थे प्रदर्शन

बिलासपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में महात्मा गांधी की वेशभूषा में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर भूख हड़ताल कर रहे युवक पर हमला कर दिया गया, जिसकी वजह से जमकर बवाल हो गया। दरअसल, मोहल्लेवासियों के साथ समाजसेवी युवक संजय आयल सिंघानी पिछले 6 दिनों से अपनी चिता बनाकर भूख हड़ताल पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे हैं। अचानक बाइक सवार युवक आया और उन पर बेल्ट से हमला कर दिया। उसे देखकर मौजूद आरक्षक ने बीच-बचाव किया और युवक को पकड़ लिया। इससे आक्रोशित मोहल्ले वासियों ने युवक को घेर लिया और उसकी पिटाई शुरू कर दी। तब युवक को बचाकर हिरासत में लिया गया। पूरा मामला सरकंडा थाना क्षेत्र का है। दरअसल, बिलासपुर नगर निगम के सरकंडा क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 63-65 अरविंद नगर बंधवापारा में शराब दुकान संचालित है, जिस जगह पर शराब दुकान है, वहां से 50 मीटर के दायरे में स्कूल है और रिहायशी इलाका है। शराब दुकान के कारण चौक में चखना दुकान लगता है और शराब और शरारती तत्वों की भीड़ जुटी रहती है। इसके चलते



आए दिन मारपीट, चाकूबाजी के साथ ही छेड़खानी जैसी घटनाएं होती रहती है। वहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा भी लगा रहता है। लिहाजा, मोहल्लेवाले शराब दुकान को हटाने की मांग कर रहे हैं। इस आंदोलन को शहर में गांधी के रूप में पहचान बनाने वाले सामाजिक कार्यकर्ता संजय आयल सिंघानी ने समर्थन दिया है, और भूख हड़ताल कर रहे हैं। उनके साथ महिलाएं भी क्रमिक भूख हड़ताल कर रही हैं। सिंघानी महात्मा गांधी के वेश में अपनी चिता बनाकर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसके चलते बुधवार शाम से उनकी तबीयत भी बिगड़ने लगी है। डॉक्टरों की टीम ने उनकी जांच की। तब पता चला कि लगातार उनका ब्लड प्रेशर और सुगर लेवल डाउन हो रहा है। हालांकि, संजय आयल सिंघानी ने अस्पताल जाने से इंकार कर दिया है। गुरुवार की सुबह संजय आयल धरना स्थल पर बैठकर धूप ताप रहे थे। इस दौरान उनके सहयोगी प्रदर्शनकारी भी टाइलेट गए थे। हालांकि, पुलिसकर्मी बैठा हुआ था। तभी बाइक सवार युवक आया और संजय से बात करने लगा। बात करते-करते उसने अचानक बेल्ट निकालकर उनकी पिटाई शुरू कर दी, जिसे देखकर मोहल्ले की महिलाएं दौड़ते आईं और बीच-बचाव किया। इसके बाद पुलिस ने युवक को दबोच लिया। इस घटना के बाद मोहल्ले की महिलाएं आक्रोशित हो गईं। उन्होंने मारपीट करने वाले युवक को सबक सिखाने पर अड़े रहे और उसकी पिटाई करने की बात करने लगी। हालांकि, पुलिसकर्मी ने युवक को पकड़कर एक दुकान में बंद कर दिया। फिर बल बुलाकर उसे सुरक्षा के साथ थाने ले जाया गया। इधर, महिलाओं ने आंदोलन में सुरक्षा व्यवस्था मुहैया नहीं कराने को लेकर पुलिस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। गांधी की वेश में धरना प्रदर्शन कर रहे संजय आयल सिंघानी ने बताया कि वे सुबह धूप तापते हुए अकेले बैठे थे। वहां पुलिसकर्मी भी था। तभी बाइक सवार युवक आया और उनके पास आकर बातचीत करने लगा। युवक ने कहा कि शराब दुकान क्यों बंद कराना चाहते हो, तब संजय ने कहा कि लोग शराब पीना बंद कर देंगे, तो उन्हें दुकान बंद कराने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

## 43 लाख के दो इनामी नक्सली ढेर

### झीरम के मास्टर माइंड हिडमा के साथ काम कर चुका था, तीन राज्यों में था वांटेड

कवर्धा, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़-मध्य प्रदेश बॉर्डर पर बुधवार को मुठभेड़ में बालाघाट पुलिस ने 43 लाख रुपये के दो इनामी नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए नक्सलियों में नक्सलियों की केबी डिवीजन की समन्वय टीम का प्रभारी गणेश मरावी और भोरमदेव कमेटी, पीएल-2 का कमांडर राजेश शामिल है। राजेश सुकमा के भेज्जी क्षेत्र का रहने वाला था। वह छत्तीसगढ़ के झीरम घाटी नक्सली हमले के मास्टमाइंड हिडमा के साथ भी काम कर चुका था। मारे गए दोनों नक्सली मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड थे। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ कबीरधाम (कवर्धा) जिले के चिल्फी क्षेत्र से करीब आठ किमी अंदर भोरमदेव कान्हा के सीमावर्ती जंगल में हुई है। यह इलाका मध्य प्रदेश के बालाघाट, मंडला बॉर्डर पर है। मध्य प्रदेश की हॉक फोर्स, जिला पुलिस और सीआरपीएफ 148वीं बटालियन संयुक्त रूप से नक्सल ऑपरेशन पर निकले थे। इस दौरान नक्सलियों से करीब आधे घंटे तक मुठभेड़ चली।


## पड़ोसी के साथ फ्री फायर गेम खेलते-खेलते नाबालिग गायब

### कटिहार में मां बोली- 25 हजार रुपए हारे थे, बेटे की हत्या कर दी

कटिहार, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कटिहार में पड़ोसी के दोस्तों के साथ फ्री फायर गेम खेलते-खेलते एक नाबालिग लापता हो गया है। मां का आरोप है कि वो 25 हजार रुपए हार गया था। जिसके लिए उसके दोस्त प्रेशर बना रहे थे। वो घर से पैसे चोरी कर के भी ले गया। इसके बाद से वो गायब है। मां ने दोस्तों हत्या का आरोप लगाया है। मामला मनिहारी थाना क्षेत्र के केवाला पंचायत के दोगची गांव का है। परिजनों का आरोप है कि 13 साल का अनुज फ्री फायर गेम में पैसे हार गया था। उसने पैसे देने के लिए घर में चोरी की। इसको लेकर विवाद हुआ और इसके बाद 26 नवंबर से बच्चा लापता है। बुधवार को लापता मासूम के माता-पिता ने मनिहारी थाने में लिखित शिकायत दी। लापता अनुज के माता-पिता ने मनिहारी थाने में लिखित शिकायत देते हुए अपने ही पड़ोसी नितितो मंडल के पुत्र 20 वर्षीय सरवन कुमार और 25 वर्षीय प्रेम कुमार पर अनुज को गायब करने और साजिशन हत्या जैसी संगीन आरोप लगाया है। बच्चे की मां संजीता देवी ने बताया कि अनुज अपने



पड़ोसी प्रेम और सरवन के साथ खेलता रहता था। इसी दौरान इन दोनों ने अनुज को मोबाइल पर फ्री फायर गेम खेलने के लिए प्रेरित किया और उसे खेलना सिखाया। अनुज को इस खेल की धीरे-धीरे लत लग गई। मां संजीता देवी को इस बात की भनक तब लगी जब घर में किसी जरूरी काम के लिए रखा गया 25 हजार नगद गायब हो गया। अनुज से जब इस बाबत कड़ाई से पूछा गया तो उसने डरते डरते माता पिता को बताया कि पड़ोस के रहने वाले सरवन और प्रेम के साथ फ्री फायर गेम खेलने के दौरान 25 हजार मांगे थे , जिसे वह ले जा कर दे दिया । दोनों ने अनुज को डरा धमका कर इस बात का जिक्र अपने घर में नहीं करने की हिदायत दे डाली। बीते 26 नवंबर को मां सीता देवी ने जब अपने पड़ोसी के घर जाकर अपने पैसे वापस मांगे तो पड़ोसियों ने उनके साथ बड़ा ही बुरा व्यवहार करते हुए उन्हें गाली गलौज देने लगे । इस दौरान दोनों पक्ष के बीच काफी कहासुनी हुई। मां संजीता की माने तो पड़ोसियों ने उन्हें जान से मार देने की धमकी देते हुए उन्हें वहां से भगा दिया। जबसे पड़ोसियों के साथ अनुज के मां संजीता का कहासुनी हुआ है तब से अनुज घर से लापता है । अनुज के लापता होने पर माता पिता के ऊपर मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा , रो-रो कर दोनों का बुरा हाल है।



# यात्रा पॉलिटिक्स से सत्ता तक पहुंचने की कोशिश

## भारत जोड़ो यात्रा से कांग्रेस तो जन आक्रोश यात्रा से बीजेपी जनता तक पहुंचाएगी संदेश

जयपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में गुरुवार से यात्रा पॉलिटिक्स की शुरुआत होगी। सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी जहां राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के स्वागत में जुटी है, वहीं विपक्षी पार्टी बीजेपी सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालने वाली है, जिसे पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जयपुर से रवाना करेंगे। राहुल की यात्रा 3-4 दिसंबर को पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के निर्वाचन क्षेत्र झालरापाटन (झालावाड़) से राजस्थान में प्रवेश करेगी। बीजेपी ने भी नड्डा के साथ राजे को जन आक्रोश रैली से खास तौर पर जोड़ा है। बुधवार को राजे भी जयपुर पहुंच गईं। भाजपा के रथ पर राजे के पोस्टर भी लगे हैं और पार्टी यात्रा निकालने के लिए उनके अनुभव का फायदा भी लेगी। राजे पहले 2 बार राजस्थान में रथ यात्रा निकालकर कांग्रेस से सत्ता छीन चुकी हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को गैर कांग्रेस शासित राज्यों में बहुत अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। अब उनकी यात्रा कांग्रेस शासित राज्य राजस्थान में प्रवेश करेगी। ऐसे में प्रदेश कांग्रेस एकजुटता का संदेश देने और यात्रा को अन्य राज्यों की तुलना में ज्यादा कामयाब बनाने में जुटी है। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने मंगलवार को सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को एक साथ लाकर मैसेज दिया है कि राहुल की यात्रा को सफल बनाने के लिए पूरी कांग्रेस एक है।

इधर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा का खुद जयपुर पहुंचना इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भाजपा एक साल बाद होने वाले विधानसभा के चुनावों को गंभीरता से ले रही है और अभी से कांग्रेस के खिलाफ माहौल बनाने की पुरजोर कोशिश कर रही है। जन आक्रोश रैली को प्रदेश भाजपा ही संचालित करेगी, लेकिन नड्डा की मौजूदगी भाजपा के वरिष्ठ नेताओ जैसे राजे, प्रदेशाध्यक्ष सतीन पूनिया, केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया आदि में सामंजस्य भी बनाएगी और कार्यकर्ताओं में राजनीतिक जोश भी भरेगी।

**राजस्थान में राजनीतिक यात्राओं में राजनेताओं की रही है विशेष दिलचस्पी**

देश के अन्य हिस्सों की तरह ही राजस्थान के लोगों में भी राजनीतिक और धार्मिक यात्राओं के प्रति एक अलग ही किस्म का आकर्षण रहा है। यही कारण है कि राजस्थान में राजनेता लंबी-लंबी दूरियों की पैदल यात्राएं भी खूब करते हैं और लोग उन्हें पसंद भी करते हैं। राजस्थान में मोहन लाल सुखाड़िया से लेकर भैरों सिंह शेखावत ने भी विभिन्न अवसरों पर छोटी-बड़ी कई यात्राएं निकाली थीं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व सीएम वसुंधरा राजे सहित सचिन पायलट और किरोड़ी लाल मीणा ने भी कुछ अवसरों पर यात्राएं निकालकर ज्वलंत मुद्दों को उठाया है।

**राहुल का संदेश 200 विधानसभा क्षेत्रों तक पहुंचाएगी कांग्रेस**

कांग्रेस का मानना है कि राहुल गांधी की इस यात्रा से अगले साल होने वाले चुनाव में कांग्रेस के प्रति सकारात्मक माहौल बनेगा। राजस्थान की सभी 200 सीटों पर यह यात्रा सीधा प्रभाव डालेगी, लेकिन पूर्वी राजस्थान की लगभग 60 सीटों पर इसका खास असर होगा। हालांकि यात्रा का मार्ग 18 विधानसभा सीटों से होकर ही गुजर रहा है, लेकिन कांग्रेस पार्टी की कोशिश है कि राहुल जो भी बातें बोलें, वे सभी 200 क्षेत्रों तक पहुंचे। जलदाय मंत्री महेश जोशी ने वैन-कार के जरिए जयपुर में संदेश यात्राएं रवाना की हैं। देवस्थान मंत्री शकुंतला रावत भी मंदिरों में राहुल गांधी को दर्शन करवाने के लिए तैयारियां कर रही हैं। मंत्री रावत ने बताया कि वैसे तो राहुल के कार्यक्रम में पहले से ही मंदिर दर्शन भी तय है, फिर भी हम चाहेंगे कि वे क्षेत्र में पड़ने वाले अन्य मंदिरों में भी पूजा करें। बाड़मेर-जैसलमेर क्षेत्र में विधायक हरीश चौधरी एक बाइक रैली भी इस दौरान निकालेंगे।




**1100 मंडलों और 52 हजार बूथों को कवर करेगी यात्रा**

भाजपा ने जन आक्रोश यात्रा के लिए 4 सीनियर नेताओं के नेतृत्व में एक जन आक्रोश समिति भी गठित कर दी है। जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री वासुदेव देवनानी और सांसद दीया कुमारी शामिल हैं। यह रथ यात्राएं सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों में 7 से 10 दिनों तक निकाली जाएंगी। इस दौरान भाजपा अपने सभी 1100 मंडलों और 52 हजार मतदान बूथों को कवर करेगी। हर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी के जिलाध्यक्ष, वर्तमान विधायक, पूर्व भाजपा प्रत्याशी, पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के सदस्य आदि शामिल होंगे।

पार्टी इस रथ यात्रा को निकालकर कांग्रेस सरकार की कथित विफलताओं को जनता के बीच ले जाना चाहती है। साथ ही वो राहुल की यात्रा के लिए जनता के बीच कोई सहानुभूति नहीं बनने देना चाहेगी। भाजपा की जन आक्रोश समिति के सदस्य वासुदेव देवनानी ने बताया कि 200 विधानसभा में 200 रथ यात्राएं पार्टी को मजबूती देने वाली साबित होंगी। पार्टी के कार्यकर्ताओं में एक उत्साह और विश्वास का संचार होगा।

**बीजेपी और राजे को यात्रा पॉलिटिक्स से मिली 2 बार कामयाबी**

राजे को जब साल 2002 में पहली बार भाजपा का प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया था, तब उनके सामने प्रचंड बहुमत वाली कांग्रेस सरकार और दिग्गज राजनेता अशोक गहलोत बतौर मुख्यमंत्री टक्कर में थे। भाजपा विपक्ष में थी और कांग्रेस 153 सीटों के साथ सत्ता में थी। तब वसुंधरा ने साल भर राजस्थान के कोने-कोने की यात्रा की थी और उसे नाम दिया था परिवर्तन यात्रा। यह यात्रा बेहद सफल रही और साल 2003 में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को इतिहास में पहली बार राजस्थान में 120 सीटों पर जीत मिली थी और कांग्रेस सरकार केवल 56 सीटों पर सिमट गई थी।

**अशोक गहलोत ने भी निकाली थी संदेश यात्रा**

गहलोत ने साल 2011 में मुफ्त दवा योजना लागू की थी, जो पूरे देश में चर्चित हुई थी। उस योजना के पीछे-पीछे गहलोत ने बहुत सी ऐसी फ्लैगशिप योजनाएं लागू की थी, जिनके भरोसे वे चुनाव जीतना चाहते थे। इसके लिए उन्होंने मई-जून 2013 में चुनावों से ठीक 6 महीने पहले प्रदेश भर में एक संदेश यात्रा निकाली। उनके साथ सभी मंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता भी यात्रा पर निकले। उन्होंने इन योजनाओं का प्रचार घर-घर तक पहुंचाया। यह अलग बात है कि इस यात्रा का परिणाम कांग्रेस के पक्ष में नहीं आया और कांग्रेस को 200 में से सिर्फ 21 सीटें ही मिली।

**सुराज संकल्प यात्रा से फिर से सत्ता में आई थी बीजेपी**

वसुंधरा राजे ने साल 2012 में प्रदेशाध्यक्ष का पद संभालने के बाद एक बार फिर परिवर्तन यात्रा की तर्ज पर ही सुराज संकल्प यात्रा निकाली। इस दौरान वह जहां भी गईं, वहां पर तत्कालीन गहलोत सरकार की नाकामियों को जनता के सामने रखा। दिसंबर 2013 में जब चुनाव हुए तो राजे को राजस्थान के राजनीतिक इतिहास में अब तक की सर्वाधिक सीटों (200 में से 163) पर बहुमत मिला।

# हरीश चौधरी का वेणुगोपाल पर तंज वाला ट्वीट डिलीट

## कहा- हेमाराम चौधरी ओबीसी मुद्दे पर कैबिनेट से इस्तीफा दे रहे थे, मैंने मनाया

जयपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। पंजाब कांग्रेस के प्रभारी हरीश चौधरी ने कल शाम चे ग्वेरा के कॉट वाला ट्वीट करते हुए इशारों में वेणुगोपाल की चेतावनी पर तंज कसा। आज सुबह हरीश चौधरी ने वह ट्वीट ही डिलीट कर दिया। हरीश चौधरी ने किसी का नाम नहीं लिखा था, लेकिन जिस तरह संघर्ष से डरने वालों का कब्र से उदाहरण दिया जा रहा था, वह सियासी हलकों में वेणुगोपाल की चेतावनी पर ही तंज माना जा रहा था। इसकी सियासी हलकों में चर्चाएं होने से विवाद के आसार बन गए थे, इसलिए आज वह ट्वीट ही डिलीट कर दिया। हरीश चौधरी ने मशहूर क्रांतिकारी चे ग्वेरा के क्वोट को ट्वीट करते हुए तंज कसा । उन्होंने लिखा था - मैंने कब्रिस्तान में उन लोगों की भी कब्रें देखी हैं, जिन्होंने इसलिए संघर्ष नहीं किया कि कहीं वे मारे नहीं जाएं। भारत जोड़ो यात्रा की कमेटी की मंगलवार को हुई बैठक में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बयानबाजी करने वाले नेताओं पर नाराजगी जताई थी। वेणुगोपाल ने बयानबाजी करने वाले नेताओं को सख्त लहजे में चेतावनी दी थी कि अगर अब किसी ने अपने ही नेताओं के खिलाफ मीडिया में बयान दिए तो उस नेता को 24 घंटे में पद से हटा दिया जाएगा।




इस बैठक में हरीश चौधरी ने वेणुगोपाल की सलाह पर सवाल किया था कि जिस पार्टी नेता को कुछ बात कहनी होगी तो वह कैसे कहेगा? इस पर वेणुगोपाल ने हरीश चौधरी को फटकारने वाले लहजे में कहा था कि जब आप जैसे जिम्मेदार नेता ही इस तरह करेंगे तो कैसे चलेगा।

**वेणुगोपाल पर तंज भी और जवाब भी**

हरीश चौधरी ने वेणुगोपाल की सलाह के अगले ही दिन बुधवार को बाड़मेर में एक कार्यक्रम के दौरान ओबीसी मुद्दे पर भी बयान देकर जवाब दे दिया है। हरीश चौधरी ने कहा- ओबीसी आरक्षण के मुद्दे पर वन मंत्री हेमाराम चौधरी इस्तीफा देने वाले थे, लेकिन मेरे रिक्वेस्ट करने पर उन्होंने इरादा बदल दिया।

पिछली कैबिनेट मीटिंग में ओबीसी आरक्षण मुद्दे को डेफर करने के बाद कैबिनेट के मंत्रियों से मुलाकात की थी। मंत्री हेमाराम चौधरी इसी मुद्दे को लेकर मंत्री पद से इस्तीफा देने वाले थे, लेकिन मेरे रिक्वेस्ट करने पर उन्होंने इस्तीफा नहीं दिया। हरीश चौधरी बाड़मेर में स्वागत कार्यक्रम में बोल रहे थे।

**हेमाराम चौधरी की जरूरत कैबिनेट में है**

हरीश चौधरी ने कहा- हम लोगों के संरक्षक मंत्री हेमाराम चौधरी ने मुझसे कहा कि हरीश ओबीसी मुद्दे पर आपका फैसला हो सकता है, मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे दूं। तब मैंने कहा कि यह गलती नहीं करनी है। मैंने रोका कि आपको इस्तीफा नहीं देना है। आपके इस्तीफे से हम लोगों को मदद नहीं मिलेगी। जहां पर यह निर्णय होना है, वहां पर हमारी आवाज कम हो जाएगी। जो कलम पर हाथ इस्तीफे के थे उसको रोकने का अगर कोई गुनहगार था तो वह हरीश चौधरी है। मंत्री हेमाराम चौधरी की जरूरत कैबिनेट मीटिंग में है। इससे पहले कैबिनेट मीटिंग में डेफर होने की एक वजह यह भी है कि मजबूत पैरवी करने वाला कोई नहीं था।

हरीश चौधरी ने बीजेपी राज के सर्कुलर को वापस लेने और ओबीसी आरक्षण की विसंगति दूर करने को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। पिछले सप्ताह ही कैबिनेट ने ओबीसी आरक्षण की विसंगति दूर करने के फैसले को मंजूरी दी थी। इससे पहले जब पिछली कैबिनेट में इसका एजेंडा डेफर कर दिया था तो हरीश चौधरी ने सीएम अशोक गहलोत पर धोखा देने का आरोप लगाते हुए तल्खी वाले बयान दिए थे।

# सांसद जसकौर बोली- दौसा के 3 मंत्रियों पर अकेली भारी

## घनश्याम तिवाड़ी ने कहा: एसैट्स के 3 शब्द, गद्दारी, निर्लज्जता व निकम्मापन

दौसा, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा द्वारा प्रस्तावित जन आक्रोश यात्रा की तैयारियों को लेकर बुधवार को पार्टी पदाधिकारियों की जिला बैठक सोमनाथ स्थित एक मैरिज गार्डन में हुई। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने कांग्रेस की अंदरूनी उठापटक पर निशाना साधा। उन्होंने कहा सीएम गहलोत ने पहले सचिन पायलट को गद्दार, निकम्मा व नकारा कहा और बाद में दोनों ने हाथ मिला लिया। अब कह रहे हैं कि यह हमारे ऐसैट्स हैं। ये ऐसैट्स 3 शब्द गद्दारी, निर्लज्जता व निकरमापन में आ गई है। ये पूंजी लेकर जो पार्टी चुनाव लड़ेगी वह पार्टी कहां तक सफलता प्राप्त कर पाएगी।

भारत जोड़ो यात्रा पर निशाना साधते हुए तिवाड़ी ने कहा कांग्रेस पार्टी को बहुत बड़ा भ्रम है। उनकी यात्रा का नाम है भारत जोड़ो, उसका मतलब है भारत टूटा हुआ है। इसके पीछे उनका एक ही मकसद है कि हिंदुत्व व राष्ट्रीयता के मुद्दों को लेकर चल रही भाजपा, जो सांस्कृतिक पुनरुत्थान का भी काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस भारत को सांस्कृतिक राष्ट्र नहीं मानती।



वहीं सांसद जसकौर मीणा ने कहा जन आक्रोश यात्रा कांग्रेस सरकार की अकर्मण्यता, भ्रष्टाचार की नीतियां व अस्थाई सरकार, जिसने राजस्थान की जनता को विकास के नाम पर ठगा है। किसानों को ठगा, महिलाओं के साथ अत्याचार, बेटियां तक दुष्कर्म से पीड़ित होने के बावजूद उनकी कोई देखभाल नहीं। कांग्रेस शासन में महिलाओं व बेटियों के साथ दुराचार बढ़ रहा है।

उन्होंने कहा जल जीवन मिशन के 35% बजट को भी उपयोग में नहीं लिया गया। सांसद कोष से स्वीकृत किए कार्यों का समय पर इंप्लीमेंट भी नहीं हो रहा। सीधी बात कहूं तो दौसा के 3-3 मंत्रियों पर मैं अकेली भारी पड़ रही हूं। ऐसे में भाजपा कार्यकर्ता राज्य सरकार की इन सभी विफलताओं को जनता के सामने लाएगी।

# स्कूल ड्रेस सिलाई के मुद्दे पर बोले मंत्री कल्ला

## कपड़े में हिस्सेदार है तो केंद्र सरकार सिलाई में भी सहयोग दे

जोधपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला गुरुवार को जोधपुर पहुंचे। यहां उन्होंने राज्य स्तरीय कला उत्सव का शुभारंभ किया। जोधपुर में पहली बार हो रही इस प्रतियोगिता में राजस्थान के कला जगत से जुड़े कई स्टूडेंट हिस्सा ले रहे हैं। जिसमें गायन, वादन, मांडना सहित कई कला प्रतियोगिता आयोजित होंगी।

इस दौरान मीडिया से चर्चा में स्कूल ड्रेस सिलाई को लेकर बीजेपी के मुद्दा बनाने के सवाल पर कहा बीजेपी वालों को ये मालूम नहीं है। सिलाई के लिए पैसे भारत सरकार ने नहीं दिए हैं। सिलाई के लिए सीएम अशोक गहलोत ने राज्य बजट से यह पैसा दिया है। उनको बोलो समग्र शिक्षा अभियान में जब वो कपड़े में हिस्सेदार हैं तो सिलाई



में हिस्सेदार बनें। 60 प्रतिशत पैसा वो दें। सिलाई का 600 करोड़ का बजट था, उसमें मात्र 60 करोड़ ही बचे थे। बाकी के पैसे राज्य सरकार ने दिए। कला शिक्षकों की कमी को लेकर कहा हमारी स्कूलों में संगीत, चित्रकला के टीचर पूर्व में स्कूल में लगे हैं। बीजेपी सरकार में कला संगीत, टीचर की भर्ती बंद कर दी गई थी। हम टीचर की योग्यता के आधार पर भर्ती को देख रहे हैं। पैरा टीचर भर्ती को लेकर कहा अभी कोई विचार नहीं है।

स्कूलों में चपरासी की कमी को लेकर पूछे सवाल पर कहा नए चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की मांग उन्होंने वित्त मंत्रालय को भेज रखी है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कहा केंद्र सरकार ने दो करोड़ लोगों को रोजगार देने का वादा किया था, आज महंगाई बढ़ रही है, देश में बेरोजगारी है, गैस सिलेंडर के दाम 1 हजार से ऊपर चले गए हैं, पेट्रोल डीजल के दाम बढ़ चुके हैं।

वैसे मॉल के बीच आजादी के बाद देश की पहली ऐसी यात्रा है जिसके माध्यम से राहुल गांधी देशवासियों को इन मुद्दों से अवगत करा रहे हैं। वो वास्तव में भारत जोड़ो यात्रा कर रहे हैं।

# पीसीसी चीफ बोले- तिवाड़ी ने राजे को नाकों चने चबवाए

## दौसा दौरे पर गोविंद सिंह डोटासरा; भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी

दौसा, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा गुरुवार को दौसा जिले में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे।

पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने बीजेपी पर बड़ा हमला किया है। कहा कि घनश्याम तिवाड़ी ने वसुंधरा राजे को 5 साल नाकों चने चबवाए, फिर बीजेपी में क्यों शामिल हो गए। डोटासरा ने ये बयान दौसा दौरे पर दिया। वे भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी का जायजा लेने यहां आए हैं।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को लेकर कांग्रेस ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, यात्रा प्रभारी गोविंद मेघवाल व पीसीसी सचिव जसवंत गुर्जर दौसा जिले के दौरे पर



रहे। यहां उन्होंने महिला बाल विकास मंत्री ममता भूपेश, मंत्री मुरारीलाल मीणा व विधायक जीआर खटाणा के साथ भांडारेज, कालाखोह, सिकंदरा व बांदीकुई में यात्रा के रूट व स्टॉपेज की जगहों का अवलोकन किया। सिकंदरा में मीडिया से बात करते हुए पीसीसी चीफ ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार ने संवैधानिक संस्थाओं को पंगु बना दिया है। विपक्ष के नेताओं को संसद में भी नहीं बोलने दिया जाता। ऐसे में देश में व्याप्त डर, हिंसा व वैमनस्य को दूर कर भाईचारा स्थापित करने के लिए राहुल गांधी ऐतिहासिक भारत जोड़ो यात्रा पर निकले हैं। यात्रा 4 दिसंबर को राजस्थान में प्रवेश करेगी।

**घनश्याम तिवाड़ी पर पलटवार**

कांग्रेस की अंदरूनी उठापटक पर भाजपा से राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी के कटाक्ष पर पीसीसी चीफ ने कहा तिवाड़ी ने भाजपा से हाथ मिलाया तो क्या उसमें उनकी पार्टी की मजबूती नहीं होगी क्या। कल वह हमारे साथ थे और 5 साल तक वसुंधरा राजे को नाकों चने चबवाए, आज फिर उन्होंने सतीश पूनिया के हाथों बीजेपी का दुपट्टा पहन लिया।

गनीमत है कि उन्होंने जिस तरह बीजेपी में रहकर काम किया था उसे देखते हुए और राज्यसभा मिल गई। लेकिन उन्होंने पिछले 5 साल में भाजपा, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री को जितनी गालियां दी हैं उसके हिसाब से तो उनको कांग्रेस पर कटाक्ष करने का हक ही नहीं है। वह आदमी आज किस मुंह से बयानबाजी कर रहा है, मेरी तो समझ से ही बाहर है।

भाजपा की जन आक्रोश यात्रा पर डोटासरा ने कहा कि आक्रोश तो भाजपा के खिलाफ है। बेरोजगारी व महंगाई समेत ऐसे अनेकों मुद्दे हैं, जिनके खिलाफ लोगों में आक्रोश है। संवैधानिक संस्थाओं का डर दिखाकर विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है। केंद्र की शह पर मीडिया की आवाज को दबाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार ने किसानों का कर्ज माफ किया, राज्य के सभी ब्लॉक में इंग्लिश मीडियम स्कूल खोली, प्रदेश में पहली बार 218 कॉलेज खोली गई, मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना समेत अनेकों ऐसी योजनाएं हैं, जिनका फायदा लोगों को मिल रहा है।

# करोड़ों की जमीन के कारण पुजारियों की मौत

## कहीं पेट्रोल बम फेंका तो कहीं खुद को आग लगाई; 32 जिलों में कब्जा

जयपुर, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में पिछले 4 महीने में ही एक और पुजारी की जान चली गई। ताजा मामला राजसमंद के देवगढ़ का था। पेट्रोल बम फेंकने से झुलसे पुजारी नवरत्न ने 6 दिन तड़पने के बाद शनिवार को दम तोड़ दिया। देवगढ़ में देव नारायण मंदिर के पास हाईवे से सटी 22 बीघा बेशकीमती जमीन पर कब्जे को लेकर बदमाशों ने उनके घर पर पेट्रोल बम फेंके थे, जिसमें उनकी पत्नी भी झुलसीं। उनका इलाज जारी है। अब हर ओर से सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है, लेकिन मंदिर माफी की जमीन पर कब्जे और विवादों की जड़ें काफी गहरी हैं। सरकार की ओर से 7 साल पहले कराए गए एक सर्वे में इसकी हकीकत भी सामने आ चुकी है। प्रदेश में मंदिर माफी की करीब 14 हजार बीघा जमीन पर दशकों से कब्जे हैं। इस जमीन की कीमत डेढ़ लाख करोड़ है।

वर्ष 2015 में प्रदेश सरकार ने इन अवैध कब्जों को ध्वस्त करने की मंशा से ही सार्वजनिक प्रन्यास मंडल (देवस्थान बोर्ड) के जरिये यह सर्वे कराया था। सर्वे में सामने आया था कि मंदिरों के नाम पर दर्ज 32 हजार बीघा जमीन में से 14 हजार बीघा पर अवैध कब्जे हैं। मामले थाने-कोर्ट और फाइलों में दबे पड़े हैं। सार्वजनिक प्रन्यास मंडल ने सर्वे के बाद रिपोर्ट तैयार की थी। इसमें सामने आया कि 1955 में देवस्थान विभाग के अधीन रहे 141 मंदिरों को 32 हजार बीघा भूमि दी गई थी। 32 जिलों में वर्तमान में मंदिरों के पास 6035 हेक्टेयर जमीन है। इनमें से मात्र 3648 हेक्टेयर जमीन पर ही मंदिरों का कब्जा है। वहीं, 442 हेक्टेयर जमीन पुजारियों ने कब्जा कर रखी है, जबकि 1945 हेक्टेयर जमीन पर अन्य कब्जे हैं। जिसमें से 1069 हेक्टेयर लोगों ने अपनी खातेदारी में दर्ज करवा ली। बता दें कि प्रदेश के कई जिलों में 1 हेक्टेयर में बीघा की गणना का पैमाना अलग है। इस मामले में देवस्थान विभाग के आयुक्त ओपी जैन से बात की तो उन्होंने यह कहकर अचरज में डाल दिया है कि मंदिर माफी की कितनी भूमियों पर अवैध कब्जे है।

# प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर फेल

## मेघवाल ने कहा- महिलाएं और किसान सहित कोई भी सुरक्षित नहीं

झालावाड़, 1 दिसंबर (एजेंसियां)। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने बुधवार को प्रदेश सरकार को हर मोर्चे पर फेल बताया।

प्रदेश सरकार सही तरीके से काम नहीं कर रही है। इस सरकार के 4 साल कार्यकाल में 7 हजार से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्याएं हो चुकी हैं, जबकि 8 लाख 41 हजार से ज्यादा मुकदमे दर्ज हो चुके हैं। उदयपुर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, झालावाड़ में कई अपराधिक घटनाएं हुई है। भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक चंद्रकांता मेघवाल ने झालावाड़ सांसद कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर बुधवार दोपहर गंभीर आरोप लगाए।

एक दिसंबर को प्रस्तावित भाजपा की जन आक्रोश यात्रा को लेकर झालावाड़ पहुंची प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रकांता मेघवाल ने कहा कि प्रदेश की सरकार हर मोर्चे पर विफल रही है। इस सरकार में महिलाएं किसान सहित कोई भी व्यक्ति सुरक्षित नहीं है। राजधानी जयपुर में ही महिला टीचर को जिंदा जलाकर मार डालने की घटना हो चुकी है, जबकि दोसा में आदिवासी महिला को किडनैप कर गैंगरेप कर जलाकर कुएं में फेंक दिया। उन्होंने किसानों का जिक्र करते हुए कहा कि 10 दिन में कर्ज माफ करने का वायदा कर सकता सत्ता में आई कांग्रेस अब पूरी तरह कर्ज माफी के इस वादे को भुला चुकी है।

# हम केसीआर परिवार के अवैध निवेश का पर्दाफाश करेंगे: बंडी संजय



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने गुरुवार को वादा किया कि अगर अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्ता में आती है तो वह टीआरएस अध्यक्ष और मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव के परिवार के सदस्यों द्वारा किए गए अवैध निवेश का पर्दाफाश करेंगे। अपनी प्रजा संग्राम यात्रा के चौथे दिन के हिस्से के रूप में निर्मल जिले के वोला गांव में एक सभा को संबोधित करते हुए, संजय ने आरोप लगाया कि केसीआर परिवार ने शराब, ड्रग्स और जुए की गतिविधियों में करोड़ों रुपये की अवैध कमाई का निवेश किया है।

सिर्फ दिल्ली शराब घोटाला ही नहीं, बेंगलुरु ड्रग्स मामले में भी केसीआर परिवार की भूमिका है, लेकिन वह मामले को बंद करने में कामयाब रहे। हम मांग करते हैं कि मामले को फिर से खोला जाए और सभी आरोपियों और जो लोग इससे अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए हैं उन्हें दंडित किया जाए। उन्होंने उपहास किया कि केसीआर परिवार अब भी घोटालों में शामिल होकर तेलंगाना की भावनाओं को भड़का कर बच निकलने की कोशिश कर रहा है। संजय ने कहा कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद ही आम लोगों को न्याय मिल सका। उन्होंने कहा कि यह मोदी सरकार है जिसने ग्रामीण महिलाओं के लिए शौचालय बनवाए, उज्ज्वल योजना के तहत महिलाओं को गैस कनेक्शन दिए, गरीबों को मुफ्त में चावल की आपूर्ति की और पीएम आवास योजना के तहत तेलंगाना में 2,40,000 घरों को मंजूरी दी।

# नलगोंडा जिले को ग्रामीण विकास के लिए सबसे ज्यादा फंड मिला : येर्राबेल्ली

नलगोंडा, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पंचायतीराज और ग्रामीण विकास मंत्री एर्राबेल्ली दयाकर राव ने गुरुवार को कहा कि पंचायत राज और ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत नलगोंडा जिले को अब तक 1,200 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। यह किसी भी जिले में सर्वाधिक था। मुनुगोडे में नगरपालिका प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामा रावकी अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक में दयाकर राव ने कहा कि नलगोंडा जिला ग्रामीण विकास योजनाओं के तहत कार्यों के लिए धन प्राप्त करने में राज्य में पहले स्थान पर है। उन्होंने याद दिलाया कि जिले में अकेले मिशन भागीरथ के लिए 6 हजार करोड़ रुपये खर्च किए गए। इससे फ्लोराइड की दशकों पुरानी समस्या हल हो गई है और इसे केंद्र सरकार ने संसद में स्वीकार किया है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की पहल से ग्राम पंचायतों के राजस्व में वृद्धि हुई है, जबकि केंद्र जानबूझकर राज्य में एनआरईजीपी के तहत कार्यों के लिए बाधा उत्पन्न कर रहा है। केंद्र ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि नरेगा के फंड से रायथु वेदिका और रायथू कल्लालू योजनाओं के कार्यों को हाथ में न लिया जाए। केंद्र ने एनआरईजीपी फंड के 703 करोड़ रुपये को यह कहकर रोक दिया था कि रैतू कल्लालू के लिए 150 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। उन्होंने कहा कि समीक्षा बैठक की रिपोर्ट मुख्यमंत्री को भी सौंपी जाएगी। ऊर्जा मंत्री जी. जगदीश रेड्डी ने कहा कि गांवों का विकास राज्य के शहरों की तरह हो रहा है। राज्य सरकार द्वारा किए गए उपायों के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में रहने की स्थिति में सुधार के कारण राज्य में गांवों की ओर पलायन शुरू हो गया है। इस अवसर पर सड़क और भवन मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी, आदिवासी कल्याण मंत्री सत्यवती राठौड़, राज्यसभा सदस्य बदुगुला आदि उपस्थित रहे।

# डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में सांस्कृतिक संध्या आयोजित



हैदराबाद, 1 दिसंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अखिल भारतीय सेवाओं, केंद्रीय सिविल सेवा और सैन्य इंजीनियर सेवा के अधिकारियों ने डॉ. एमसीआर एचआरडी संस्थान में एक समृद्ध सांस्कृतिक शाम "झंकार-2022" प्रस्तुत की। ऊर्जावान नृत्य, मधुर गायन और भावपूर्ण संगीत, रंग-बिरंगे परिधानों और आभूषणों के चकाचौंध प्रदर्शन ने सभी के दिलों पर कब्जा कर लिया। अधिकारी प्रशिक्षुओं ने रत्ती भर भी संदेह से परे साबित कर दिया कि वे न केवल शिक्षा में उत्कृष्ट हैं, बल्कि कई क्षेत्रों में बड़ी प्रतिभा भी रखते हैं। बेनहुर महेश दत्त एक्का, आईएएस, संस्थान के महानिदेशक और सरकार के प्रमुख सचिव ने कहा कि अधिकारी प्रशिक्षुओं के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास को सुनिश्चित करने के लिए संस्थान शिक्षा, सह-पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों को समान महत्व देता है। उन्होंने कहा कि शौक बहुत तनाव दूर करने वाले होते हैं और उन्हें सलाह दी कि वे अपने काम के व्यस्त कार्यक्रम के बावजूद उनका पीछा करते रहें।

कार्यक्रम की शुरुआत द्युति किशन, आईआरपीएस, अमिता, आईएफएस और निखल सोनी, आईडीएसए द्वारा प्रस्तुत शास्त्रीय नृत्यों से हुई। अपने तेज लयबद्ध और सुंदर पैरों और शरीर की गतिविधियों के माध्यम से, उन्होंने नृत्य और नाट्य का सही समामेलन प्रस्तुत किया और दर्शकों से बड़ी प्रशंसा प्राप्त की। निकिता अग्रवाल, आईआरपीएस, स्वेता छोरिया, आईआरपीएस और वर्षा कुशवाहा, आईडीएसई ने "पधारो मारो देश" और "नगाड़ा संग ढोल बाजे" जैसे सर्वकालिक हिट गीतों पर राजस्थान और गुजरात के विद्युतीय नृत्य प्रदर्शन प्रस्तुत किए।ओटी ने इंडियाज गॉट टैलेंट की तर्ज पर एक कॉमेडी-ड्रामा "एफसीज गॉट टैलेंट" प्रस्तुत किया, और दर्शकों को हंसी के कई मंत्र मिले। इसे स्वप्निल विधाते, आईडीएसए द्वारा निर्देशित किया गया था और कमल पासी, आईडीएसई द्वारा होस्ट किया गया था। अनिकेत वानवे, आईएफएस और प्रभात सिंह, आईआरपीएस द्वारा जीवंत एंकरिंग शीर्ष पर एक चेरी थी। मिस निकिता, सचिव, फिल्म एंड फाइन आर्ट्स क्लब ने धन्यवाद प्रस्तुत किया।




वर्ल्ड एड्स डे पर एवी कॉलेज एनएसएस यूनिट व डिपार्टमेंट ऑफ जूलोजी द्वारा निकाली गई रैली में भाग लेते हुउ प्रीन्सिपल डॉ. सीएच राजलिंगम, एनएसएस अधिकारी व एनएसएस कार्यकर्ता।

